सुप्रभात
रांची, रविवार
10.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 16

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 236



16 कार्तिक आर्यन ने शुरू की 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग



शिशु देखभाल अवकाश योजना लागू होने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को धन्यवाद ज्ञापित करते अधिकारीगण

## झारखण्ड सरकार का प्रयास
# मिले बच्चों को मां का दुलार ...

वर्षों से ममता मांग रही थी अवकाश ....
झारखंड सरकार ने ममत्व को समझा और दिया उपहार .. अब झारखण्ड सरकार में कार्यरत नौकरीपेशा महिलाएं ले सकेंगी
**730 दिनों का मातृत्व अवकाश..**

### शिशु देखभाल अवकाश योजना

महिलाकर्मियों को अपने नाबालिग बच्चों की देखभाल के लिए पूरे कार्यकाल में दो वर्षों की छूट दी जाएगी। इस योजना का लाभ तलाकशुदा और एकल पुरुषों को भी मिलेगा। महिलाकर्मियों को नाबालिग बच्चों की देखरेख के लिए मिलेगी 730 दिनों की छुट्टी।

### सरकार के महिला सशक्तिकरण के लिए चलायी जा रही योजनायें

- सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत राज्य की सभी महिलाओं को 50 वर्ष की उम्र के बाद पेंशन का लाभ।
- सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत 8 लाख से अधिक बेटियों को आर्थिक सहायता
- राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पुनर्विवाह हेतु विधवा महिलाओं को ₹2 लाख की प्रोत्साहन राशि
- 30 हज़ार से अधिक माताओं - बहनों को फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान के तहत जोड़ा गया।
- सखी मंडल से जुड़ी लाखों माताओं-बहनों को विगत 4 वर्षों में ₹9 हजार करोड़ से अधिक राशि बैंक क्रेडिट
- पलाश ब्रांड बना लाखों महिलाओं के आजीविका संवर्धन में सहायक



**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 322032 (IPRD) 23-24 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## झारखंड हाईकोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत

# ₹5 करोड़ से अधिक की राशि से पक्षकार हुए लाभान्वित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के तत्वावधान में झारखंड उच्च न्यायालय में विधिक सेवा समिति द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें उच्च न्यायालय में लंबित रिट, पेंशन, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, भूमि विवाद तथा सुलहनीय आपराधिक मामलों इत्यादि को रखा गया।

झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष रंगन मुखोपाध्याय एवं न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की अध्यक्षता में कुल दो बेंचों का गठन किया गया। पेंशन और वाहन दुर्घटना मामले से संबंधित इंश्योरेंस कंपनियों के पदाधिकारी, पक्षकारों और उभय पक्षों के अधिवक्ताओं के सकारात्मक प्रयासों के फलस्वरूप पांच करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ विभिन्न लाभुकों को प्राप्त हुआ। लोक अदालत में कुल 47 मामलों का निष्पादन किया गया। अनुकंपा के आधार पर सीसीएल के कुल 12 लाभुकों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान की गई।

## सभी जिलों के पदाधिकारियों का व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम का प्रशिक्षण सम्पन्न

# निर्वाचन कार्य में उपयोग होने वाले वाहनों का प्रबंधन एवं भुगतान वीएमएस सॉफ्टवेयर से ही करें : सीईओ

आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होते ही कड़ाई से होगा एमवीआई एक्ट के प्रावधानों के अनुपालन का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदान दिवस के दिन नागरिकों को किसी प्रकार के आवागमन की असुविधा नहीं होनी चाहिए। विशेषकर जो भी प्रवासी मतदाता वोट डालने के लिए अपने घर या मतदान केंद्र तक जाएं तो उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नही होनी चहिए। वे शनिवार को अपने कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिलों के निर्वाचन में वाहनों के प्रबंधन से संबंधित पदाधिकारियों के लिए आयोजित वेहिक्ल मैनेजमेंट सिस्टम के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का प्रयास है कि मतदान का प्रतिशत झारखण्ड में अधिक्तम हो। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के द्वारा विकसित किये गए व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि इससे निर्वाचन के लिए वाहनों का प्रबंधन सुगम होगा एवं वाहनों के अधिग्रहण एवं उपयोग में पारदर्शिता के साथ-साथ वाहन मालिकों, पेट्रोल पम्प मालिकों एवं वाहनों के संचालन से संबंधित चालकों एवं क्लीनरों का भुगतान मतदान समाप्ति के दूसरे दिन संभव हो सकेगा।

### आचार संहिता और प्रावधानों के उलंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई



यातायात से संबंधित सभी प्रवर्तन पदाधिकारी एवं प्रशासनिक/पुलिस पदाधिकारी आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के साथ ही मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों, वाहनों पर लगाये गए नेमप्लेटों अथवा बगैर सक्षम प्राधिकार की अनुमति के लगाए गए झंडे-बैनर, प्रचार सामग्री, अनाधिकृत रंग-बिरंगे स्टिकर एवं कलर्ड विंडस्क्रीन पाए जाने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। जहां भी संबंधित प्रावधानों के उलंघन का मामला प्रकाश में आये वहां किसी भी दोषी व्यक्ति को नहीं बख्शें। मोटर वाहनों के प्रवर्तन के मामले में जान-बूझकर शिथिलता बरतने वाले पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी।

### निर्वाचन से जुड़े कर्मियों के हित के लिए भी करना है काम

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ एवं निष्पक्ष एवं सुगम मतदान के लिए मतदाताओं की सुविधा के साथ साथ निर्वाचन से जुड़े कर्मियों के हित के लिए भी हमें कार्य करना है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी बैकलॉक डेटा हैं उनका यथाशीघ्र पोर्टल में संधारण कर लें, ताकि लोक सभा चुनाव में भुगतान से संबंधित किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आये। ।ताया कि इस पोर्टल में वेंडरों को अग्रिम राशि उपलब्ध कराने, पेट्रोल/डीजल के कूपन एवं पोस्ट पेमेंट की भी व्यवस्था की गई है जिससे वाहन एवं उनके ईंधन पर हुए खर्च का आकलन और भुगतान मतदान समाप्ति के पहले या दूसरे दिन ही किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के स्तर से सभी जिलों में चुनाव से संबंधित यातायात प्रबंधन के लिए व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम पर सतत निगरानी रखी जायेगी। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि यातायात प्रबंधन में आज के प्रशिक्षण में दिए गए दिशा-निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनआईसी के पदाधिकारियों एवं सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से पोर्टल के बारे में लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यशाला को सचिव परिवहन विभाग कृपानंद झा, पुलिस महानिरीक्षक इंद्रजीत महथा ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक एवं जिलों के संबंधित पुलिस उपाधीक्षक उपस्थित थे।

# राज्यसभा प्रत्याशी को जल्द बदले भाजपा : राजेन्द्र प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने राज्यसभा प्रत्याशी प्रदीप वर्मा को बनाए जाने पर कड़ी आपत्ति जतायी है। मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में मूलवासी सदान सिर्फ वोटर बनकर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को सिर्फ मूलवासी सदानों का वोट चाहिए, लेकिन जब मूलवासी सदानों को राजनीतिक अधिकार देने की बात आती है तो उसे दरकिनार कर बाहरी व्यक्तियों को राज्यसभा और लोकसभा में भेजा जाता है। श्री प्रसाद ने कहा कि वर्तमान परिवेश में मूलवासी सदानों का वोट भाजपा को मिलता है। प्रसाद ने कहा कि यह भाजपा के लिए आने वाले समय में बहुत बड़ा घात होगा। उन्होंने मूलवासी सदान विधायक, सांसदों के उपर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मूलवासी सदानों के अधिकारों को लुटते देखकर भी वे चुपचाप रहते हैं, जबकि उन लोगों की ओर से कड़ा इसका विरोध होना चाहिए। प्रसाद ने राजनीतिक दलों से पूछा कि हम मूलवासी सदान कहां जाएं? बहुत सारे जिलों में मूलवासी सदान मुखिया ,प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष, सांसद विधायक नहीं बन सकते हैं और इसके बाद राज्यसभा में भी बाहरी लोगों को भेजा जाएगा। उन्होंने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से तुरंत प्रदीप वर्मा को बदल कर कोई मूलवासी सदान को प्रत्याशी बनाने की मांग है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में मामला सुलझा, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई पेश

# आपसी समझौते हुआ, पांच किस्तों में प्रार्थी को ₹2.75 करोड़ चुकायेंगी अभिनेत्री अमीषा पटेल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देश के माने जाने मुकदमे में शुमार फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल के चेक बाउंस का मामला शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलझा लिया गया। अमीषा पटेल बकाया राशि देने के लिए तैयार हो गयीं और आपसी समझौते के आधार पर दो करोड़ पचहत्तर लाख रुपए प्रार्थी अजय सिंह को देने की पेशकश की। इसे अजय सिंह ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद दो करोड़ पचहतर लाख रुपए की राशि के भुगतान के लिए अमीषा पटेल की ओर से अजय सिंह को अलग अलग तारीखों के पांच चेक दिये गये। ज्ञात हो कि रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास दिग्विजय नाथ शुक्ला की अदालत इस मामले में सुनवाई कर रहा था। अजय सिंह की ओर से अधिवक्ता स्मिता पाठक ने पैरवी की।

इधर राष्ट्रीय लोक अदालत में अमीषा पटेल चेक बाउंस मामले का निष्पादन के बाद उनके वकील जयप्रकाश कुमार ने बताया कि यह केस पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण था, क्योंकि पूरा मामला देश के नामी गिरामी अभिनेत्री से जुड़ा हुआ था। रांची सिविल कोर्ट में शनिवार को लगाए गए राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वर्षों से लंबित पड़े इस केस का निष्पादन कर दिया गया।

वकील जयप्रकाश कुमार ने बताया कि अमीषा पटेल कर्ज के रूप में लिये गए तीन करोड़ रुपए के बदले दो करोड़ पच्चतर लाख वापस करने पर तैयार हो गई हैं। इनमें 11 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया। इसके अलावा बाकी बचे 2 करोड़ 64 लाख का भुगतान पांच किस्तों में कर दिया जाएगा।

**2017 से चल रहा है चेक बाउंस का केस :** बता दें कि अमीषा पटेल पर चेक बाउंस का केस चल रहा है। यह मामला वर्ष 2017 का है। आरोपों के मुताबिक, फिल्म देसी मैजिक बनाने के नाम पर अजय सिंह ने ढाई करोड़ रुपये अमीषा पटेल के खाते में ट्रांसफर कर दिये। अजय कुमार सिंह लवली वर्ल्ड इंटरटेनमेंट के प्रोपराइटर हैं। फिल्म नहीं बनाने और पैसे वापस नहीं होने के बाद अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था।

# गृह सचिव का पदभार लेकर अरवा राजकमल ने गिनायीं प्राथमिकता

पुलिस विभाग की आधारभूत संरचना को मजबूत बनाना होगी प्राथमिकता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरीय अधिकारी अरवा राजकमल ने शुक्रवार को गृह एवं कारा विभाग के सचिव का पद संभाला। पदभार ग्रहण करने के बाद राजकमल ने कहा कि वह पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर विभाग के कार्यों को क्रियान्वित कराया जायेगा। राजकमल ने कहा कि विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए पुलिस विभाग की आधारभूत संरचना को मजबूत बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही नक्सली गतिविधियों पर नियंत्रण और विधि व्यवस्था में सुधार लाने के संकल्प के साथ कार्य किया जायेगा। इस पद की जवाबदेही पुलिस, होमगार्ड, कारा, अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा के साथ ही साथ नक्सल हिंसा नियंत्रण की है। इसके अलावा सैनिक कल्याण निदेशालय और केंद्रीय बजट का उपबंध एवं आवंटन का भी कार्य गृह सचिव के जिम्मे है। राजकमल ने कहा सैनिक कल्याण और झारखंड आंदोलनकारियों के कल्याणार्थ योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

### जमशेदपुर में 936 करोड़ से होगा फोरलेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण



**रांची।** राज्य के जमशेदपुर शहर में 936.26 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग-33 (नया-18) के कालीमंदिर-डिमना चौक-बालीगुमा खंड पर 10 किमी लंबे 4-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी गई है। यह जानकारी केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दी है। मंत्री ने कहा कि नई सड़क पर स्थानीय यातायात को अलग करने के लिए चार-लेन सिंगल-एलिवेटेड सड़क के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है, ताकि शहर में ट्रैफिक जाम कम होगा और सड़कें भी सुरक्षित रहेंगी।

# चुनाव आयोग जल्द करे झारखंड का दौरा, अब तक आयोग की केंद्रीय टीम का राज्य में नहीं आना उत्पन्न कर रहा संदेह

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** आगामी लोकसभा को देखते हुए जेएमएम ने पूरी तरीके से कमर कस ली है। वहीं जेएमएम चाहता है कि लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान से पहले केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम झारखंड दौरा करे और राजनीतिक पार्टियों की राय जाने। जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्य चुनाव आयोग से आग्रह है कि सोमवार से शुक्रवार तक चुनाव आयोग रांची आये और हमारी भवनाओं से अवगत हो।

लोकतंत्र को आगे बढ़ाने का काम 1952 चुनाव आयोग ने किया था और यह परंपरा अब भी जारी है। चुनाव आयोग प्रत्येक नागरिक को सुनिश्चित करता है कि वह भयमुक्त होकर अपने संवैधानिक हक का प्रयोग करे। पिछले चुनाव में 10 मार्च को वह तिथि थी जब 14वीं लोकसभा सीट गठन के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। उस समय राज्य में बीजेपी की सरकार थी।

**पूर्व में चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ली गयी थी राय :** उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से राज्य के जो राष्ट्रीय दल हैं भारतीय जनता पार्टी भारतीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, माकपा, भाकपा,और जो क्षेत्रीय पार्टियां हैं उन्हें भी बुलाया गया था और चुनाव के संबंध में उनसे राय ली गई थी लेकीन आज वह परंपरा बदल गई है। जो चुनावी सभाएं होंगी, यात्रा होगी उसमें पारदर्शी तरीके से समय का अलॉटमेंट होगा लेकिन अब तक इसको लेकर कोई औपचारिक सूचना नहीं मिली है, क्या यहां केवल एक ही पॉलीटिकल पार्टी का इंटरेस्ट है। 2019 का चुनाव लोकसभा और विधानसभा का चुनाव में हमारे स्टार प्रचारक को रोक दिया जाता था। प्रशासन की ओर से भाजपा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई सभा को संबोधित करने के लिए कई जगह जाते थे, और उनके रेडियस तक नो फ्लाइंग जोन हो जाते थे। क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आदिवासी नागरिक नहीं हैं। क्या झारखंड में भी चुनाव होना उनके लिए जरूरी नहीं है। मैं आशा करूंगा कि चुनाव आयोग सोमवार से शुक्रवार तक अपनी सुविधा अनुसार झारखंड आये या हमें बुलाये ताकि हमारी परेशानियों से वो अवगत हो सके।

### मोनी कुमारी ने एडीएम राशनिंग का पद संभाला



**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी मोनी कुमारी ने शनिवार को रांची जिले में विशिष्ठ अनुभाजन पदाधिकारी एडीएम राशनिंग के पर पर योगदान कर दिया। तत्कालीन एडीएम राशनिंग जेम्स सुरीन ने मोनी कुमारी को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर डीएसओ प्रदीप भगत के अलावा विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। मौके पर मोनी कुमारी ने कहा कि सरकार के स्तर पर उन्हें जो जिम्मेवारी दी गयी है, उसका बेहतर तरीके से निर्वहन करेंगी। जरूरतमंदों को हर हाल में उनके कोटे का अनाज उपलब्ध कराया जायेगा।

## खबर एक नजर में

### दीपिका बेसरा बनी जामताड़ा जिला कांग्रेस की अध्यक्ष



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अनुमोदन के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने तत्काल प्रभाव से श्रीमती दीपिका बेसरा, ग्राम-उदयपुर, पंचायत पबिया, प्रखंड नारायणपुर को तदर्थ रूप से जामताड़ा जिला कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### सिविल सर्विस परीक्षा 12 मार्च को



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग जेपीएससी सिविल सर्विस की परीक्षा पूर्व निर्धारित तिथि यानी 17 मार्च को ही होगी। परीक्षा दो पालियों में होगी। जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अभ्यर्थी 12 मार्च को एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। वहीं विभिन्न जिलों में परीक्षा केंद्र की जानकारी के लिए जेपीएससी के आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 10 मार्च और 11 मार्च को जानकारी ली जा सकती है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक होगी। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 से 4 बजे तक होगी।

# झारखंड राज्यसभा चुनाव में क्या हिमाचल प्रदेश वाला खेल होगा, हरिहर महापात्रा की एंट्री कुछ ऐसा ही दे रहा है संकेत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए होने जा रहा चुनाव दिलचस्प हो सकता है। ऐसी संभावना है कि इस राज्यसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश जैसा खेला हो सकता है। बिजनेसमैन हरिहर महापात्रा की इंट्री से राज्यसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश जैसी पुनरावृति नहीं हो जाय। सोमवार को इसका पर्दाफास हो सकता है, जब महापात्रा नामांकन दाखिल करेंगे। क्योंकि उसी वक्त स्पष्ट हो जाएगा कि उनके प्रस्तावक कौन-कौन बने हैं। दरअसल, नामांकन पत्र में प्रस्तावक के तौर पर कुल संख्या के 10 प्रतिशत या सदन के कम से कम 10 सदस्यों का समर्थन जरुरी होता है। जाहिर है कि उन्हें दस प्रस्तावकों की जरुरत होगी। यह आंकड़ा कांग्रेस के समर्थन के बगैर पूरा नहीं हो सकता है।



### क्या झारखंड में भी दिखेगा हिमाचल एपिसोड

ज्ञात हो कि कांग्रेस के पास कुल 17 विधायक हैं। लेकिन झारखंड से राज्यसभा तक पहुंचने के लिए विधायकों की पहली प्राथमिकता के 27 वोट की जरुरत होती है। जाहिर है कि अगर क्रॉस वोटिंग हुई तो खेल बिगड़ सकता है। इसका नमूना हिमाचल प्रदेश में दिख चुका है। 43 विधायकों वाली पार्टी होने के बावजूद 25 विधायकों के समर्थन के साथ चुनाव मैदान में उतरे भाजपा के हर्ष महाजन ने कांग्रेस के मनु सिंघवी को मात दे दी थी। हर्ष महाजन के पक्ष में कांग्रेस के छह और 3 निर्दलीय विधायकों ने वोटिंग कर दी थी। दोनों प्रत्याशियों को 34-34 वोट मिलने पर टाई हो गया और ड्रॉ निकालने पर भाजपा के हर्ष महाजन जीत गये। बिजनेसमैन हरिहर महापात्रा की इंट्री से इसलिए भी चर्चाओं का बाजार गर्म है, क्योंकि 2016 में उनकी पत्नी प्रीति महापात्रा कांग्रेस नेता रहे कपिल सिब्बल के खिलाफ राज्यसभा चुनाव लड़ चुकी हैं।

### क्रॉस वोटिंग बिगाड़ सकती है खेल

कयासों के बावजूद सारा समीकरण झामुमो के पूर्व विधायक और राज्यसभा प्रत्याशी सरफराज अहमद के पक्ष में दिख रहा है। उनके पास झामुमो के 29 विधायकों का समर्थन है। उनके लिए मुसीबत तभी खड़ी होगी जब झामुमो की ओर से क्रॉस वोटिंग होगी। क्योंकि अगर महापात्रा को कांग्रेस के 17 विधायकों, राजद का एक, भाकपा माले का एक, एनसीपी का एक और दो निर्दलीय (सरयू राय और अमित यादव) विधायकों का समर्थन मिल भी जाता है, तब भी कि वह ज्यादा से ज्यादा पहली प्राथमिकता के 22 वोट बटोर पाएंगे। इसमें अगर आजसू के एक वोट को भाजपा के लिए और दो वोट को महापात्रा के साथ जोड़ देते हैं तो उनके पास 24 वोट हो जाते हैं। फिर भी जीत के लिए पहली प्राथमिकता के 3 वोट की जरुरत होगी। ऐसा संभव नहीं दिखता। क्योंकि महापात्रा कांग्रेस के प्रत्याशी नहीं है। भाकपा माले भी अपने स्टैंड पर कायम रहती है। लिहाजा, सारा खेल झामुमो के क्रॉस वोटिंग पर ही निर्भर होगा। लिहाजा, कयास के तौर पर ही सही लेकिन हिमाचल प्रदेश वाली तस्वीर बनने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि झारखंड में राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग कोई नई बात नहीं है। इस मामले में सोरेन परिवार की बहू सीता सोरेन कानूनी पेंच में फंसी हुई हैं। ऐसी सूरत बनने की वजह भी है। क्योंकि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद गठबंधन को जोड़े रखने वाला कोई नेता नजर नहीं आ रहा है। चंपई सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनने और कांग्रेस के चार विधायकों को दोबारा मंत्री बनाए जाने के खिलाफ शेष कांग्रेस विधायकों ने जिस तरह से दिल्ली दौड़ लगाई, उससे साफ है कि आंतरिक गुटबाजी चरम पर है।

# भाजपा के मिलन समारोह में मनीष और रोहित समेत सैकड़ों ने थामा कमल फूल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर की ओर से शनिवार को रातु रोड स्थित महानगर कार्यालय में जिलाध्यक्ष वरूण साहू की अध्यक्षता में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह के आयोजन की मुख्य कड़ी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा कुमुद झा थीं।

मिलन समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सिंह एवं रोहित साहू के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी कार्यकर्ताओं को स्थानीय विधायक सीपी सिंह, वरूण साहू , केके गुप्ता, कुमुद झा एवं बलराम सिंह ने फूल माला एवं पप्ता पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक सीपी सिंह ने कहा कि भाजपा का ग्राफ जनता के बीच लगातार बढ़ रहा है। मोदी जी की नीतियों से प्रभावित होकर लोग नित्यदीन पार्टी से जुड़ रहें हैं। वहीं, महानगर अध्यक्ष वरूण साहू ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के पार्टी में योगदान से जिले में पार्टी और मजबूत होगी। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं के परिश्रम से इस बार देश में 400 से ज्यादा सीटें जीतेगी। मिलन समारोह में बलराम सिंह, राजेश साह,पुरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुप्रभात
रांची, रविवार
10.03.2024
नगर संस्करण । पेज : 16

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 236



16 कार्तिक आर्यन ने शुरू की 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग



झारखण्ड राज्य राजमार्ग प्राधिकार द्वारा जामताड़ा जिला में
**वीरग्राम-बरबेंदिया पुल (4-Lane PSC Bridge)**

# निर्माण कार्य का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: अपराह्न 12:30 बजे
स्थान: वीरग्राम फुटबॉल मैदान, जामताड़ा

मुख्य अतिथि
**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

गरिमामय उपस्थिति
**श्री शिबू सोरेन**
माननीय सांसद (राज्य सभा)

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

₹263.88 करोड़ परियोजना की लागत

| सेतु की लंबाई | पहुंच पथ की लंबाई |
| --- | --- |
| 1584 मीटर | 1400 मीटर |

कुल लंबाई
**2984 मीटर**

गिरिडीह जिलान्तर्गत
# पीरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास

दिनांक: 10 मार्च 2024 | समय: 2.00 बजे अपराह्न
स्थान: मधुबन संक्रांति मेला मैदान, पीरटांड, गिरिडीह

मुख्य अतिथि
**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड


विशिष्ट अतिथि
**श्री बसंत सोरेन**
माननीय मंत्री, पथ निर्माण, भवन निर्माण एवं जल संसाधन विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती बेबी देवी**
माननीय मंत्री, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी**
माननीय सांसद, गिरिडीह

**श्री सुदिव्य कुमार**
माननीय विधायक, गिरिडीह



योजना की विवरणी

| ₹639.20 | 8,531 |
| --- | --- |
| करोड़ से होगा निर्माण | हेक्टर भूमि होगी सिंचित |

गिरिडीह जिला के पीरटांड प्रखण्ड के 17 पंचायत की 1,09,515 आबादी को लाभ होगा

योजना का कार्य 3 (तीन) वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य

कुम्हरलालो, भरती चलकरी, चिरकी, मधुबन, बाँध, चिलगा, पालगंज, नावाडीह, विशनपुर, खरपोका, सिमराकोड़ी, हरलाडीह, मंडरो, खुखरा, तुइओ, बंदगाँव एवं कुडको पंचायत के लोगों को होगा लाभ

दामोदर-बराकर बेसिन अंतर्गत कुम्हरलालो पंचायत अंतर्गत दुधनिया ग्राम के समीप बराकर नदी पर एक वीयर/बराज का निर्माण किया जाएगा एवं पम्प मोटर से जल पाईपलाईन के माध्यम से चिन्हित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 322035 (IPRD) 23-24

# ईंट भट्ठा में छत्तीसगढ़ के बंधक बने 21 मजदूरों को रांची पुलिस ने कराया मुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नरकोपी स्थित ईंट भट्ठा से छत्तीसगढ़ के बंधक बने 6 परिवारों के 21 मजदूरों को रांची पुलिस ने शनिवार को मुक्त कराया। नरकोपी थाना की पुलिस, मांडर बीडीओ और श्रम अधीक्षक की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान नरकोपी थाना क्षेत्र के सरवा गांव में स्थित ईंट भट्ठे से सभी मजदूरों को मुक्त कराया गया। श्रम अधीक्षक के द्वारा मजदूरों का कुल बकाया 51 हजार रुपये भट्ठा मालिक से भुगतान कराया गया और थाना से वाहन उपलब्ध करा कर मजदूरों को उनके गंतव्य के लिए रेलवे स्टेशन भेजा गया। इसके साथ ही भट्ठा मालिक के विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

नरकोपी थाना क्षेत्र के सरवा में छत्तीसगढ़ के 6 परिवारों के 21 लोग पिछले कई महीनों से बंधक बने हुए थे। भट्टा मालिक न इन्हें मजदूरी का भुगतान कर रहा है और न ही वापस उनके घर जाने दे रहा था। दिन रात इन मजदूरों की निगरानी की जा थी कि कहीं ये भाग न जाएं। ये लोग 5 महीने पहले यहां ईंट भट्ठा में काम करने आये थे। छत्तीसगढ़ के बस्ती जिले के सिंदरी गांव से दो मजदूर पहले अपने परिवार के साथ नरकोपी पहुंचे। यहां टैब नाम से बनाए जाने वाले ईंट भट्ठा के मालिक तबारक खान से उनकी मुलाकात हुई। तबारक ने मजदूरों को 1000 ईंट बनाने पर 750 रुपए की दर से भुगतान करने की बात कही। इसके बाद तीन महीने पहले सिंदरी गांव के ही 4 और परिवार के लोग भी परिवार के साथ भट्ठे में काम करने पहुंचे।

मजदूरों ने आरोप लगाया है कि तबरेज खान उन्हें पूरी मजदूरी नहीं दे रहा है। मजदूरी मांगने पर कुछ लोगों को बुलाकर उनके साथ मारपीट की गई। महिलाओं को भी नहीं बख्शा। मजदूर पूजा मनाहर के साथ मारपीट की गई। इसके बाद बाकी मजदूरों ने इधर-उधर छिप कर खुद को बचाया। फिलहाल सभी मजदूर अपने घर वापस जाने के लिए गुहार लगा रहे थे।

## व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

# रांची में 1 लाख मामलों का हुआ निष्पादन 40 करोड़ रुपये से ज्यादा की हुई वसूली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के सिविल कोर्ट में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय रांची में शनिवार को डालसा के माध्यम से लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर डालसा के सेक्रेटरी राकेश रंजन ने बताया कि सुबह 10 बजे से ही राष्ट्रीय लोक अदालत की शुरुआत हो गयी थी। हाईकोर्ट के सम्मानित न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद खुद राष्ट्रीय लोक अदालत में लगे बेंचेज का निरीक्षण कर अपनी संतुष्टि जाहिर की थी।



डालसा के अध्यक्ष राकेश रंजन ने बताया कि कुल 45 बेंच बनाए गए थे, जिसमें 25 बेंच न्यायिक प्राधिकारियों द्वारा बनाए गए थे जबकि 20 एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के बेंच लगाए गए थे। जिनके द्वारा धोखाधड़ी, फ्रॉड, दीवानी विवाद और आपसी विवाद के मामले का निष्पादन कराया गया। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की तैयारी पिछले 9 जनवरी से ही की जा रही थी। डालसा की तरफ से कुल 1 लाख 25 हजार मामले को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चयनित किया गया था। जिसमें करीब 1 लाख मामलों का निष्पादन शनिवार को लगाए गए राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित किए गये। जिसमें 40 करोड़ से अधिक की राशि की वसूली की गई। जिसमें प्रीलिटिगेशन एवं लिटिगेशन के मामलों का निष्पादन सम्मिलित है। इस दौरान 31 पीड़ितों के बीच 63,30,000 रुपए की मुआवजा राशि वितरित की गई। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच 74,94,80,000 रुपये वितरित किया गया।

**इनकी रही अहम भूमिका :** राष्ट्रीय लोक अदालत के उदघाटन में बतौर मुख्य अतिथि न्यायायुक्त दिवाकर पांडे, प्रधान न्यायाधीश ने किया। कुटुम्ब न्यायालय, रशिकेश कुमार, उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी-सह-सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, चंदन कुमार सिन्हा, डालसा सचिव, राकेश रंजन, अध्यक्ष, आर.डी.बी.ए, रांची, शम्भू प्रसाद अग्रवाल, सचिव, आर.डी.बी.ए, रांची, संजय विद्रोही, न्यायिक पदाधिकारी, मध्यस्थ, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी एवं अन्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे। मंचासीन सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं दिव्यांग बच्चों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर इसका उद्घाटन किया गया। स्वागत भाषण एवं मंच का संचालन डालसा सचिव राकेश रंजन ने किया। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद लोक अदालत में उपस्थित हुए और बनाये गये बेंचों का निरीक्षण किया। न्यायामूर्ति ने अपने हाथों से पीड़ितों के बीच मुआवजा राशि का वितरण किया। इस अवसर पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडे भी उपस्थित थे।

# राजधानी में यातायात पुलिस का चला डंडा, 1.75 लाख रुपये जुर्माना वसूला



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी में यातायात नियमों के खिलाफ चलनेवाले लोगों को यातायात पुलिस ने सबक का पाठ पढ़ाया। शनिवार को ट्रैफिक एसपी सुमित अग्रवाल के नेतृत्व में सुगम व्यवस्था एवं यातायात के नियमों का पालन कराया गया। सुबह नौ बजे से लेकर 11 बजे तक और दोपहर तीन बजे से लेकर पांच बजे तक चले अभियान में चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म लगाकर घूमने वालों एवं ऑटो, ई-रिक्शा, ठेला, खोमचा के द्वारा अवैध रूप से पार्किंग किये जाने के विरूद्व विशेष अभियान चलाया गया।

पुलिस ने इनलोगों से यातायात नियम तोड़ने के मामले में एक लाख 98 हजार रूपये का चालान काटा गया।

# चुटिया के सिरमटोली में घटी हृदयविदारक घटना, फ्लैट में झुलसकर बुजुर्ग की मौत

## रांची के अपार्टमेंट में लगी भीषण आग



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के चुटिया थाना क्षेत्र स्थित पर्ल अपार्टमेंट में शनिवार सुबह भीषण आग लगने से एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। हादसे में घर में मौजूद बुजुर्ग की बहन बुरी तरह झुलस गयी। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह-सुबह कुछ लोगों ने सिरोमटोली स्थित पर्ल अपार्टमेंट के एक फ्लैट से धुआं निकलते देखा। लोगों ने इसकी जानकारी चुटिया थाना पुलिस को दी। आग की सूचना पर पहुंची दमकल विभाग और पुलिस की टीम ने फ्लैट में लगी आग पर काबू पाया लेकिन उससे पहले ही फ्लैट में रहने वाले 75 वर्षीय बुजुर्ग जुलतन सुरीन की जलने से मौत हो चुकी थी जबकि उनकी बहन 80 वर्षीय जोलेन होरो आग से गंभीर रूप से झुलस गयी, जिन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

चुटिया थाना प्रभारी उमाशंकर ने बताया कि खूंटी के रनिया निवासी 75 वर्षीय जुलतन सुरीन और 80 वर्षीय जोलेन होरो बुजुर्ग भाई-बहन एक साथ रहते थे। बहन बेड पर ही रहती थी, लेकिन छोटा भाई थोड़ा बहुत चल फिर पाता था। आग पर काबू पाने के बाद जब पुलिस फ्लैट के अंदर घुसी तो अंदर जुलतन सोरेन का शव पड़ा था, जो बुरी तरह जला हुआ था, वहीं उनकी बहन झुलसी हुईं थी।



अग्निशमन दल के राजेश कुमार और अविनाश कुमार ने आग की लपटों में घिरी महिला को बाहर निकाला और उसे अस्पताल के लिए भेजा गया।

## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले शेरखाने, दी पुस्तक



**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (26वीं) के कमांडेंट एसडी शेरखाने ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को स्वयंसिद्धा पुस्तक भेंट की।

### इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार बने सदर थानेदार

**रांची।** रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने आदिवासी महिला के साथ गाली गलौज करने वाले तत्कालीन सदर थानेदार को निलंबित कर दिया था। इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को सदर थानेदार बनाया गया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। वहीं, पुलिस मुख्यालय वन के डीएसपी अमर कुमार पांडेय को मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

### अपराधियों ने दो युवकों को मारा चाकू



**रांची।** राजधानी रांची के पिठौरिया इलाके में अपराधियों में दो यूवकों को चाकू मार कर घायल कर दिया। बताया जाता है कि आपसी विवाद में चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया गया है। घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच कर रहीी है।

### एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग का राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस आज

**रांची।** एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के संयुक्त तत्वावधान में प्रमुख मुद्दे को लेकर एक राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का आयोजन रविवार को पब्लिक स्कूल धुर्वा में 11 बजे से होगी। इस कांफ्रेंस में सभी दलों के प्रतिनिधि को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि इसे मुद्दे पर विभिन्न दलों का क्या मत है, राज्य की जनता को पता चल सके। यह जानकारी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में राज्य के बुद्धिजीवी सहित दिल्ली से इसके जानकार प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ ओम सुधा शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल करने के लिए अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के आर पी रंजन एवं एससी एसटी ओबीसी परिसंघ के रुचि कुजूर प्रमुखता से लगे हुए हैं। इस कांफ्रेंस में जाति जनगणना, सरना धर्म कोड, ओबीसी के प्रमोशन में आरक्षण, अग्नि वीर योजना, कॉलेजियम सिस्टम समाप्त करने, अनुबंध, आउटसोर्सिंग व लैटरल एंट्री समाप्त करने, देश में शिक्षा एवं स्वास्थ्य निशुल्क और एक समान करने उत्तर प्रदेश में 69000 शिक्षकों की नियुक्ति में आरक्षण घोटालाआदि विषय पर चर्चा हो होगी।

## होटल व बैंक्वेट संचालकों की समस्याओं को लेकर चैंबर ने जतायी चिंता

# हर माह शुल्क वसूलने के बाद भी नियमित रूप से कचरा उठाव नहीं होता, शीघ्र हो निराकरण

**नई पर्यटन नीति के तहत होटल को मिला है उद्योग का दर्जा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शहर के होटल व बैंक्वेट संचालकों की उपस्थिति में शनिवार को झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के होटल एंड बैंक्वेट उप समिति की बैठक चैंबर भवन में हुई। उप समिति चेयरमेन अरविंदर सिंह खुराना और त्रिलोचन सिंह ने संयुक्त रूप से होटल व बैंक्वेट संचालकों की समस्या पर अपनी बात रखी। कहा कि होटल और बैंक्वेट से प्रत्येक माह शुल्क लेने के बाद भी नियमित रूप से कचरा उठाव नहीं किया जाता। साथ ही उन्होंने संबंधित थाना में जाकर डेली रिपोर्ट जमा करने की बाध्यता से होनेवाली परेशानी से भी अवगत कराया। शादियों के दौरान देर रात तक डीजे बजाने पर होटल और बैंक्वेट पर कार्रवाई होने पर भी होटल संचालकों ने चिंता जताई। चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग ने कहा कि हमारे संज्ञान में ऐसी कई शिकायतें आई हैं जहां बुकिंग से पूर्व डिक्लेरेशन लेने और मना करने के बाद भी कई लोग नहीं मानते। देर रात तक डीजे बजाने के कारण होटलों और बैंक्वेट पर कार्रवाई हो जाती है, जबकि संबंधित पार्टी इसके लिए ज्यादा जिम्मेवार है तथा होटल, बैंक्वेट के साथ पार्टी पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासन द्वारा पार्टी को जिम्मेवार बनाने से लोग शादियों में 10 बजे के बाद डीजे बजाने से बचेंगे।

होटल संचालकों की समस्या को वास्तविक समझते हुए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि थाना में जाकर डेली रिपोर्ट जमा करना संभव नहीं है। हमने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि ई-मेल अथवा वॉट्सएप्प से डेली रिपोर्ट लिया जाये। इससे होटल संचालक अनावश्यक कठिनाई से बचेंगे। उन्होंने जल्द ही इस मामले में जिला प्रशासन से वार्ता के लिए आश्वस्त किया।

उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि नई पर्यटन नीति के तहत होटल को उद्योग का दर्जा दिया गया है। नीति के तहत नये प्रोजेक्ट लाने पर सब्सिडी समेत कई आकर्षक प्रावधान हैं। उद्यमी इस नीति का लाभ लें। बैठक में उप समिति के सदस्य सतपाल सिंह, राजु सिंह, चिंरजीव रॉय, हरमित सिंह खुराना, नमन सिंह, संतोष सिंह, पंकज कुमार, हरजीत जग्गी, बिनिता, हृदयानंद उपाध्याय, इंदरजीत सिंह, राजा बग्गा, हरजीत सिंह, प्रवीण कुमार, राजीव चौधरी, संजीव कुमार, मेघा, नीरज कुमार, रिषू तिवारी, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत शहर के कई होटल एवं बैंक्वेट संचालक उपस्थित थे।

# जेसीआइ ने मनाया महिला दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जेसीआई राँची के महिला शाखा ने शनिवार को जेसीआई ऑफिस में महिला दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर नम्रता महनसरिया (ब्रेस्ट कैंसर सर्जन) और ओल्ड एज होम संचालक सुशीला गुप्ता थी। कार्यक्रम में लोगों ने कई गेम्स खेला और स्वादिष्ट व्यंजनों का भी लिफ्ट उठाया। इसी बीच सुविधा से वंचित 20 फुटबॉल खिलाड़ियों को ट्रैकसूट और जूता वितरण किया गया।

कार्यक्रम में कृति मोदी, नंदिनी सराओगी, अध्यक्ष विक्रम चौधरी, महिला शाखा अध्यक्ष रुचि झुनझुनवाला, मयंक अग्रवाल, वंदना खोवाल, कंचन महेश्वरी, श्वेता महेश्वरी, आशा पोद्दार, मेघा चौधरी, संतोषी मुरारका, वीणा अग्रवाल, शीतल शर्मा, अमिता केडिया आदि लोग मौजूद थे। यह जानकारी जेसीआई राँची के प्रवक्ता अमन पोद्दार ने दी।

## सांसद संजय सेठ ने गिनायी अपने पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियां

# 2500 कुपोषित व गर्भवती महिलाओं को मिलेगा पोषण किट

**गरीब बच्चों और आंगनबाड़ी केंद्र को दी जायेगी एक कक्षा-एक किताब नाम की पुस्तक**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्थानीय सांसद संजय सेठ की पहल पर रांची लोकसभा क्षेत्र की ढाई हजार गर्भवती और कुपोषित महिलाओं को पोषण किट मुहैया कराया जायेगा। इस पोषण किट में ड्राईफ्रुट्स, नट्स समेत कई पोषक चीजें शामिल हैं। भाजपा महानगर और ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने गर्भवती और कुपोषित महिलाओं की लिस्ट तैयार की है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर किट का वितरण करेंगे। सांसद संजय सेठ ने शनिवार को पोषण किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने बताया कि गेल इंडिया के सीएसआर मद से पोषण किट दी जा रही है। इस मौके पर एक कक्षा-एक किताब नाम की पुस्तक के वितरण का भी शुरूआत की की गयी। सांसद ने कहा कि ढाई लाख पुस्तकें छपवायी गयी है। क्लास एक से 5 तक बच्चों के लिए यह किताब है। हर आंगनबाड़ी केंद्र को यह किताब दी जायेगी, ताकी बच्चे पढ़ सकें। सांसद ने कहा कि राजनीति के क्षेत्र में रहकर इस तरह के सामाजिक कार्य करके ही लोगों के दिल में जगह बनायी जा सकती है।

**रांची को आदर्श लोकसभा बनाने का प्रयास किया :** सांसद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने 5 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनायी। सांसद ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में रांची को आदर्श लोकसभा बनाने का प्रयास किया। कोरोना काल में भी वे दो साल घर में नहीं बैठे। भाजपा कार्यकताओं के साथ सड़क पर उतरकर नमो आहार, नमो सुरक्षा किट जरुरमंदों के बीच बांटे। बीते 3 साल के अंदर उनकी पहल से रांची लोकसभा क्षेत्र में कई बड़े कार्य हुए। तुपुदाना में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बना। अब हर रोज शराब और राइस फैक्ट्रियों समेत कई जगहों से आने वाला 35 लाख लीटर पानी एसटीपी में शुद्ध होकर स्वर्णरेखा नदी में जायेगा। वहीं बड़गांई में 304 करोड़ से एसटीपी बना है, जिससे हर दिन 53 वार्ड का 370 लाख लीटर गंदा पानी स्वच्छ होकर जुमार नदी में गिरेगा।

राज्य सरकार की उदासीनता के कारण पिछले डेढ़ साल से यह काम ठप पड़ा है।

**रेलवे-एयरपोर्ट को केंद्र से फंड दिलाया :** सांसद ने कहा कि उनकी पहल पर ही झिरी में 300 मिट्रीक टन का वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट बना है। इससे न सिर्फ कचरे का निस्तारण होगा, बल्कि 10 हजार लीटर सीएनजी गैस और 18 टन खाद बनेगा। सांसद ने बताया कि उनकी पहल पर 2023 में रांची रेलवे को सौंदर्यीकरण के लिए 2000 करोड़ मिले। इसमें रांची रेलवे स्टेशन का 488 करोड़, हटिया का 385 करोड़, पिस्का का 97 करोड़ और नामकुम का 18 करोड़ है। वहीं कुछ दिन पहले रांची रेलवे को और 400 करोड़ मिले हैं। उनकी एक डिमांड पर केंद्र सरकार ने रांची-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस दे दिया। वहीं एयरपोर्ट के सौंदर्यीकरण के लिए 118 करोड़ भी मिला है।

# बीआइटी के नाद एक्स विरासत-24 की गायन प्रतियोगिता में युवाओं की दिखी कलात्मकता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा (बीआईटी) के ध्वनि और स्पिक मैके क्लब के संयुक्त प्रयास से आयोजित कार्यक्रम नाद एक्स विरासत-24 के आखिरी दिन अलंकार एक पूर्वी एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में अलका श्रीवास्तव और प्रज्वल पाठक थे। अलंकार के बाद, अगला कार्यक्रम अंताक्षरी था, जो संस्थान के कैट हॉल में शाम 4 बजे से शुरू हुआ। यह एक अनौपचारिक कार्यक्रम था, जहां प्रत्येक टीमों में तीन सदस्य थे। सभी ने अक्षरों को समाप्त करने के बुनियादी नियमों के आधार पर प्रतिस्पर्द्धा की। इसके बाद पूर्व आयोजित कार्यक्रमों के विजेताओं की सूची की घोषणा की गई। धुन के विजेता प्रेम कात्याई रहे, मानव महर्षि ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सात्यकी साहू तीसरे स्थान पर रहे।



यूफोनी में, अबंतिका दत्ता गौर ने पहला स्थान प्राप्त किया, क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर आदित्य भारती और आयुष राज रहे। निशु कुमारी रागेश्री की विजेता रहीं। उसके बाद रागिनी दत्ता दूसरे स्थान और आदि प्रत्यूष झा तीसरे स्थान पर रहे। अलंकार प्रतियोगिता की विजेता निशु कुमारी रहीं, दुसरे स्थान पर रमेंद्र प्रियांशु तथा तीसरे स्थान पर रोहित राज रहे। बैटल ऑफ बैंड्स के विजेता टीम मल्हार रहे, टीम ब्लैक बैंडिट्स दुसरे स्थान पर और टीम आदित्य वर्मा तीसरा स्थान पर रहे। दिन का समापन कार्यक्रम निषाद शाम 5 बजे संस्थान के कैट हॉल में हुआ। इसमें यूफोनी, रागेश्री, धुन और अलंकार के विजेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा हुई। अंत में नाद विरासत-24 के विजेता की घोषणा के साथ कार्यक्रम शाम साढ़े 8 बजे संपन्न हो गया।

# सबको शिक्षा उत्तम शिक्षा




## स्कूल चलो अभियान में 1.92 करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं का नामांकन

- ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1.40 लाख से अधिक प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास
- आजमगढ़, अलीगढ़ एवं सहारनपुर में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना
- लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस का निर्माण
- स्टार्टअप नीति के तहत 15 इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना
- प्रयागराज में राजेंद्र प्रसाद विधि विश्वविद्यालय का निर्माण
- मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का निर्माण गतिमान
- कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का शिलान्यास
- विंध्याचल, देवीपाटन एवं मुरादाबाद मंडल में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना का निर्णय
- 280 नए राजकीय इंटर कॉलेज/हाईस्कूल तथा 65 बालिका छात्रावास का संचालन
- 41 नए इंटर कॉलेज, 215 राजकीय हाईस्कूल तथा 77 बालिका छात्रावासों का निर्माण
- राजकीय आईटीआई की संख्या 260 से बढ़ाकर 305 और सीटों की संख्या 1.25 लाख से बढ़ाकर 1.72 लाख की गयी
- 75 राजकीय पॉलीटेक्निक निर्माणाधीन





## सबको शिक्षा का अधिकार डबल इंजन की सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# एचइसी बचाओ संघर्ष एकजुटता सप्ताह संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** भारतीय ट्रेड यूनियन केन्द्र (सीटू) के राज्य कमेटी के आह्वान पर 4 मार्च से पूरे झारखंड राज्य में चल रहे एचईसी बचाओ संघर्ष एकजुटता सप्ताह का समापन शनिवार को रांची में राज्यस्तरीय रैली के माध्यम से हुआ। एचईसी कामगारों और एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं के साथ राज्यभर से आए सीटू के करीब 1000 सदस्यों ने जिला स्कूल से जुलूस के शक्ल में राजभवन तक जाकर प्रदर्शन किया। एकजुटता सप्ताह के समापन के बाद इसी कड़ी में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा दिए गए समय के अनुसार सीटू का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार,10 मार्च को मुख्यमंत्री से मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा करेगा और राज्य सरकार से हस्तक्षेप की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपेगा। प्रदर्शन के दौरान सभी वक्ताओं द्वारा एचईसी एवं उसके कर्मियों के प्रति केंद्र सरकार के उदासीन रवैये पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कर्मियों के लंबित वेतन एवं अन्य बकाये का तत्काल भुगतान करने, बैंक गारंटी बहाल करने, कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने एवं पूर्णकालिक निदेशक नियुक्त करने, आधुनिकीकरण सुनिश्चित करने तथा पर्याप्त कार्य आदर्श उपलब्ध कराने जैसे मांगों को दोहराया गया। मालूम हो कि एचईसी बचाओ संघर्ष एकजुटता सप्ताह के दौरान सभी जिलों में प्रधान मंत्री को संबोधित ज्ञापन उपायुक्तों के माध्यम से भेजा जा चुका है और साथ ही झारखंड के संसद सदस्यों को अपील पत्र सौंपकर एचईसी को बचाने के लिए उनके हस्तक्षेप का अनुरोध किया गया है। कार्यक्रम में सीटू राज्य कमेटी के अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष भवन सिंह, महासचिव विश्वजीत देब के अलावा प्रकाश बिप्लब, प्रतीक मिश्रा, आरपी राजा, राज कुमार गोराई, राजेंद्र राम, राजीव बोस, समीर विश्वास , लखन लाल मंडल, समीर दास, शैलेश प्रसाद, शिवबालक पासवान, रामकृष्ण पासवान, हरिप्रसाद पप्पू, मीनू कुमारी, बैंक यूनियन नेता एमएल सिंह, आदिवासी अधिकार मंच के नेता सुखनाथ लोहरा, किसान नेता वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

# पिछड़ा वर्ग ओबीसी की हुंकार आज रांची में 11 सूत्री मांग को लेकर आंदोलन हुआ तेज



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच के द्वारा आज हरमू मैदान में छोटानागपुर प्रमंडलीय महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन को लेकर शनिवार को पटेल भवन में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रम्हदेव प्रसाद ने बताया कि 11 सूत्री मांग को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। इसी क्रम में इस प्रमंडलीय महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन मे लाखों की संख्या में हमारे पिछड़े भाई जुटेंगे और चट्टानी एकता का परिचय देंगे। उन्होंने कहा कि राजनैतिक और सामाजिक संगठनों से भी आग्रह है की साथ आए और पिछड़ा वर्ग ओबीसी समाज के साथ हो रही दुर्दशा पर आवाज बनें। पिछड़ा वर्ग ओबीसी की जनसंख्या अधिकतम है, तो आरक्षण का हक भी जनसंख्या के आधार पर होनी चाहिए। इस मौके पर महासम्मेलन को लेकर हरमू के पटेल भवन में वार्ड पार्षद सहित अन्य सदस्यो को निमंत्रण पत्र देकर उन्हें आमंत्रित किया गया।मौके पर से संजू कुमारी, ममता देवी, बबलू टाइगर, सुशील कुमार, दुलारी देवी, लक्ष्मी कुमारी, अर्जुन राम प्रजापति, विनोद कुमार, वीरेंद्र साहू, बबली महतो,मुकेश चौधरी, विक्रम ,बलराम, मीरा जैयसवाल व अन्य लोग उपस्थित थे।

# रियल एस्टेट में निवेश की बारीकियों को सीखने के लिए जुटे सैकड़ों लोग

## प्रोफेशन इन्वेस्टमेंट क्लब के संथापक और विख्यात लेखक सुनील तुलसियानी ने सिखाया निवेश का फार्मूला



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रेडिशन ब्लू होटल मे चल रहें दो दिवसीय रियल स्टेट मास्टरी का वर्कशॉप मे शनिवार को देश और विदेश के व्यवसाईयों को सम्मिलित किया गया। इस मौके पर सुनील तुलसियानी ने कहा कि यदि हम आंकड़ों की बात करें तो रियल स्टेट आज दुनिया भर में रोजगार प्रदान करने के मामले में दूसरे नंबर का सेक्टर है। भारत में इस व्यवसाय को फलने फूलने की अपार संभावनाएं हैं। जरूरत केवल इस बात की है कि लोग इस व्यवसाय के बारीकियों से परिचित हों। उक्त बातें सुनील तुलसियानी ने कही। बतौर मुख्य प्रशिक्षक प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। तुलसियानी भारतीय मूल के रहने वाले है। आचार्य अमरेश के बुलावे पर वे राची पधारे हैं। इस प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम के आयोजक कोई और नहीं आचार्य अमरेश हैं। आचार्य अमरेश अमीषा रीयल स्टेट के फाउंडर लेखक और कोच हैं। अमीषा रीयल स्टेट डेवलपर राची की प्रमुख कंपनी है। आचार्य अमरेश राची की धरती पर व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन और प्रशिक्षण के लिए जाने जाते हैं।

उनका मानना है कि देश का का विकास तभी होगा जब हमारे युवा स्किल के साथ मोटिवेशन भी सिख लेंगे। हम लाखों लोगों को व्यवसायिक स्किल और अवश्य प्रेरणा के साथ सहयोग देने के अभियान पर हैं। विदित हो कि यह कार्यक्रम 9 और10 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र, गुजरात चातीसगढ़ बिहार, झारखंड के साथ देश के बाहर से आए 200 लोग भाग ले रहे हैं। दोहा कतर से आए प्रतिभागी जीवन कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम देश के रियल स्टेट व्यवसायों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। महाराष्ट्र से आए जीमित कुमार ने कहा कि हमारे लिए यह एकेडमी और इसके कार्यक्रम हमें नए उत्साह और आइडिया से भरने वाले होते हैं। इनके अतिरिक्त अहमदाबाद से राधा, राची के गौरव सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर कोल इंडिया के सीएमडी से सेवा निवृत अजय कुमार सिंह, जेनर मैनेजर कोल इंडिया से सेवा निवृत बीपी सिंह सहित अनुज कुमार, दीपक, पंकज, रविंद्र, सुनील इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन लेखक एवं वक्ता डॉक्टर डी सी पाण्डेय और हैदराबाद की सोनी ने किया।

# श्री श्याम मित्र मंडल ने किया श्री श्याम भंडारा का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने श्री श्याम मंदिर में शनिवार को श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा के वितरण में लगभग 65 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, संतोष जैन ,श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, किरण, प्रदीप राजगढ़िया ,श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल ,मोनू, रतन जैन ,विजय जैन, श्रद्धा जैन, अनिल नारनौली प्रेम प्रकाश आर्य, नरेंद्र जैन, केसर सिंह, डॉक्टर दिनेश गुप्ता, गुरदीप सिंह ,अमित सरावगी ,सलज अग्रवाल, सोनू ,अभिषेक सरावगी , राहुल मारू , रौनक पोद्दार ,अरविंद सोमानी, कौशल चौधरी ,अनुज मोदी ,वेद भूषण जैन ,पप्पू ,स्नेह पोद्दार ,रमा सरावगी ,सरिता अग्रवाल, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडे, मनीष वर्मा ,अंकित सिंह आदि ने भंडारे के महाप्रसाद वितरण में सहयोग किया।

# आजसू मिलन समारोह में थड़पखना के युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** आजसू पार्टी द्वारा आयोजित मिलन समारोह में सैकड़ों युवाओं ने शनिवार को थड़पखना उर्दू स्कूल मैदान में आजसू पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर आजसू पार्टी सुप्रिमो सुदेश महतो ने कहा कि राज्य की राजनीति में सकारात्मक बदलाव के लिए युवाओं की भागीदारी जरूरी है। राजनीति में किसी एक व्यक्ति का विचार नहीं, बल्कि सामूहिकता के बोध के साथ अनेक विचारों को समाहित करना महत्वपूर्ण होता है। इस मौके पर तबरेज शम्स उर्फ अर्शी के नेतृत्व में काफी संख्या में युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंच का संचालन मो. आमिर सोहेल ने किया।

**इन्होंने ली सदस्यता :** तबरेज शम्स (अर्शी), शमीम अख्तर (विक्की), मो. कलीम, मंसूर हवारी, अफरीदी जावेद, मो. तौशी, अशर वसी, मुमताज हुसैन (गोलू), मो. फैसल, मो. सगीर हवारी, मो. सज्जाद हवारी, मो. फिरोज, मो. आसिफ परवेज समेत अन्य युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

**आजसू मिलन समारोह में ये थे उपस्थित :** आजसू मिलन समारोह में मुख्य रूप से पार्टी के मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. देव शरण भगत, जितेन्द्र सिंह, केंद्रीय सचिव सह रांची महानगर प्रभारी, मो. मोहसिन खान, सल्लू खान, एस अली, बंटी यादव, अमित वर्मा, आजसू छात्र संघ के प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार समेत कई आजसू के वरिष्ठ नेता व नेत्री उपस्थित रहे।

# लोकप्रियता से घबराकर हेमंत सोरेन को किया गया प्रताड़ित : झामुमो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू की अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। जिसमें रामगढ़ जिला समिति के साथ रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे रांची जिला समिति शामिल हुई। मौके पर झामुमो रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू ने कहा उपवास कार्यक्रम में रामगढ़ जिले से आप देख रहे हैं कि हमारे कार्यकर्ता काफी संख्या में आए हुए हैं और केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा इस राज्य के हमारे जल, जंगल, जमीन के नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बेटे और सवा 3 करोड़ झारखंडियों के मसीहा जिन्होंने लगभग 89 योजनाओं के माध्यम से घर-घर तक लाभ पहुंचाने का काम किया, हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर जेल भेजने का काम किया है। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा जिन्होंने राज्य को गति देने का काम किया, जनता की मूलभूत सुविधाएं हो या कल्याणकारी योजनाएं देने काम करने वाले हमारे हेमंत सोरेन को केंद्र की भाजपा सरकार साजिश कर जेल भेजने का काम किया है। जबतक हमारा झारखंडी शेर जेल से बाहर नहीं आता है हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उपवास कार्यक्रम मे मुख्य रूप से रामगढ़ जिला से केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, भुवनेश्वर प्रसाद, बरतू करमाली, गीता विश्वास, रांची से केंद्रिय सदस्य समनूर मंसूरी, रामगढ़ जिला सचिव विनोद कुमार महतो, रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, योगेंद्र यादव, रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष जनक नायक, बीरू तिर्की, अश्विनी शर्मा, बीरू साहू, रामगढ़ जिला से पिंकी बेसरा, बसंती देवी, रामशरण तिर्की, अंतू तिर्की, आफताब आलम, मंजू देवी, अफरोज आलम, जगमति देवी, सुरेश चंद्र पटेल, तालकेश्वर महतो, एजाज शाह, कैथरीना तिर्की, संजय राय, सतीष मुर्मू, नरेश हांसदा, शिवलाल हांसदा, रांची जिला प्रवक्ता अरविन्द सिंह देवल, संगठन सचिव आदिल इमाम, महादेव मुंडा, मुमताज मंसूरी, कमलेश पाण्डे, मतिराम महतो, राजू साव, महिला मोर्चा रांची जिला उपाध्यक्ष सालो देवी, महानगर उपाध्यक्ष सुषमा बरदेवा, संगठन सचिव राधा बाउरी, रांची क्रीड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, रामगढ़ जिला से गणेश करमाली, राजेंद्र करमाली, संतोष कुमार, जावेद आलम, छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज, इरफान, फैयाज साह, सुशील कुमार, केशव मुर्मू, रामकुमार मांझी, सकलदेव करमाली, जनू करमाली, दीपक टुडू, अल्पसंख्यक मोर्चा रांची जिला सचिव सुजीत कुजुर, कोषाध्यक्ष विलियम रिचर्ड लकड़ा, सोहेल खान, मो असलम, राजेश सिंह, कयूम अंसारी, युवा मोर्चा रांची जिला उपाध्यक्ष अशोक मुंडा, सचिव सोनू मुंडा, बबलू यादव, विजय रविदास, हरीश महतो, राकेश वर्मा, राजीव कुमार, नीरज,ओम शर्मा और अन्य सैकड़ो कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

## खबर एक नजर में

### श्री राणी सती दादी मंदिर मे तीन दिवसीय होली रंगोत्सव 15 से



**रांची।** श्री राणी सती मंदिर कमेटी के तत्वावधान में 15-17 मार्च तक श्री राणी सती दादी मंदिर में तीन दिवसीय होली रंगोत्सव महोत्सव का आयोजन किया गया है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सतीश तुलस्यान, मंत्री गजानंद अग्रवाल एवं महोत्सव के संयोजक प्रदीप नारसरिया ने बताया कि श्री राणी सती मंदिर रांची में प्रथम बार होली रंग उत्सव में श्री नारायणी नमो नमः का भजन उत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को संध्या 4 बजे से श्री गणेश पूजन एवं श्री राणी सती दादी जी की संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसके कथा वाचक तेजस राणा होंगे। वहीं 16 मार्च को प्रातः 8 बजे श्री दादी जी का जलाभिषेक, 10 बजे से मेहंदी उत्सव कार्यक्रम कृष्ण यादव एवं मनोज शर्मा द्वारा होगा, पूर्वा? 11 बजे दादी जी का भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। संध्या 4 बजे ज्योत प्रज्वलित कार्यक्रम के प›ात प्रसिद्ध भजन गायक मनोज शर्मा, हर्षिता डीडवानिया एवं पायल अग्रवाल द्वारा सुमधुर वाणी से भजन संकीर्तन करेंगे। तथा रात्रि 7 बजे चुनरी महोत्सव का आयोजन होगा। रात्रि 8 बजे महाआरती के साथ दूसरे दिन के कार्यक्रम का समापन होगा। 17 मार्च को प्रातः 7 बजे अखंड ज्योत प्रज्वलित किया जाएगा। प्रातः 8 बजे सैकड़ो महिलाओं द्वारा राजस्थानी वेशभूषा चुनरी ओढ़ कर मंगला पाठ करेगी। अपरा?- 2 बजे भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा। तथा शाम 5 बजे से प्रसिद्ध भजन गायक सौरभ मधुकर एवं केशव मधुकर द्वारा भजनों की हाउजी महोत्सव का विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। रात्रि 8 बजे फूलों की होली खेली जाएगी। तथा रात्रि 9 बजे बनारस के आचार्यों द्वारा गंगा आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु भक्तों को विभिन्न विभागों की जिम्मेवारी एवं दायित्व दी गई। उन्होंने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि समस्त कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर महोत्सव को सफल बनाएं एवं पुण्य के भागी बने।

### श्री श्याम मंडल के सदस्य खाटू धाम को रवाना



**रांची।** श्री श्याम मण्डल, राँची का 60 सदस्यों का दल शनिवार को ट्रेन मार्ग द्वारा खाटू धाम निशान यात्रा के लिए अपरा? 6 बजे राँची रेलवे स्टेशन से प्रस्थान किया। 11 मार्च सोमवार को रींगस से 17 किलोमीटर की पदयात्रा कर दल बड़ी श्रद्धपूर्वक खाटू धाम में श्री श्याम प्रभु व श्री हनुमान जी महाराज को निशान अर्पित करेगा। 12 और 13 मार्च को सालासर व झुंझुनूं धाम होते हुए दिनांक 14 मार्च को जयपुर से प्रातः हवाई मार्ग से चलकर सुबह 10.30 बजे राँची वापस पहुँचेगा। खाटू धाम निशान पद यात्रा में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, जीतेश अग्रवाल, नितेश लाखोटिया, विवेक ढांढनीयां, अमित जालान, अंकित मोदी, कौशल अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, शशि बागला, मीना देवी गोयल, रत्न मोर इत्यादि शामिल हैं।

### नन्हे-मुन्नों के लिए कैम्प का आयोजन



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में शनिवार से नन्हे-मुन्नों के लिए परीक्षोपरांत चार दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से उनके शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, चारित्रिक का ज्ञान दिया जाएगा। प्रत्येक दिन के लिए अलग-अलग रचनात्मक क्रियाकलापों की परिकल्पना की गई है। प्राचार्या किरण यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में बचपन से ही आत्मनिर्भरता के मौलिक गुण का विकास हो जाता है जो आजीवन उनके विकास में सहायक होता है। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की वरीय शिक्षिका निवेदिता सिंह ने किया।

### शैल्बी डिवाइन सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने महिला डॉक्टरों और कर्मचारियों को किया सम्मानित



**रांची।** विश्व महिला दिवस के अवसर पर शैल्बी डिवाइन सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने सभी महिला डॉक्टरों और महिला कर्मचारियों को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही मरीजों और उनकी महिला रिश्तेदारों को गुलाब का फूल देकर सम्मान दिया। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि अपने वादे के अनुसार इस मौके पर सभी महिला रोगियों को निःशुल्क परामर्श दिया और महिला रोगियों को पैथोलॉजिकल टेस्ट, रेडियो इमेजिंग टेस्ट और दवाओं पर विशेष छूट दी गई।

### रांची विवि में सरहुल पूर्व संध्या समारोह 10 अप्रैल को

**रांची।** मोरहाबादी स्थित जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय परिसर में सरना नवयुवक संघ की केंद्रीय समिति की बैठक शनिवार को हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव ने की। इसमें सरना नवयुवक संघ के तत्वावधान में 10 अप्रैल 2024 को रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में सरहुल पूर्व संध्या समारोह का आयोजन करने का निर्णय हुआ। इस समारोह में संघ द्वारा प्रकाशित सरना फूल पत्रिका का भी लोकार्पण भी किया जाएगा। रचनाकार पत्रिका में प्रकाशना के लिए रचना 25 मार्च, 2024 भेज सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर 7667344420, 9334907447 पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस समारोह में पांच लोगों को संघ द्वारा सेवा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। समारोह को लेकर अगली बैठक 17 मार्च को कचहरी परिसर स्थित 13 आरआईटी भवन में होगी।

### जेएसएससी पीजीटी रिजल्ट को लेकर किया हवन

**रांची।** जेएसएससी पीजीटी 2023 परीक्षा के अभ्यर्थियों ने शनिवार को 5वें दिन भी न सिर्फ धरना प्रदर्शन किया, बल्कि हवन कार्यक्रम भी आयोजित किया, सरकार को सद्बुद्धि आये। इसमें राज्य के सभी 24 जिलों के सैकड़ो अभ्यर्थी शामिल थे। प्रदर्शन में गणित, अर्थशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत और कॉमर्स के विद्यार्थी शामिल हुए। इनका अभी तक आयोग द्वारा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन नहीं हुआ है। अभ्यर्थियों ने हवन कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार को सद्बुद्धि देने और शेष सात विषयों का रिजल्ट अविलंब प्रकाशित करने की मांग की गयी।


धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, रविवार
10.03.2024
नगर संस्करण । पेज : 16

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 236



16 कार्तिक आर्यन ने शुरू की 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग

## न्यूज डायरी

### बुढ़मू में एक शख्स की गोली मारकर हत्या

रांची। बुढ़मू थाना क्षेत्र के सुमू गांव में देर रात कतिया उरांव (45 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। वह बुढ़मू थाना क्षेत्र के सुमू गांव का रहने वाला था। बाइक सवार तीन अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। परिजनों के अनुसार हेलमेट पहने 3 अपराधी घर में घुसे और सो रहे कतिया उरांव की सिर में गोली मार दी। मृतक की पत्नी के अनुसार घटना के पीछे आपसी रंजिश का मामला बताया जा रहा है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

### इडी छापे में लालू के करीबी के यहां मिले 2 करोड़ कैश

पटना। अवैध बालू खनन के मामले में इडी की रडार पर आये लालू यादव के करीबी सुभाष यादव के दो घरों से 2 करोड़ रुपये कैश बरामद हुए हैं। ईडी जांच में 250 करोड़ रुपये की राजस्व चोरी का पता चला है। बिहार के बड़े बालू कारोबारी सुभाष यादव के 8 ठिकानों पर ईडी ने शनिवार को एक साथ छापेमारी की। सुभाष अवैध बालू खनन के लिए राज्य में कुख्यात कंपनी ब्रॉडसॉन्स लिमिटेड के एक प्रमुख निदेशक हैं।

### लेवी की मांग को ले पांकी में मुंशी को पीटा

मेदिनीनगर। पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के टड़या गांव के पास अमानत नदी में पुल निर्माण कार्य में लगे मुंशी अर्जुन यादव को अपराधियों ने पीटा। इसके कारण उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। उसे इलाज के लिए पांकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भुक्तभोगी ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे तीन युवक कार्य स्थल पर पहुंचे और लेवी की मांग की। नहीं देने पर अपराधियों ने मुंशी की डंडे से पिटाई शुरू कर दी।

### दो खिलाड़ियों की सड़क हादसे में मौत

गुमला। जिला अंतर्गत बसिया थाना के महाराजगंज गांव में शनिवार दोपहर हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। मृतकों में गुमला थाना की वृंदा पंचायत स्थित कोयनारा टोंगरीटोली निवासी किशोर करकेट्टा (33 वर्ष) एवं हेमंत कुल्लू (32 वर्ष) शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही बसिया थाने की पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। ये बाइक से करंज गांव स्थित अपनी ससुराल से लौट रहे थे।

### रिम्स में मेटा-विश्लेषण पर व्यावहारिक कार्यशाला

रांची। रिम्स अनुसंधान विभाग के तत्वावधान में शनिवार को मेटा-विश्लेषण पर व्यावहारिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मेटा-विश्लेषण, कई अध्ययनों से डेटा को संश्लेषित करने के लिए एक शक्तिशाली सांख्यिकीय पद्धति जो साक्ष्य-आधारित चिकित्सा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मेटा-विश्लेषण, चिकित्सक और स्वास्थ्य से जुड़े शोधकर्ता वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाती है।

## पटना में ओबीसी महासम्मेलन में बोले शाह, परिवारवादी पिछड़ों का भला नहीं करते

# माफिया तत्वों को उल्टा लटका कर सीधा कर देंगे : गृहमंत्री

➲ सोनिया-लालू का एक ही लक्ष्य बेटों को पीएम-सीएम बनाना



खबर मन्त्र ब्यूरो

पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार बन चुकी है। यह सरकार भू माफियाओं को उल्टा लटकाकर सीधा करेगी। उन्होंने कहा कि लालू जी आप कितना भी कर लो, पिछड़ा समाज को बरगला नहीं सकते। गरीबों की भूमि पर कब्जा करने वालों को हम सलाखों के पीछे डालेंगे। भू- माफिया के साथ-साथ बालू माफिया का भी यही हाल करेंगे। बिहार में एनडीए के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अमित शाह पहली बार बिहार पहुंचे। वह पालीगंज आयोजित ओबीसी महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजद और कांग्रेस को उन्होंने निशाने पर लिया। लालू यादव पर हमला करते हुए अमित शाह ने कहा कि उनकी पार्टी को चेताने आया हूं। खुद को पिछड़ों का हितैषी बतानेवाले लालू और कांग्रेस इतने सालों से कांग्रेस व लालू यादव सत्ता में रहे। इन्होंने कर्पूरी ठाकुर का सम्मान नहीं किया। पिछड़ा वर्ग के हितैषी जननायक कर्पूरी ठाकुर को पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न दिया। इनलोगों का एक ही मकसद है अपने परिवारजनों को सीएम और पीएम बनाना। इससे पूर्व उन्होंने आइसीएआर कैंपस में कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा का अनावरण भी किया। (शेष 13 पर)

### माफिया तत्वों की खैर नहीं

जनसभा में अमित शाह ने ने ऐलान किया कि भू- माफिया, बालू माफिया एवं गरीबों का शोषण करने वाले की अब यहां खैर नहीं। सरकार एक कमेटी बना रही है उसकी रिपोर्ट के आधार पर भू-माफिया और बालू माफिया तत्वों को जेल में डालेंगे। उन्होंने लालू-राबड़ी के साथ-साथ कांग्रेस राज में हुए घोटालों का जिक्र किया और कहा कि ये लोग घोटालेबाज हैं। मोदी के 23 साल से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री हैं पर हमारे नेता पर कोई 25 पैसे का भी घोटाले का आरोप नहीं लगा सकता है। पालीगंज जनसभा में श्री शाह ने कहा, बिहार चंद्रगुप्त, चाणक्य व वीर नेताओं की भूमि है। गृह मंत्री ने कहा कि हम जब-जब आये हैं, बिहार की जनता ने हमारी झोली कमल से भर दी है। लोकसभा चुनाव 2024 में बिहार की 40 की 40 सीटें एनडीए की झोली में डालने का आग्रह गृह मंत्री ने किया।

**कश्मीर और अनुच्छेद 370 का किया जिक्र :** गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कश्मीर और अनुच्छेद 370 का भी जिक्र किया। उन्होंने लालू यादव और कांग्रेस पर ही दशकों तक 370 लागू रखे रहने का ठिकरा फोड़ा। गृह मंत्री ने कहा कि आपने जिताया तो मोदी जी ने कश्मीर को हमेशा के लिए भारत में मिला लिया। जनसभा में उन्होंने राममंदिर का भी जिक्र किया। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या अयोध्या में राममंदिर नहीं बनना चाहिए था? वहीं राजद प्रमुख पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि लालू यादव ने ही आडवाणी जी के रथ को रोका था और उन्हें जेल में बंद किया था।

## राज्य के प्राथमिक स्कूलों में जनजातीय भाषा में पढ़ाई शीघ्र

### बैठक में सीएम ने अधिकारियों को दिया निर्देश



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के प्राथमिक स्कूलों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई शीघ्र शुरू होगी। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा एक से पांचवीं वर्ग के पाठ्यक्रमों में प्रदेश की समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल कर इन भाषाओं की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ की जाये। शनिवार को कांके रोड के आवासीय कार्यालय में जनजातीय भाषा की पढ़ाई प्रारंभ करने को उच्च स्तरीय बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय भाषा एवं क्षेत्रीय भाषाओं का संवर्धन और विकास सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने निर्देश दिया कि जल्द से जल्द जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के घंटी आधारित विशेषज्ञ शिक्षकों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया पूरी की जाये, ताकि प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाई प्रारंभ की जा सके। (शेष 11 पर)

### घंटी अधारित शिक्षकों का बनायें पैनल

सीएम ने निर्देश दिया कि यथाशीघ्र जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के घंटी आधारित विशेषज्ञ शिक्षकों को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया पूरी की जाये। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल एवं शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। कैबिनेट की पिछली बैठक में राज्य के टीआरएल की पढ़ाई कराने का निर्णय लिया गया था, जिसे आज की बैठक में अमलीजामा पहनाया गया।

## पीएम आज करेंगे लाइट हाउस प्रोजेक्ट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को रांची में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। पीएम द्वारा 10 लोगों को चाबी सौंप कर सांकेतिक उद्घाटन किया जायेगा। नगर विकास विभाग ने ऐसे 10 लाभुकों को फोन कर बुलाया गया। नगरीय प्रशासन निदेशालय तैयारी में जुटा है। बताते चलें कि इस परियोजना के तहत धुर्वा, रांची में आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के लाभुकों के लिए 1008 फ्लैट का निर्माणपूर्ण कर लिया गया है, जिसका लोकार्पण किया जायेगा। प्रशासन निदेशालय तैयारी में जुटा है। इस दौरान रांची नगर निगम एवं निर्माणकर्ता एजेंसी को लाभुकों को गृह प्रवेश के साथ ही चौबीस घंटे जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परियोजना अंतर्गत लाभुकों के बिजली कनेक्शन एवं मीटर अधिष्ठापन की प्रक्रिया तेज करने का निदेश दिया। परियोजना के लाभुकों के साथ बैठक कर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन भी किया जा रहा एवं लाभुकों को परियोजना के रख-रखाव एवं संधारण के लिए प्रशिक्षण एवं हैंड होल्डिंग भी दिया जायेगा।

## भाजपा ने डॉ प्रदीप वर्मा को बनाया राज्यसभा प्रत्याशी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा को भाजपा ने झारखंड से राज्यसभा का उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से इसकी घोषणा की गयी है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने झारखंड से एक नाम फाइनल करते हुए प्रदीप वर्मा के नाम पर मुहर लगायी है। राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी के चयन को लेकर भाजपा की ओर से अलग अलग नामों को लेकर चर्चा थी। इनमें पार्टी नेता अरुण उरांव और आशा लकड़ा का भी नाम रेस में बताया जा रहा था।



### प्रदीप वर्मा ने जताया आभार

राज्यभा प्रत्याशी बनाये जाने पर उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार जताया। श्री वर्मा ने कहा, मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाने के पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी समेत नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मैं इस विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। केंद्रीय नेतृत्व ने जो सम्मान मुझे दिया है दरअसल वह झारखंड के हर एक भाजपा कार्यकर्ता का सम्मान है।

### दो सीटें हो रही हैं खाली

राज्यसभा सांसद समीर उरांव (भाजपा) और कांग्रेस के धीरज साहू का टर्म तीन मई को पूरा होना है। समीर उरांव को पार्टी ने लोहरदगा सीट से लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कैंडिडेट बनाया है। वहीं झामुमो के पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र खरीद लिया है। इनके अलावा मुंबई के एक बिजनेसमैन हरिहर महापात्रा ने भी नामांकन पत्र खरीदा है। झारखंड में 21 मार्च को दो सीटों के लिए राज्यसभा का चुनाव होना है। इसकी अधिसूचना चार मार्च को जारी कर दी गयी है। 11 मार्च तक नामांकन दाखिल किया जा सकेगा। 12 मार्च को स्क्रूटनी और नाम वापसी की अंतिम तिथि 14 मार्च है।

### आशा लकड़ा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य बनीं

रांची। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री और रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का सदस्य बनाया गया है। इसकी अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी गयी। इनकी कार्यकुशलता व सक्रियता को देखते हुए इन्हें आयोग का सदस्य बनाया गया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की और राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी। आने वाले समय में भी आप सभी के मार्गदर्शन की अपेक्षा रखती हूं। विधायक सीपी सिंह समेत तमाम नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। आशा लकड़ा, पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव को लेकर गठित 15 सदस्यीय इलेक्शन मैनेजमेंट कमेटी में भी शामिल हैं।

### चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने इस्तीफा सौंपा

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने पद से इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल 2027 तक था। चुनाव से पहले उन्होंने इस्तीफा देकर सभी को चौंका दिया है। सूत्रों के मुताबिक, किसी को इस बात की भनक भी नहीं थी कि अरुण गोयल इस तरह से अपने पद से इस्तीफा देने वाले हैं। वहीं, तीन दिन बाद आयोग को जम्मू कश्मीर के दौरे पर जाना है और अभी 2 दिन पहले ही आयोग पश्चिम बंगाल के दौरे से वापस लौटा है। उनका इस्तीफा इस वजह से भी और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि फिलहाल चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त के अलावा अरुण गोयल ही चुनाव आयुक्त के तौर पर काम देख रहे थे। आयोग में कुल 3 लोग होते हैं. इसका मतलब यह है कि इस स्थिति के बाद सिर्फ मुख्य चुनाव आयुक्त ही आयोग में बचे हैं।

## देश के विकास में बाधक है कांग्रेस टीएमसी और माकपा : प्रधानमंत्री

एजेंसी

सिलिगुड़ी। पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कहा, वाम मोर्चा और तृणमूल कांग्रेस सरकारों ने बंगाल के लोगों की मूलभूत जरूरतों को नजरअंदाज किया है। तृणमूल वालों को भतीजे की चिंता है, कांग्रेस वालों को अपने शाही परिवार के बेटे-बेटियों को आगे बढ़ाना है। लेफ्ट वालों को इन दोनों के साथ तालमेल बनाए रखना है ताकि उसकी भी गाड़ी चलती रहे। इन लोगों आपके बच्चों की परवाह नहीं है। ये लोग देश के विकास में बाधक हैं। (शेष 11 पर)

### संदेशखाली अत्याचार पर देश शर्मिंदा

संदेशखाली में गरीब, दलित और आदिवासी बहनों के साथ टीएमसी के नेताओं ने क्या-क्या किया है, इसकी चर्चा आज पूरे देश में हो रही है। इस अत्याचार पर देश शर्मिंदा है। महिलाओं पर अत्याचार और गरीब की कमाई को लूटना, यही टीएमसी के तोलाबाजों का काम रहा है। भ्रष्ट टीएमसी सरकार दलित, आदिवासी, ओबीसी और महिला विरोधी है। टीएमसी सरकार ने आपके राशन के योजना में ही घोटाला कर दिया। इनके नेता, मंत्री राशन घोटाले के मामले में जेल में हैं. टीएमसी सरकार आपको कदम-कदम पर लूट रही है। मोदी ने कहा, मोदी हर गरीब के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर बना रहा है लेकिन ये बात उन परिवारवादियों को बिल्कुल पसंद नहीं आती जो राजनीति में सत्ता पाने के लिए ही आए हैं। इसलिए, वो अपने परिवार को सत्ता के शीर्ष पर रखने के लिए साजिशें करते हैं। ये तृणमूल और कांग्रेस का गठबंधन भी तो यही करता है। तृणमूल वालों को भतीजे की चिंता है, कांग्रेस वालों को अपने शाही परिवार के बेटे-बेटियों को आगे बढ़ाना है। आपके बच्चों के भविष्य की चिंता करने वाला अगर कोई है तो, वो मोदी है, भाजपा है, एनडीए का गठबंधन है।

## देवघर में 16 साल के युवक की पीट-पीट कर हत्या

खबर मन्त्र संवाददता

देवघर। बाबानगरी के नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया मुहल्ला निवासी 16 वर्षीय किशोर साधु महथा की शनिवार को पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी। पिटाई के बाद युवक को देवघर के नंदन पहाड़ रोड स्थित मंगल तालाब के बगल नीम पेड़ के पास दीवार के सहारे घायल हालत में छोड़ दिया। परिजन किशोर को खाना खाने के लिए खोजबीन कर रहे थे, तभी आरोपितों को लाठी-डंडे के साथ भागते देखकर शंका हुई। आगे जाने पर परिजनों ने देखा कि नीम पेड़ से सटे दीवार के सहारे साधु जख्मी हालत में बैठा है। आनन-फानन में परिजनों ने साधु को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया और इसकी सूचना बैद्यनाथधाम ओपी को दी। शनिवार सुबह बैद्यनाथधाम ओपी प्रभारी एएसआइ राजकुमार टुडू ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को दिये बयान में चंद्रशेखर ने बताया कि बेटे व उसके दोस्त का सलौनाटांड मोहल्ला निवासी विशाल महथा के साथ सरस्वती पूजा के दौरान टोटो से बाजार जाने के क्रम में विवाद हुआ था। पिता ने आरोप लगाया है कि पूर्व के विवाद के कारण चार युवकों ने मिलकर उसके बेटे को बेरहमी से मारा, जिससे उसकी मौत हो गयी। आरोपितों में से तीन नगर थाना क्षेत्र के व एक मोहनपुर थाना क्षेत्र का रहने वाले हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### डॉ सुभाषचंद्र यादव को मैथिली भाषा और साहित्य सम्मान

रांची। मैथिली भाषा साहित्य का प्रतिष्ठित सम्मान विश्वम्भर मैथिली साहित्य सम्मान 2023 की घोषणा कर दी गयी। मैथिली के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार और समालोचक डॉक्टर सुभाष चंद्र यादव को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। रांची के हरमू स्थित बसंत विहार कार्यालय में इसकी औपचारिक घोषणा शनिवार को की गयी। रांची दूरदर्शन के पूर्व निदेशक पीके झा ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि डॉ सुभाष चंद्र यादव साहित्यिक विधा में कथाकार, समीक्षक और अनुवादक रहे हैं। मूलतः सुपौल जिला के बलवा मेनाही के रहनेवाले डॉ यादव की मैथिली भाषा में लगभग 70 से अधिक कथा, समीक्षा और हिंदी, बांग्ला एवं अंग्रेजी में अनेक अनुवाद प्रकाशित हैं।



गहना आभूषण
सोना (बिक्री) 60,900 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो

तीसरी आंख





## कृषि में देश आगे बढ़ रहा पर हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा : अर्जुन मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता

चाईबासा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को यहां कहा कि देश के किसानों और पशुपालकों को दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाने की जरूरत है। चाईबासा में तीन दिवसीय डेरी मेला एवं कृषि प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह के मौके पर बोल रहे थे। अर्जुन मुंडा ने कहा कि कोल्हान की धरती पर यह आयोजन कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आज देश आगे बढ़ रहा है लेकिन हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा है। अब हम इस क्षेत्र में कृषि कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल हरियाणा के द्वारा झारखंड में इस तरह का पहला आयोजन कोल्हान की धरती पर किया जा रहा है। मेले में किसानों को डेयरी विज्ञान की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी जायेगी। अर्जुन मुंडा ने कृषक समुदाय से सरकार द्वारा शुरू की गयी कई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे पीएम फसल बीमा और पीएम किसान समृद्धि का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने किसान विभिन्न स्टॉलों पर जा कर उत्पादक संगठनों और स्थानीय किसानों के साथ बातचीत की। श्री मुंडा ने कहा कि हमारे किसानों की कड़ी मेहनत और कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों जैसे फसल छिड़काव और फसल निगरानी के लिए कृषि ड्रोन की शुरूआत के कारण देश खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गया है। राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान करनाल के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने बताया कि यह मेला 'अमृत काल' उत्सव के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप 2047 तक 'विकसित भारत' के लिए पशुधन उत्पादन प्रबंधन एवं डेरी प्रसंस्करण के क्षेत्र में नवोन्मेषी कृषि प्रौद्योगिकी विस्तार द्वारा नये आयाम स्थापित करेगा। इस मेले में लगभग छह हजार से ज्यादा पशु पालक, किसान, इनपुट डीलर्स, उद्यमी, विद्यार्थी, सरकारी एवं गैर-सरकारी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भाग ले रहे हैं। इसमें देश के विभिन्न अनुसंधान संस्थानों, जिला स्तरीय विभागों- जिला उद्यान विभाग,पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, नाबार्ड बैंक, जिला रेशम पालन विभाग, जिला सिंचाई विभाग, महिला-बाल विकास विभाग आदि की 50 से अधिक कृषि प्रौद्योगिकी, गाय, बकरी एवं अन्य पशुओं की प्रदर्शनी स्टाल लगाई गई हैं। जनजातीय क्षेत्र में पशुधन एवं कृषि के बहुमुखी विकास के लिए उन्नत नस्ल के पशुओं की सौन्दर्य प्रतियोगिता के साथ पशु स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया है। मेले के दौरान किसानों को कृषि एवं पशुपालन प्रौद्योगिकी के नवीनतम पहलुओं से अवगत कराने के लिए कृषक-वैज्ञानिक संवाद एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया है, जिसमें खेती एवं पशुपालन से सम्बन्धित प्रश्नों के त्वरित समाधान प्रस्तुत किये जायेंगे।



## 11 राज्यों के कलाकारों ने रंगयात्रा में दिखाया जलवा

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरिडीह। कला संगम के तत्वावधान में तीन दिवसीय अखिल भारतीय बहुभाषीय नाटक, लोकनृत्य शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को शहर में रंगयात्रा निकाली गयी। गिरिडीह की रंगयात्रा में विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक की झलक शहर में देखने को मिलीश शहर के ईश्वर स्मृति भवन से शहर में रंगयात्रा निकली, जिसमें 11 राज्यों से आये 50 से अधिक कलाकारों ने कला व संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरी। रंग-बिरंगे परिधानों में कलाकार शहर की जिन सड़क से गुजरते, वहां देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान सांस्कृतिक परिदृश्य को देखने व मोबाइल पर इस परिदृश्य को कैद करने के लिए लोग लालायित दिखे। रंगयात्रा में ओडिशा, बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, असम समेत कई प्रांतों से आये कलाकारों ने अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया। रंगयात्रा शहरी क्षेत्र का भ्रमण कर वापस ईश्वर स्मृति भवन पहुंची। इस रंगयात्रा के दौरान पूरे रास्ते में कलाकारों छऊ नृत्य, भरतनाट्यम, झूमर, शिव तांडव, राधकृष्ण समेत अन्य की झांकियों से लोगों का मन मोह लिया।

## समय संवाद

श्रीहनुमान जी ने वह सारी कथा कह सुनाई, जिसमें प्रभु ने वानरों पर कृपा की थी-क्या खूब कथा थी, जिसमें न कोई संगीत था, न कोई प्रसाद ही बँटा। और न ही कथा व्यास का कोई सम्मान किया गया। उल्टे कथा व्यास पर संशय ही किया गया, कि भई तुम तो एक वानर हो। और तुम कह रहे हो, कि प्रभु ने वानर जाति वालों का संग किया? सीधे शब्दों में कहें, तो श्रीहनुमान जी को सीधे-सीधे बँदर कहा जा रहा है। लेकिन हमारे कथा व्यास कितने महान हैं, कि बुरा ही नहीं मान रहे। उल्टे वे तो पूरे तन मन व पूर्ण आस्था से, प्रभु की कथा सुना रहे हैं। कथा व्यास का ऐसा समर्पण।

# सीता का हनुमान जी पर अविश्वास

**एनके मुरलीधर**

श्रीहनुमान जी कितने कठिन परिश्रम से तो वे माता सीता जी के समीप पहुँच पाये थे। और यहाँ आकर क्या देखने को मिलता है, कि माता सीता जी तो उन पर विश्वास ही नहीं कर पा रही हैं, कि वे श्रीराम जी के दूत हैं, अथवा रावण के कोई भेदिये। संसारिक स्तर पर उतर कर देखें, तो माता सीता जी का, श्रीहनुमंत लाल जी के प्रति ऐसा व्यवहार, किसी का भी हौंसला तोड़ने के लिए पर्याप्त है। श्रीहनुमान जी कह भी तो सकते थे, लो करलो बात! इधर तो खून पसीना एक हो गया। और आप हैं, कि इतना कह कर ही काम चला दिया, कि आपको तो हम पर विश्वास ही नहीं। हम जैसा कोई और होता, तो कह देता, कि ठीक है भई, आपको हमारी आवश्यकता नहीं, तो ये लो, हम तो चले अपने घर की ओर वापिस। सच मानिए, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। श्रीहनुमान जी तो उलटे स्वयं को ही दोषी मान रहे थे। कारण कि उनका मानना था, कि वे ही श्रीराम जी के पावन संदेश को सही से प्रेषित नहीं कर पाये। वे माँ जानकी जी के मन की अवस्था को भलीभाँति समझ रहे हैं। उन्हें पता है, कि इतनी प्रताड़ना व कुरुरता के पश्चात तो कोई भी अपने प्राण त्याग दे। भला कोई किस हद तक सहेगा। माता सीता ने तो इस हद तक सह लिया है, कि वह हद भी, अपने दर्द की हद को विस्मरण कर गई होगी। श्रीहनुमान जी जानते हैं, कि यह समय स्वयं के किसी उलाहनों को साधने का नहीं। अपितु श्रीसीता जी के दुख को कम कर, उन्हें श्रीराम जी के पावन संदेश से आनंदित करने का है। भला एक वानर और नर का मिलन कैसे हो सकता है? तब श्रीहनुमान जी ने वह सारी कथा कह सुनाई, जिसमें प्रभु ने वानरों पर कृपा की थी-क्या खूब कथा थी, जिसमें न कोई संगीत था, न कोई प्रसाद ही बँटा। और न ही कथा व्यास का कोई सम्मान किया गया।



उल्टे कथा व्यास पर संशय ही किया गया, कि भई तुम तो एक वानर हो। और तुम कह रहे हो, कि प्रभु ने वानर जाति वालों का संग किया? सीधे शब्दों में कहें, तो श्रीहनुमान जी को सीधे-सीधे बँदर कहा जा रहा है। लेकिन हमारे कथा व्यास कितने महान हैं, कि बुरा ही नहीं मान रहे। उल्टे वे तो पूरे तन मन व पूर्ण आस्था से, प्रभु की कथा सुना रहे हैं। कथा व्यास का ऐसा समर्पण, जब कथा में देखने को आया, तो देखिए, कथा का प्रभाव भी उच्च कोटि का हुआ। माता सीता जी को श्रीहनुमान जी पर भरोसा हो उठा-

**कपि के बचन सप्रेम सुनि उपजा मन बिस्वास।**
**जाना मन क्रमबचन यह कृपासिंधु कर दास।।**

श्रीसीता जी ने जब जाना, कि श्रीहनुमान जी वास्तव में ही प्रभु के सच्चे सेवक हैं। तो उनके हृदय में, श्रीहनुमान जी को लेकर अत्यंत प्रेम उमड़ने लगा। श्रीराम जी को वे अपने आस पास ही महसूस करने लगी। उन्हें तो श्रीहनुमान जी के होने का प्रभाव यूँ लगा, कि मानों वे स्वयं विरह सागर में पूर्णतः डूब रही हैं, और श्रीहनुमान जी साक्षात जहाज बन कर वहाँ प्रकट हो गये-

हरि जानि प्रीति अति गाढ़ी।
सजल नयन तुलकावलि बाढ़ी।।
बूडत बिरह जलधि हनुमाना।

जब से श्रीसीता जी, श्रीराम जी से विलग हुई थी, तब से आज तक, कोई ऐसा मिला ही नहीं था, जिससे वे प्रभु की कोई कथा कहा पाती, अथवा सुन पाती।

प्रभु की कथा सुन, माता सीता जी को मानों, यूँ लग रहा है, कि आज मैं अपने सारे गिले-शिकवों का बोझ उतार दूँ। कम से कम मैं प्रभु तक, श्रीहनुमान जी के माध्यम से अपनी व्यथा तो पहुँचा दूँ। माता सीता जी, प्रभु श्रीराम जी को लेकर, कभी कोई बात आरम्भ कर देती हैं, तो कभी कोई। उनकी जिहवा तो एक है, लेकिन कहने के लिए प्रसंग, कोई एक नहीं, अपितु असंख्य हैं। कोई एक भी प्रसंग को वे पूर्णतः नहीं कह पाती।

# राम से बड़ा राम का नाम

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**राम** और राम के नाम के सूक्ष्म अंतर को समझने की आवश्यकता है। गोस्वामी तुलसीदास ने राम से राम के नाम के महत्व को बड़ा बताया है। एक राम थे जो दशरथ के पुत्र थे, धनुष तोड़ने, ऋषियों एवं तपस्वीयों को राक्षसों से बचाने, बक्सर आकर ताड़का का वध करने, रावण का नाश, वनवाश जैसे सांसारिक कार्यो को किया। लेकिन राम से बड़ा राम का नाम की जो बात होती है वह नाम मुनि वशिष्ठ से लेकर आज तक लोगों का उद्धार कर रहा है। यह नाम गुरु से प्राप्त होता है। इसके लिए राम जैसी पात्रता का होना आवश्यक है। सेवा और चिंतन से ही इस ओर बढ़ा जा सकता है। चिंतन जिस प्रकार का होता है उसी प्रकार की पात्रता विकसित हो जाती है। व्यवहार जगत में मृत्यु तक यह पीछा करती है। जिससे ज्यादा प्रेम होता है उसी को अंतिम समय में आदमी खोजता है। उसको पहचानता है और उसी के प्रेम में जीवन त्यागता है। प्रेम का मार्ग सबसे अच्छा है लेकिन प्रेम किससे किया जाए? जड़ भरत की प्रसिद्ध कथा है कि जीवन में जप,तप और साधना करते रहे लेकिन मृत्यु के समय उनका ध्यान एक मृग में अटक गया। सन्यास पाकर भी सांसारिक जगत में परीक्षण के बाद ही आपको सामाजिक स्वीकृति मिलती है। इसलिये गोपियों ने उद्धव से सवाल किया था कि ब्रंम्ह को जान लिया लेकिन प्रेम को समझा क्या? कृष्ण ने प्रेम को समझा और जगतगुरू बने। समाज को छोड़कर कुछ नहीं हो सकता है। राम और कृष्ण समाज में रहकर ही सामाजिक अवस्थाओं के बीच ही उच्च पद प्राप्त किया। प्रेम और सेवा के बारे में उन्होंने कहा कि स्त्रीयों में यह कूट-कूट कर भरा होता है। वे अपने आप को पति के नाम में समर्पित कर देती है। उन्हें उनके पति के नाम से पहचाना जाता है। अपने पूरे परिवार को त्याग देती है जो उन्हें जन्म से युवावस्था तक पालता पोषता है। यह त्याग का बड़ा उदाहरण है।

ब्रंह्म विद्यालय और आश्रम 18 वी सदी के मध्य से अब तक तत्व ज्ञान पर आधारित सन्यास की परम्परा को आगे बढ़ा रहा है जिसे परमहंस दयाल जी ने छपरा, बिहार से टेरी, अब पाकिस्तान में है वहां तक का विस्तार कराया। उस समय आश्रम में आठ हजार सन्यासी थे। यह राम कृष्ण परमहंस के लगभग समकालिन थे। परमहंस जी के गुरु तोतापुरे थे। इसके बाद स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मठ की कलकता में स्थापना की। ब्रंह्म विद्यालय गढ़वा घाट वाराणसी के विस्तार के बाद स्वामी शिवधर्मानंद जी के प्रबल प्रयास से बक्सर के छोटका राजपुर गांव में विस्तार पाया। भक्ति, गुरु आश्रम की सबसे बड़ी सेवा है। युवा वस्था में ही भक्ति पर विशेष जोर देते हुये स्वामी जी ने कहा की जीर्ण शरीर से कुछ भी संभव नहीं है मुक्ति भी नहीं हो सकती है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार)

# प्रसिद्ध है पुष्कर का ब्रह्मा मंदिर



पुष्कर की हर गली-कूचे में मानो प्रकृति और अध्यात्म समाया है। सुंदर वास्तुशिल्प विरासत और इसका दिलचस्प इतिहास पुष्कर को बहुत खास बनाता है। पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए यहां पुष्कर झील, ब्रह्मा मंदिर, सावित्री मंदिर, वराह मंदिर, रंगजी मंदिर, मन महल और दर्जनों दर्शनीय स्थल हैं, जिन्हें बार-बार देखकर भी मन नहीं भरता। राजस्थान के अजमेर जिले में अरावली रेंज के बीच बसा पुष्कर भारत के सबसे प्राचीन शहरों व तीर्थों में से एक है। यहां सबसे प्रसिद्ध है ब्रह्मा मंदिर। यह झील के लिए भी प्रसिद्ध है, जिसमें 52 घाट हैं। इस पवित्र झील का पानी अपने घाटों पर स्थित 400 मंदिरों से गूंजते मंत्रों और भजनों के साथ घूमता हुआ सा लगता है।

पहाड़ियों से घिरा पुष्कर, भक्तों और पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय गंतव्य है। संस्कृत में, पुष्कर का अर्थ है नीले रंग का दिव्य कमल। पुष्कर में छोटी-बड़ी 108 पहाड़ियों का सौंदर्य, बरसात में किसी इंद्र लोक सा मनभावन हो जाता है, जब यहां सैकड़ों पहाड़ी झरने फूट पड़ते हैं। पर्वत श्रृंखला नाग पहाड़, चार-पांच किलोमीटर दूर से भी दमकता हुआ नजर आता है। प्राणि विज्ञान पर रिसर्च करने वालों का यहां तांता लगा रहता है। पुष्कर में पहाड़ी पर रोप-वे की सुविधा भी है। पहाड़ी पर बने सावित्री माता मंदिर तक इस रोप-वे से आवागमन होता है।विराट मेला :

पुष्कर में प्रवेश करते ही साज सज्जा और बाजार मन मोह लेता है। पुष्कर आकर ऐसा लगता है कि कोई विराट पर्यटन मेला लगा हुआ है, जो अनंत काल तक चलता रहेगा। यहां कलाकृतियों के बाजार हैं, योग शिविर हैं। पारसी, यूनानी, जैन, ईसाई सहित कई धर्मों के पावन स्थल और ध्यान केंद्र बाजार से ही दिखाई देते हैं। परंपरागत खान-पान, परिधान, वाद्ययंत्रों, लकड़ी के नक्काशीदार सामान की दुकानें सुबह से रात तक जगमगाती हैं। व्यावसायिकता के बावजूद यह शहर अपने परंपरागत स्वाद और आकर्षण को बरकरार रखता है। पुष्कर का सबसे बड़ा आकर्षण ह्यपुष्कर मेलाह्ल है, जो दीपावली के बाद लगता है।

# जिंदगी एक मजाक ही तो है



**ओशो**

जब धर्म और हास्य मिलते हैं, जब ध्यान हंसता है और हंसना ध्यान बन जाता है, तब चमत्कार घटता है–चमत्कारों का चमत्कार। लेकिन वह ऐसा केवल कहते नहीं थे। इसे मुमकिन भी किया था। दो विपरीत का मिलन, ओशो के यहां सहजता से हो गया था। धर्म और हास्य रजनीशपुरम में गलबहियां किए रहते। और अपने-आप में यह छोटा-मोटा चमत्कार ही था क्योंकि ओशो उन चंद लोगों में थे, जिन्हें धर्म के हंसमुख पक्ष की पहचान थी। ह्यूमर के असर का अंदाजा था।

वह मानते थे कि सदियों से धर्म के क्षेत्र में कथित गंभीर और उदास प्रवृत्ति के लोग ही प्रभावी रहे हैं। इन्होंने हंसी को चर्च, मस्जिद और मंदिरों से बेदखल किए रखा। जिस दिन हंसी ऐसी जगहों पर पहुंच जाएगी, ये जगहें सही मायनों में पवित्र कहलाएंगी। वह अपने प्रवचनों में इसी बाबत गूढ़ से गूढ़ बात हल्के-फुल्के अंदाज में कहा करते थे। उनकी कामना सहज, सरल और सबके लिए पच जाने लायक विचारों का पकवान परोसने की थी।

सेंस ऑफ ह्यूमर को इंसान की बुनियादी जरूरत बताते हुए ओशो ने कहा था, ह्यइसी से कोई शख्स संपूर्ण बनता है। यह सेंस ऑफ ह्यूमर है, जो हमें सेहतमंद, युवा और तरोताजा बनाए रखता है।ह्ल इस सिलसिले में अपने अनुयायियों के बीच दिया गया उनका एक प्रवचन बहुत मशहूर हुआ।

इसका नाम है, माय होल लाइफ इज फुल ऑफ जोक्स। इसमें उन्होंने कहा है कि बुद्ध की जगतप्रसिद्ध सीख ह्यअप्प दीपो भवः की बजाय ह्यअपना मजाक खुद बनाओह्ल पर अमल करना ज़्यादा आनंददायी है। जलते दीप का क्या करोगे? सिगार जलाओगे या दूसरों का घर !उनका साफ मानना था कि अपने आपको गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं। इसके लिए नजीर भी वह खुद की ही पेश किया करते थे। अपने जीवन को मजाक का गुलदस्ता बताकर। ह्यूमर कितना कूट-कूट कर भरा था ओशो में, यह हमें मुल्ला नसरूद्दीन के प्रति उनके प्रेम से पता चलता है।

ओशो कहते, मैंने मुल्ला नसरूद्दीन से जितना प्रेम किया है, उतना किसी से नहीं किया होगा। धर्म और हास्य एक दूसरे की ओर पीठ किए हुए खड़े रहते थे। नसरूद्दीन ने उनके बीच का झगड़ा खत्म करवा दिया। मुल्ला बतौर पात्र ओशो की अपनी गढ़ी हुई कहानियों में भी खूब आवाजाही करते।

# आनंद की सीमा



**प्रशांत झा**

एक बार पाब्लो नेरूदा सुख के सिद्धांत पर व्याख्यान दे रहे थे। वे कह रहे थे कि ह्यधरती पर शायद ही कोई ऐसा विरला मानव हो, जिसे सुख पसंद नहीं। कदाचित मानव के सभी संघर्षों की जड़ में यही सुख है। सुख को लेकर सबकी अपनी-अपनी परिभाषा और शर्त है, हो सकती है या हो भी क्यों नहीं! यह सुनकर एक श्रोता ने सवाल किया, नेरूदा जी, महोदय, मैंने आपकी बात मान ली है कि सुख को लेकर सबकी अपनी-अपनी कविता और बिम्ब हो सकते हैं, लेकिन सुख का सर्वोत्तम रूप क्या हो सकता है? पाब्लो नेरूदा ने कहा - मेरे पास, मेरे घर की दीवार पर एक पेंटिंग बनी हुई है, जिसमें एक आदमी अपने कमरे में अलाव के पास आराम से कुर्सी पर बैठा हुआ है। वह कोई पसंदीदा किताब पढ़ रहा है। उसके मुंह में सिगार है। कुर्सी के अगल-बगल दो झबरे कुत्ते बैठे हुए हैं, और वह आनंद से किताब पढ़े जा रहा है..। आगे नेरूदा ने कहा, ह्यमित्र, सच कहूं तो यही मेरे लिए सुख का सर्वोत्तम बिम्ब है। इस घटना का जिक्र पाब्लो नेरूदा ने अपने संस्मरण में किया है।

महान भारतीय वैज्ञानिक डॉक्टर हरगोविंद खुराना को वर्ष 1968 में औषधि एवं शरीर क्रिया विज्ञान की उपलब्धियों के लिए नोबेल पुरस्कार से अलंकृत किया गया। उन्होंने अमेरिका में रहकर शोध कार्य किए तथा वहां की नागरिकता भी ग्रहण कर ली। कुछ वर्ष बाद वह भारत आए। दिल्ली में उनके मित्रों ने उनके सम्मान में भोज का आयोजन किया। उन्होंने मेज पर रखे पश्चिमी व्यंजनों को देखकर कहा, ह्यमैं अमेरिका में भी भारतीय व्यंजनों को ही पसंद करता हूं। बाजरे की रोटी और सरसों का साग मुझे आज भी बहुत पसंद है। आपने मेरे लिए उसकी व्यवस्था क्यों नहीं की?

एक मित्र उनसे अंग्रेजी में बातें करने लगे तो उन्होंने पंजाबी भाषा में कहा, ह्यअपने देश में भी विदेशी भाषा में बातें करने में आप लोग गर्व क्यों करते हैं? क्या हमारे देश में देशी भाषाओं का अभाव है?

खुराना ने एक संगोष्ठी में कहा, जो अपने देश की संस्कृति, उसकी परंपराओं, भाषा आदि को भुला देता है, वह एक प्रकार से मातृभूमि के प्रति अपराध करता है। **ब्रदर्स एकेडमी रांची**

# कुंभ में गांधी जी

इतिहास विशेषज्ञों ने कुम्भ पर्व की प्राचीनता को अनेक स्थानों पर प्रमाणित किया है। चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा विवरण (644 ई.) के अनुसार भारत के तत्कालीन चक्रवर्ती सम्राट हर्षवर्धन माघ मास में प्रयागराज में आयोजित पंचवर्षीय धर्मसभा में अपना सर्वस्व दान कर दिया करते थे। 9वीं सदी में आदिगुरु शंकराचार्य ने पुरी, द्वारका, श्रृंगेरी एवं बद्रीनाथ में चार मठों की स्थापना करने के पश्चात लोक कल्याण की दृष्टि से कुम्भ मेले की परंपरा शुरू की थी। तमाम लिपिबद्ध प्रमाणों के अनुसार मध्ययुग में कुम्भ पर्व अपने पूर्ण विकसित रूप में मौजूद था। इतिहासकार जदुनाथ सरकार के अनुसार 1234 ई. में नागा संन्यासियों ने कुम्भ के अवसर पर ही निर्णायक विजय प्राप्त की थी। ह्यएशियाटिक रिसर्चेजह्ल के छठवें खण्ड में कैप्टन टामस हॉर्डविक ने भी 1796 में हरिद्वार में आयोजित कुम्भ मेले का उल्लेख किया है। इससे पहले के ऐतिहासिक दस्तावेजों में 1398 में हरिद्वार के कुम्भ मेले का विवरण मिलता है, जिसमें विदेशी आक्रान्ता तैमूर लंग ने भारी लूटपाट की थी। चैतन्य महाप्रभु के जीवनवृत्त में भी कुम्भ महापर्व का उल्लेख मिलता है। 14वीं शताब्दी के विद्वान सरस्वती गंगाधर की मराठी पुस्तक गुरुचरित्र तथा नाशिक से प्राप्त एक ताम्रपत्र में नाशिक में आयोजित होने वाले कुम्भ महापर्व का विवरण मिलता है। मध्यकालीन इतिहास के विशेषज्ञ बताते हैं कि उन दिनों भारत के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों की संख्या में आस्थावान जन हरिद्वार प्रयाग, उज्जैन एवं नाशिक में आयोजित होने वाले कुम्भ मेलों में भाग लेते थे। आदि शंकराचार्य एवं समर्थ गुरु रामदास के कुम्भ पर्व में सम्मिलित होने के बारे में भी इतिहासकार सांकेतिक विवरण देते हैं। 1678 ई. में हरिद्वार महाकुम्भ पर्व पर विख्यात प्रणामी संत महामति प्राणनाथ ने विद्वानों से शास्त्रार्थ करके निष्कलंक बुद्ध की पदवी प्राप्त की थी। आर्यसमाज के संस्थापक महर्षि दयानंद ने भी महाकुम्भ के अवसर पर पाखण्ड खण्डिनी पताका फहराई थी। 1915 में हरिद्वार महाकुम्भ के अवसर पर स्वामी श्रद्धानन्द के साथ महात्मा गांधी भी सम्मिलित हुए थे।

# क्या योग के लिए धार्मिक होना जरूरी है?

**स्वामी मुक्तरथ**

योग एक व्यावहारिक और वैज्ञानिक पद्धति है, जो चरणबद्ध तरीके से हमारी चेतना जागृत करती है।' यह कहना है आध्यात्मिक गुरु और समाज सुधारक श्री एम का। श्री एम यानी श्री मधुकरनाथ। अपनी कि ताब 'योगा ऑल्सो फॉर द गॉडलेस' में वह लिखते हैं कि योगी होने के लिए ईश्वर में विश्वास होना जरूरी नहीं। योग में भगवान महत्वपूर्ण नहीं है।

यह कि ताब तीन हजार साल पहले ऋषि पतंजलि के योग दर्शन पर लिखे 'योग सूत्र' का अनुवाद है। योग शब्द भारतीय दर्शनशास्त्र के छह सबसे प्राचीन दर्शनों में से एक 'सांख्य' से निकला है। भारत के सबसे प्राचीन ऋषियों में से एक कपिल मुनि ने की थी सांख्यशास्त्र की रचना। यह कितना महत्वपूर्ण है इस बात से पता चलता है कि भगवद् गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, 'मुनियों में मैं कपिल हूं।'सांख्य का मतलब होता है नंबर या अंक। इसका एक अर्थ और है - वह चरणबद्ध तरीका जिससे दिमाग विकसित होता है। सांख्य दैवत्व से इनकार नहीं करता, लेकिन उसका मानना है कि सृष्टि की रचना करने वाले ईश्वर का अस्तित्व नहीं है। यह द्वैतवाद दर्शन है यानी शरीर और आत्मा में फर्क मानने वाला सिद्धांत। इसके मुताबिक, पुरुष चेतना है और प्रकृति जड़।



श्री एम कहते हैं कि सांख्य के मुताबिक, संपूर्ण विश्व तत्वों और रसायनों के क्रमपरिवर्तन और संयोजन से बना है। आज के वैज्ञानिक भी तो यही कहते हैं। हम सबमें पुरुष भी है और प्रकृति भी। प्रकृति के बंधन और उसके गुणों - तम, रज और सत्त्व से मुक्त होना ही सांख्य योग का लक्ष्य है। गीता का दूसरा अध्याय भी सांख्य योग के ही बारे में है।

योग दर्शन इस लक्ष्य को पाने का व्यावहारिक तरीका है, जिसे सांख्य योग केवल सैद्धांतिक रूप से समझाता है। यह ईश्वर की बात करता है लेकिन सृष्टि की रचना करने वाले के रूप में नहीं, बल्कि ज्ञान और चेतना के भंडार के रूप में। सांख्यशास्त्र की ही तरह योग भी यही कहता है कि हर इंसान के भीतर पुरुष है। मन-मस्तिष्क को शांत करना इसका लक्ष्य है, जिससे तम, रज और सत्त्व नामक तीन गुणों के प्रभाव को पूरी तरह खत्म किया जा सके।

मन साफ और शांत होने पर 'पुरुष' जागृत होता है और तब यह अहसास होता है कि पुरुष यानी चेतना ही ज्ञान और ईश्वर का रूप है। 'योग' का मतलब यह नहीं है कि आप सृष्टि की रचना करने वाले ईश्वर में विश्वास रखते हों। योग तो वह है जिसका अभ्यास कर नास्तिक भी अपनी चेतना जगा सके, ज्ञान प्राप्त कर सके।

योग की चरम अवस्था होती है कैवल्य, यानी आत्मज्ञान की अवस्था को तभी पाया जा सकता है जब प्रकृति के प्रभाव से खुद को मुक्त किया जा सके। इस अवस्था में पहुंचने पर योगी दुख और निराशा को एक ही भाव से देखता है। उसके मन पर इनका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। श्री एम कहते हैं कि किसी भी मनुष्य को इस अवस्था तक पहुंचाने में भगवान का नहीं, योग का हाथ होता है। बहुत से लोग सोच सकते हैं कि योग तो हिंदू संस्कृति से निकला है, लेकिन ईश्वर में यकीन न करके भी हिंदू हो सकते हैं।

योग का ज़िक्र कई भारतीय ग्रंथों में हुआ है। सबसे पहले कथा उपनिषद् में। भगवद् गीता और पतंजलि की 'योग सूत्र' में इसका ज़िक्र मिलता है। क्या इन ग्रंथों में को अलग-अलग तरह से परिभाषित किया गया है? क्या योग को देखने का सबका अलग नजरिया है?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# विवाह में रुकावट दूर करने के लिए करें ये उपाय

**मदन गुप्ता सपाटू**

विवाह में रुकावट के अनेक कारण हो सकते हैं। ज्योतिष के अनुसार, कुंडली में मांगलिक या कालसर्प दोष होना या सप्तम भाव का निर्बल होना जैसे कई बिंदु हो सकते हैं। ज्योतिष में बहुत से उपाय हैं जिन्हें करने से रुकावट दूर करने में मदद मिलती है। इसके अलावा कई बार वास्तु की भूमिका भी बहुत निर्णायक होती है। वास्तु के छोटे-छोटे उपाय भी ऐसी बाधाएं दूर करते हैं। घर का दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य) कोना विवाह में बाधा का सबसे बड़ा कारण बनता है। इस कोने में युवक-युवतियों का बेडरूम नहीं बनाना चाहिए।

उत्तर-पूर्वी दिशा में बने बेडरूम में भी उन्हें नहीं सोना चाहिए।



बेडरूम का दरवाजा दक्षिण-पश्चिम दिशा में खुलने वाला नहीं होना चाहिए।

घर के मध्य भाग में सीढ़ियां या कोई भी भारी सामान नहीं रखना चाहिए, इससे विवाह में बाधा आती है। घर के मुख्य द्वार के दोनों ओर कम से कम 10 फीट दूर तक कोई भी कंटीला पौधा, वृक्ष नहीं होना चाहिए।

**समाज**

युवक-युवतियों, खासकर लड़कियों का कमरा पश्चिमी दिशा में होना चाहिये, इससे विवाह कार्यों में बाधाएं नहीं आती। ऐसे कमरे में न सोएं जहां रोशनी और हवा कम आती हो। ऐसा कमरें में सोएं, जहां एक से ज्यादा दरवाजे या खिड़कियां हों। कमरे की दीवारों पर हल्का खुशनुमा रंग होना चाहिए। युवतियों के बेडशीट का रंग हल्का हो, जैसे हल्का गुलाबी।

युवक-युवतियों के कमरे में श्रीकृष्ण की तस्वीर या बांसुरी अवश्य लगानी चाहिए।

काले रंग से दूरी बना लें। यह रंग राहु, केतु और शनि का प्रतिनिधित्व करता है, जिससे काम में अड़चने आती हैं। काले के बजाय लाल, पीला, हरा रंग पहन सकते हैं। युवक-युवती को पीले रंग की चीजों का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए।

विवाह योग्य युवक, युवतियों के बेड के नीचे लोहे का सामान या किसी भी तरह का कूड़ा-कबाड़ न रखें। कमरे में कोई बड़ा बर्तन भी नहीं होना चाहिये।

रिश्ते के लिए मिलने जाने पर युवक और युवती को दक्षिण दिशा में मुख करके नहीं बैठना चाहिए। दक्षिण दिशा को मंगल कार्यों के लिए अशुभ माना गया है।

## महिलाओं के प्रति परम्परागत सोच और उसके



## स्पीड न्यूज

### जिप सदस्य आशुतोष तिवारी थामेंगे आजसू का दामन



**चान्हो।** प्रखंड के पूर्वी जिप सदस्य आशुतोष तिवारी और मांडर के जिप सदस्य परमेश्वर भगत समेत दर्जनों लोग रविवार को आजसू पार्टी का दामन थामेंगे। इस कार्यक्रम के लिए मिलन समारोह का आयोजन बीजू पाड़ा के निकट सरहुल बगीचा में किया गया है। इस मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो मौजूद रहेंगे। उनके साथ-साथ जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला वीरेंद्र भगत भी मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम में झारखंड के पारंपरिक संस्कृति की एक झलक पाइका नृत्य के रूप में देखने को मिलेगी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए लापुंग से नृत्य मंडली को भी बुलाया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत दिन के दस बजे से होगी।

### पीसीआर ने ब्रजपुर से चार जुआरियों को दबोचा

**रातू।** थाना क्षेत्र के ब्रजपुर में आये दिन हो रही चोरी की घटना से लोग सचेत हो गये हैं। अपराधकर्मी अब तक मुहल्ले के चार घरों को निशाना बना चुके हैं। शनिवार की रात 8.15 बजे गुप्त सूचना पर पहुंची पीसीआर की टीम ने ग्रामीणों की मदद से चार संदिग्ध युवकों को धर दबोचा और थाने ले आयी। वह गांव के आम बगीचे में शराब पी रहे थे। उनके पास से बतौर चखना पके मीट भी मिले हैं। चारों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिकए चारों युवक बगीचा में नशे का सेवन कर रहे थे। ग्रामीणों ने आशंका जतायी की शायद यही गिरोह यहां चोरी की घटना को अंजाम दे रहा है। योजनाबद्ध तरीके से उन्हें घेर कर पीसीआर को इसकी सूचना दी गयी। टीम को आती देख वह भागने लगे। लेकिनए लोगों की मदद से उन्हें दौड़ाकर दबोच लिया गया।

### एसएसबी ने 21 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**राहे।** एसएसबी 26वीं बटालियन के कमांडेंट एसडी शेरखाने के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के इडिसेरेंग ओर कानकट्टा गांव के जंगल आसपास में 26वीं बटालियन ए कम्पनी सताकी कैम्प और अनगड़ा पुलिस के संयुक्त अभियान में 21 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया। इस दौरान ग्रामीणों के बीच नशे से दूर रहने को लेकर जागरूकता चलायी गयी। अभियान में ए कम्पनी के कमांडर जगन्नाथ उरांव सहायक उपनिरीक्षक तिलक राज राकेश घोष गुड्डू चौधरी सुदर्शन पिलाई तथा अनगड़ा पुलिस शामिल थे।

### ग्रामीणों ने अपने विचार केंद्र सरकार को लिखकर बताया

**सिकिदिरी।** लाभार्थियों की गारंटी मोदी की गारंटी कार्यक्रम के तहत घूम रहे मोदी रथ को भाजपा सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में खभावन हुंडरू और सिकिदिरी में घुमाया गया। इस दौरान लोगों ने अपने सुझाव लिखकर रथ के बाक्स में डाला। इस मौके पर नंदलाल राम मनमोहन भोगता शिवधर रजवार जगदीश रजवार धनेश्वर बेदिया सत्यपाल राऊत बिट्टू कुमार आदि उपस्थित थे।

# बुढ़मू : गोली मारकर एक की हत्या

## बाइक पर आये तीन अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के सूमो गांव में बीती रात्रि एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम कतिया उरांव (45 वर्ष) था। वह बुढ़मू थाना क्षेत्र के सूमो गांव का ही रहने वाला था। घटना रात्रि लगभग 12 बजे आसपास की बताई जा रही है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार बाइक सवार तीन अपराधकर्मियों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। परिजनों के अनुसार हेलमेट पहने 3 अपराधियों ने दस्तक देकर घर में घुसे और बिस्तर पर सो रहे कतिया उरांव के माथे में गोली मारकर चलते बने। घटना को किसने और क्यों अंजाम दिया इस बात की पुष्टि अभी तक नहीं हो पायी है। पुलिस कई बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। मृतक की पत्नी के अनुसार घटना के पीछे आपसी रंजिश का मामला बताया जा रहा है।

## ब्रिज व्यू कॉलोनी में हमलावरों ने दिया घटना को अंजाम

## रातू में मकान मालिक पर बेलचा से हमला, घायल



**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के झिरी आनंदनगर स्थित बुद्धा हाउसिंग को ऑपरेटिव सोसाइटी के समीप ब्रिज व्यू कॉलोनी में 8 मार्च की देर रात हमलावरों ने श्याम सुंदर राम शर्मा उर्फ चाचाजी पर बेलचे से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आयी है। राज हॉस्पिटल में उन्हें भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। ट्रेनी आईपीएस एस मो याकूब ने मुहल्ले का दौरा किया। शनिवार की सुबह हॉस्पिटल जाकर पीड़ित परिवार से मिल घटना की जानकारी ली। मामले को लेकर उनके पुत्र सुमित कुमार शर्मा के बयान पर रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### जानें कैसे घटी घटना

चाचाजी यहां जमीन खरीद तिमंजिला मकान बना रहे हैं। खाना खाने के बाद निमार्णाधीन एक कमरे के चौकी पर सोये हुये थे। दूसरे कमरे में मजदूर रहते हैं। रात को हमलावर पहुंचे और आवाज देकर जगाया। जैसे ही बाहर आये समीप में रखे बेलचे से उन पर हमला कर दिया। इससे वह चोटिल हो गये। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### ईंट भट्ठा मजदूर ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**ओरमांझी।** छत्तीसगढ़ से अपने पत्नी के साथ मजदूरी करने आया एक मजदूर ओरमांझी में आत्महत्या कर लिया है। थाना क्षेत्र के होचई स्थित महावीर साहू के ईंट भट्ठा में फांसी में लटका उसकी शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान सत्यपाल यादव 52 वर्ष के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी सविता यादव के साथ दो माह पूर्व ईंट भट्ठा में मजदूरी करने ओरमांझी आया था। वह मजदूरों के लिए बने छोटे कमरे में रहकर ईंट भट्ठा में मजदूरी करता था। शुक्रवार को भोजन करने के बाद वह सोने चला गया। सुबह चार बजे भोर में पत्नी ने उसे फांसी पर लटका देख अन्य मजदूरों को जानकारी दी। वह कमरे में लगे एंगल में साड़ी से फांसी लगा लिया था।

## बीडीओ ने किया लपरा पंचायत की विकास योजनाओं का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी के द्वारा लपरा पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर योजनाओं का निरीक्षण किया गया इस दौरान नावाडीह ग्राम में मनरेगा योजना से संचालित सावित्री देवी का बिरसा संवर्धन सिंचाई कूंप निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। उसके पश्चात राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह में आगामी लोकसभा के मद्देनजर मतदान केंद्र पर आवश्यक मूलभूत सुविधा को देखा गया। साथ ही विद्यालय में मिल रहे मध्याह्न भोजन की भी जांच की गई। नावाडीह ग्राम के ही सरिता देवी के जमीन पर अबुआ आवास योजना का नीव खोदने का कार्य कनीय अभियंता के द्वारा किया गया। लपरा पंचायत के महुआटांड़ में आदिम जनजाति समूह के बिरहोरों के लिए जनमन योजना के तहत बन रहे आवास का निरीक्षण किया गया। बिरहोरों के आवास का निरीक्षण करने दौरान अधूरी पड़ी कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया गया। वहीं राजकीयकृत मध्य विद्यालय लपरा में मतदान केंद्र संख्या 1 और 2 में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जांच किया गया। अंत में पंचायत सचिवालय का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर लपरा पंचायत मुखिया पुतुल देवीए ग्राम प्रधान रविन्द्र मुंडाए प्रखंड समन्वयक किशोर कुजूरए कनीय अभियंता रमेश कुमार गुप्ताए जनसेवक आदित्य नाथ झा सहित अन्य उपस्थित थे।

# इटकी : भाजपा प्रत्याशी ने जगन्नाथ मंदिर में मत्था टेका

## कार्यकर्ताओं से लोस चुनाव पर की चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने के बाद समीर उरांव शनिवार को पहली बार इटकी पहुंचे और जगन्नाथ मंदिर में मत्था टेका। इस दौरान प्रत्याशी समीर उरांव के साथ पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर और रामनारायण भगत कार्यकर्ताओं के साथ रू-ब-रू होते हुए कहा कि आप चुनाव कार्य में लग जायें। लोहरदगा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी को लगातार चौथी बार जीत दर्ज करा भाजपा का अबकी बार चार सौ पार का नारा को साकार करें। मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की के अगुवाई में जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से पदयात्रा करते हुए विभिन्न मुहल्ले का भ्रमण कर जनसंपर्क अभियान चलाया और अपने पक्ष में मतदान करने का लोगों से अपील किया। इसके बाद सरना स्थल पहुंचे और माथा टेक कर मां सरना से आशीर्वाद लिया। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, राजेश्वर महतो, कृष्णा तिवारी, राजकुमार महतो, गणेश महतो, उज्जवल सिंह, राहुल केसरी, अंकित तिवारी, संजय महतो, बासू गोप सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नरकोपी में चलाया जनसंपर्क अभियान

**बेड़ो।** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशीएराज्यसभा सांसद सह एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने बेड़ो में शनिवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने देवी मंडपए महादानी मंदिरए सरनास्थल व मुड़हर पहाड़ पर स्थित मुड़हर बाबा के दरबार में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। इसके पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने प्रत्याशी समीर उरांव का परंपरागत नाच गान के साथ माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया। कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को सरजमीन पर साकार करना हमारा कर्तव्य है। जनसमस्याओं के समाधान के प्रति सजग और तत्पर रहूंगा। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं केंद्रीय योजनाओं को लोगों को बतायें।

### समीर उरांव ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**चान्हो।** लोहरदगा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव शनिवार को चान्हो और मांडर प्रखंड में जनसंपर्क अभियान रैली में शामिल हुए। चान्हो ए मांडर मंडल में जनसंपर्क अभियान में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी सह एस टी मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य समीर उरांव का जोरदार स्वागत किया गया। साथ में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर शामिल हुईं। सिलागाईं स्थित शाहिद वीर बुधु भगत की मूर्ति में माल्यार्पण किए। साथ ही सिलागाई बाजार में लोगों से जन संपर्क का मिले। साथ ही चान्हो भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया।

## एक नजर में

### छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



रैली में शामिल कॉलेज की प्रशिक्षु छात्राएं।

**ओरमांझी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर एमआरडी टीचर्स टेजनिंग कालेज के प्रशिक्षु छात्राओं द्वारा शनिवार को एक जागरूकता रैली निकाली गई। कालेज से शास्त्री चौक होते हुए रैली प्रखंड मुख्यालय तक पहुंची। रैली में शामिल छात्राएं सभ्य समाज की पहचान बनेगी, बेटियां देष की शान बनेगी। से बेटियों को दो पहचान बड़ी होकर बनेगी देश की शान, जैसे महिलाओं के प्रति जागरूकता के विभिन्न स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर लोगों को बेटियों को पढ़ाने व सम्मान देने के प्रति जगरूक कर रहे थे। रैली में शामिल उप प्राचार्य अरफा सदाफ ने बताया, आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस था। उस दिन महाशिवरात्रि की छुट्टी होने के कारण शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सलोमी, ज्योत्सना, शाहीन, बिनिता, अनिशा, निमरोडी व जीनीथ सहित प्रशिक्षु छात्राएं शामिल थीं।

### कॉलेज छात्रों ने जाना ब्रांडेड का महत्व

**ओरमांझी।** आरटीसी महाविद्यालय में शनिवार को वाणिज्यिक विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता गुलशन कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को ब्रांडिंग एंड ब्रांड का महत्व बताया और इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपने प्रोडक्ट को कैसे मार्केटिंग किया जा सकता है इसकी जानकारी दी। वहीं कॉलेज के प्रचार्य डा भीम महतो ने बताया कि छात्रा को रोजगार पुरक शिक्षा के साथ व्यवसायी छात्र में जाने वालों छात्रों के लिए इस प्रकार का कार्यशाला काफी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष रामकुमार महतो, वरिष्ठ शिक्षक ओमप्रकाश शाह शिक्षिका नाजी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### इटकी में राज्य पेंशनर समाज की बैठक

**इटकी।** राज्य पेंशनर समाज इटकी इकाई की एक बैठक शनिवार को एकता नगर स्थित कैंप कार्यालय में हुई। बैठक में पेंशनरों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इसके अलावा स्थानीय ग्रामीणों को समुचित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में निर्मित 150 बेड का कोविड वार्ड को जनहित में जेनरल अस्पताल बनाए जाने की मांग को लेकर पेंशनर समाज द्वारा एक सप्ताह के अंदर स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की से मिलने का निर्णय लिया। बैठक में पेंशनर समाज के अध्यक्ष मुस्ताक अहमदए बिनोद कुमार सिन्हाए एनी रोबाए किशोर गोपए जीतू उरांवए सतीश होरोए मोनिका कोनगाड़ीए क्रिस्टना बाड़ाए ओबेदुल्लाहए इजाजुल हकए विटोल कच्छप उपस्थित थे।

## खलारी में अवैध कारोबार और अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर थाना प्रभारियों संग चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी ने क्षेत्र में बढ़ते अपराध को नियंत्रित को लेकर कमांड क्षेत्र के थाना प्रभारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में मैक्लुस्कीगंज खलारी बुढ़मू ठाकुरगांव मंडार चान्हो थाना के प्रभारियों ये साथ अपराध समीक्षा किया। जिसमें क्षेत्र के सभी नए थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि वह अपने अपने थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखे। पुलिस पदाधिकारियों को वारंट और कुर्की निष्पादन शीघ्र करने का निर्देश दिया। अपराध एवं उग्रवाद पर नियंत्रण करने हेतु छापामारी अभियान चलाना ए लंबित कांडों का अनुसंधान पूर्ण करना पुराने कांडों का शीघ्रता से निष्पादन करनाए क्षेत्र के लोगों के साथ अच्छा व्यवहार कर उनका दिल जितना एवं सामान्य पुलिसिंग में उनका मदद लेनाए आम जनता के छोटे.बड़े सभी प्रकार के विधि समस्त कार्यों का निष्पादन करनाए अवैध कारोबार पर पूर्णतः रोक लगाना। आगामी लोकसभा चुनाव के मध्य नजर मतदान केदो का सत्यापन करना। शैडो एरिया चिन्हित करना हेलीपैड हेतु मैदान चिन्हित करना मतदान में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असमाजिक तत्वों की सूची बनाकर कार्रवाई करने पर चर्चा हुई।

## शैक्षणिक भ्रमण करने से बच्चों के ज्ञान में होती है वृद्धि : ललन सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेड़ो के कक्षा 8 के बच्चों के एजुकेशनल टूर के तहत शनिवार को रांची स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क पहुंचे। यहां बच्चों ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं चलचित्र के माध्यम से धरती आबा के बचपन से लेकर मृत्यु तक के जीवन गाथा एवं संघर्ष को समझा। बच्चों ने उस कक्ष का भी भ्रमण किया जहां धरती आबा बिरसा मुंडा को अंग्रेजों ने कैद कर रखा थाए साथ ही झारखंड के अन्य वीर शहीदों के बारे में जानकारी प्राप्त की। टुर के दौरान विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने बताया कि उक्त शैक्षणिक भ्रमण विद्यालय के बच्चों के सामाजिक विज्ञान विषय के व्यावहारिक परीक्षा के लिए था। उक्त स्थान का भ्रमण कर बच्चों को वहां के बारे में थेसिस लिखकर विद्यालय में जमा करना होगाए जिस पर उन्हें फाइनल परीक्षा में 20 अंक प्रैक्टिकल के रूप में प्राप्त होंगे। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के ज्ञान एवं रुचि में वृद्धि होती है साथ ही बच्चों का मनोरंजन भी होता है।

### प्रखंड कार्यालय पर आदिवासी-मूलवासी का धरना

**अनगड़ा।** आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति झारखण्ड के बैनर तले शनिवार को अनगड़ा प्रखंड सह अंचल कार्यलय के समक्ष विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। बाद में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी अनगड़ा को 9 सुत्रीय मांगपत्र सौंपा। मांग पत्र में अबुआ आवास लाभुकों के चयन मे गड़बड़ी मे सुधार करने। रैयतों की ऑन लाईन पंजी टू मे खाता प्लॉट की इन्ट्री में हुयी गड़बड़ी मे सुधार करने राशन कार्ड धारियों का नाम ऑन लाईन करने समय पर जाति आय प्रमाण पत्र बनाने सहित नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। नेताओं ने चेतावनी दी है कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो विवश होकर प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में तालाबंदी के साथ उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर नन्हें कच्छप प्रदीप तिर्की पिंकू मुण्डा राजेंद्र महतो संतोष मुंडा मौजूद थे।

# रातू थाने को दान में मिली जमीन पर अवैध कब्जा

**● धड़ल्ले से बन रहे मकान, विभाग को नहीं है चिंता**

## सरकारी भूखंड पर माफिया तत्वों की गिद्ध नजर

## आईपीएस ने कार्रवाई का दिया भरोसा



ट्रेनी आईपीएस एस मो याकुब को जमीन पर अवैध कब्जे से अवगत कराया गया। सीओ रवि कुमार से इसकी जांचए अंचल अमीन से मापी कराकर इसे मुक्त कराने व सीमांकन के बाद घेराबंदी की मांग की गयी। इस पर उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राजधानी से सटे ग्रामीण क्षेत्र की सरकारी जमीन पर माफिया तत्वों की गिद्ध नजर है। उन्हें प्रशासन का कोई खौफ नहीं है। इसमें सफेदपोश और आपराधिक प्रवृति के लोग संलिप्त हैं। पहुंच की बात करेंए तो वह सत्ता को अपनी कठपुतली समझते हैं। इस बार रातू थाने की जमीन को निशाना बनाया गया। काठीटांड़ निवासी दिलेश्वर उर्फ मोहन साहू, जगमग साहू व सुरेश साहू ने भूखंड पर अवैध कब्जा कर खटाल, बाथरूम, कुआं, केले का बागान और पक्का मकान बना लिया है। वहीं सुशील राम ने जमीन के कुछ हिस्से को स्लैब फैक्ट्री चलाने के लिये लीज पर दे दिया है। किंतु विभाग को इसकी कोई चिंता नहीं है।

### युवराज ने दी थी जमीन

छोटानागपुर राज के युवराज गोपाल शरण नाथ शाहदेव ने समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के आग्रह पर मौजा रातू के समीप 55 डिसमिल जमीन थाना भवन निर्माण के लिये राज्यपाल के नाम दान की थी। इसकी खाता संख्या 426 व प्लॉट नंबर 3272 है।


e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. - 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Very Short Term e-Procurement Notice — Date -07-03-2024

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/27/2023-24 | Renovation of Co-Ordination Building in JUT Campus Namkum, Ranchi | 8535400.00 | Three Month |
| 2 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 15-03-2024 at 02.00 PM | |
| 3 | Date/Time of Opening of Bid | | 16-03-2024 at 03.00 PM | |
| 4 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 5 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 6 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

PR 322025 (Building) 23-24 (D)

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda,
Ranchi-834002 , e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement Short Notice
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/75/23-24 Dated 07.03.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for Development of Marine drive along with river bank elevated structures as required from Jaganathpur Mandir –intake well Sarailkela town hall- Shiv Temple-PHED office- Existing bridge across Kharkai river- Saraikela bus stand- Kalighat Temple- Shiv Temple- Crematorium upto Saraikela- Chaibasa Road in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in Category-II with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 2.5 Km, |
| 3- | Work completion time | 60 Days |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | Cost of Tender Document - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. EMD :- Rs- 1,00,000/- (Rupees One Lac) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 12.03.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 27.03.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 28.03.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi

PR 322004 Road(23-24).D


# शिव शक्ति हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के प्रेम नगर स्थित शिव शक्ति हनुमान मंदिर प्रेम नगर मंदिर निर्माण समिति का तीन दिवसीय भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम दिवस पर भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची सांसद संजय सेठ विशिष्ट अतिथि सीमा शर्मा नगड़ी जिप सदस्य सह आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक. पूनम देवीए मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष बजरंग महतो सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और समाजसेवी लोगों ने भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। मौके पर सैकड़ों कलश यात्रियों ने जय श्री राम एबजरंग बली की जयए मां दुर्गा की जय के गगनभेदी जयकारों के साथ कलश यात्रा प्रेम नगर स्थित मंदिर परिसर से परम्परागत मार्गों से होते हुए भव्य कलश यात्रा नगडी स्थित स्वर्ण रेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुंआ पहुंची विधि पूर्वक कलश में जल भर परंपरागत मार्ग से होते हुए मंदिर परिसर पहुंचीं कलश यात्रा के पश्चात मंदिर समिति के और सैकड़ों कलश यात्रियों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। रविवार को तीनों देवों की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण तथा प्रवचन तथा सोमवार को भंडारा का आयोजन किया गया है।

### कलश यात्रा में ये लोग थे शामिल

मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष बजरंग महतो विध्याचल महतो उपेंद्र मेहता धीरज मेहता मनीष केसरी शंभू महतो गोपाल ठाकुर पवन महतो राजमोहन महतो रमेश महतो सरवन महतो वीरेंद्र महतो मारुति मंगल परिवार विक्रम महतो प्रमोद महतो रोहित महतो राहुल महतो विक्रम सिंहअशोक ठाकुर कृष्णा महतो आनंद साहू अंकित साहू सोनू तिवारी हीरालाल तिवारी दुर्गा महतो सरवन महतो शशिकांत महतो हेमंत मिश्रा बसंत मिश्रा विक्रांत सिंह कृष्ण अधिकारी सुदामा ठाकुर सिकंदर साहू विष्णु दुबे अजय विश्वकर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

### मनोकामना मंदिर वर्षगांठ पर भंडारा

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के टिकरा टोली स्थित मनोकामना मंदिर का 14 वीं वर्षगांठ के दूसरे दिन रविवार को भक्त भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें नगड़ी रातू प्रखंड के दर्जनों गांवों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व सांसद संजय सेठ, रविन्द्र सिंह डॉ आरपी सिंह एवं मनोकामना मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष विजय महतो ने श्री फल फोड़कर भंडारा का शुभारंभ किया। मौके पर किरण देवी प्रिती कुमारी दिवाकर प्रसाद सुधाकर प्रसाद अनिल महतो सुनिल महतो मनोज महतो कपिल महतो बहुरा गोप पवन कुमार इंद्रजीत महतो मोती महतो सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व श्रद्धालु मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## मरमर में जंगली हाथी ने मचाया उत्पात, दो घरों को किया ध्वस्त


क्षतिग्रस्त घर।

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत मरमर ग्राम में जंगली हाथी ने एक बार फिर से बीते रात जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों के झुंड से बिछड़े एक हाथी ने हेमामानी देवी पति प्रभु गंझू के घर को ध्वस्त कर दिया वही चरका गंझू के घर मे रखे अनाज लगभग 2 क्वींटल चालव समेत अन्य सामानो को चट कर गया। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि लगभग 8 बजे करीब झुंड से बिछड़ा हुआ एक हाथी गांव में आ धमका व उत्पात मचाने लगा। गांव में हाथी के आने के बाद गांव के अफरा-तफरी मच गई व लोग सुरक्षित ठिकानों में दुबककर अपनी जान बचाई। इस दौरान लगभग एक घण्टे तक गांव में डेरा जमाए रहा। ग्रामीणों ने आगे कहा कि विगत ढाई वर्ष से जंगली हाथी क्षेत्र में डेरा जमाए हुए है। पहले झुंड में हाथियों की संख्या 12-14 हुआ करती थी जो धीरे धीरे बढ़कर 3 दर्जन के करीब हो गयी है। उसी में से एक हाथी झुंड से अलग हो गया है व लगातार उत्पात मचा रहा है। वहीं वन विभाग हाथियों को क्षेत्र से दूर भाग कर सुरक्षित वन क्षेत्र पहुंचाने में असफल साबित हो रही है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

## ईवीएम व वी वी पैट मशीन से मतदान की दी गई जानकारी


जानकारी देते लोग।

**चंदवा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर चंदवा के कई बूथों पर मतदाताओं को वी-पैट मशीन से मतदान करने की जानकारी दी गई। प्रशासन के निर्देश पर प्रखंड कर्मियों के साथ बीएलओ ने नए मतदाताओं के साथ पुराने वोटरों को वी-पैट मशीन पर मतदान करने के तरीकों की जानकारी दी। उसका डेमो कराया। प्रखंड के अलौदिया के मतदान केंद्र संख्या 304, 299, 301, 303 समेत अन्य बूथों पर नए ओर पुराने वोटरों को बताया गया कि बैलेट यूनिट बक्से में लगे अपने पसंदीदा प्रत्याशी के आगे नीला बटन दबाना है। नीला बटन दबाने के सात सेकेंड के अंदर टीं की आवाज करते लाल बल्ब जलेगा। जिससे स्पष्ट हो जाएगा कि मतदान पूर्ण हो गया। उसके बाद भी जानना हो कि उनका मतदान सही उम्मीदवार को मिला है अथवा नहीं की जांच के लिए बगल में बीवी पीएटी बाक्स से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मौके पर प्रखंड कर्मी अजीत रंजन, गौतम कुमार, मुकेश भगत, अमित कुमार, बीएलओ विद्या रानी, मंजरी देवी, मीना देवी के अलावा वीणा भगत, अक्षय लाल सिंह, माधुरी देवी, जुलेखा बीवी, दिशा कुमारी, कोमल कुमारी, सुनीता देवी, सोनमतिया देवी, नूरजहां बीवी समेत पुलिस बल व अन्य मौजूद थे।

## एसके टेक्सटाइल नामक कपड़ा दुकान का हुआ उद्घाटन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ पुराना स्टेट बैंक के समीप शनिवार को एसके टेक्सटाइल नामक प्रतिष्ठान का उद्घाटन समाजसेवी मोहम्मद इलियास ने पिता काटकर किया प्रतिष्ठान के संचालक मोहम्मद आसिफ ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के रेडीमेड, सटिंग शूटिंग एवं ब्रांडेड कपड़ा उचित मूल्य पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में होली पर्व एवं ईद को देखते हुए अच्छी क्वालिटी का ब्रांडेड कपड़ा उपलब्ध कराई गई है। जिसमें लोगों को सुविधा अनुसार छूट दी जाएगी।उन्होंने लोगो से अपनी दुकान में एक बार अवश्य आने का अपील किया ।मौके पर मोहम्मद साजिद, संतु प्रसाद गुप्ता, आशीष ओझा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मंदिर स्थापना दिवस के मौके पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन


कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत अंतर्गत कुटमु शिव मंदिर के वार्षिक स्थापना दिवस को लेकर शनिवार को कुटमु चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर, यूथ कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, मुखिया मंजू देवी, नीतू देवी सामाजिक कार्यकर्ता अमरेश गुप्ता, और शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के संस्थापक डॉ पवन कुमार समेत अन्य तिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के उद्घाटन के पूर्व अतिथियों के द्वारा भगवान भोलेनाथ की मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करने के साथ माल्यार्पण किया गया जिसके बाद चौक में स्थित राजा मेदिनीराय की प्रतिमा पर अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान प्रखंड प्रमुख सुनीता कुमारी, उप प्रमुख बिरेंदर जायसवाल सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद दिलीप यादव, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

छह सूत्री मांगों को अविलंब पूरा नहीं किया गया तो होगा जोरदार आंदोलन

# आंदोलनकारियों ने किया आर्थिक नाकेबंदी और रेल का चक्का जाम

खबर मन्त्र संवाददाता


रेल का चक्का जाम करते आंदोलनकारी।

**बरवाडीह।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले चिन्हित आंदोलनकारी विक्टर केरकेट्टा के नेतृत्व में आर्थिक नाकेबन्दी एवं रेल का चक्का जाम किया गया। इस दौरान सैकड़ो ग्रामीण महिला और पुरुषों ने अपने-अपने हाथों में तीर-धनुष, भाला-फरसा आदि लेकर रेलवे के 17 सी फाटक पर पहुंच रेल का चक्का जाम कर दिया। इस दौरान रेलवे गेट के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर मौजूद आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने सभी आंदोलनकारियों को समझा बुझाकर काफी मशक्कत के बाद जाम क्लियर किया। जहां विक्टर केरकेट्टा ने बताया कि झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा केन्द्रीय कमिटी के अह्वान पर शनिवार को सम्पूर्ण झारखण्ड में आर्थिक नाके-बन्दी करने का निर्देश दिया गया था। जिसकी लिखित सूचना केन्द्रीय कमिटी द्वारा पूर्व में ही गृह विभाग झारखण्ड सरकार को दे दी गई है। उन्होंने अपनी मांगो के संबध में बताया कि सरकार आंदोलनकारियों का शीघ्र चिन्हितीकरण कर पेंशन लागू करें। बरवाडीह तथा केचकी रेलवे स्टेशन पर सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव किया जाए। केचकी एवं छिपादोहर स्टेशन पर फूट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए। व्याघ्र परियोजना पलामू अन्तर्गत ग्रास प्लोट एवं प्लानटेशन के नाम पर जंगल की अवैध कटाई पर अबिलम्ब रोक लगाया जाय तथा स्थल जांच कर दोषी अधिकारियों पर शख्त करवाई किया जाए। बरवाडीह से मण्डल रोड (30 किलोमीटर) जो चालीस वर्षों से खराब हालत में है, इसका अविलम्ब निर्माण किया जाए। चीरिमिरी रेलवे लाईन को चालू किया जाए। मौके पर वरिष्ट नेता शशि भूषण तिवारी और संतोष प्रसाद समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## उपायुक्त गरिमा सिंह ने हस्ताक्षर अभियान का किया शुभारंभ


हस्ताक्षर करती डीसी।

**लातेहार।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग द्वारा जिले भर में कई कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को समाहरणालय में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा मतदाता हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर मतदाता हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि पूरे जिले में स्वीप के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदाताओं को हस्ताक्षर अभियान से जोड़ना एवं उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, अन्य पदाधिकारी, कर्मियों व मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया।

## बालूमाथ पुलिस ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

खबर मन्त्र संवाददाता


जागरूकता अभियान चलाती पुलिस।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय के नेतृत्व में शनिवार को लातेहार पुलिस द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बालूमाथ में पदस्थापित पुलिसकर्मी व बालूमाथ के ग्रामीण शामिल हुए। वही एक जागरूकता रैली निकली गई जो बालूमाथ थाना परिसर से आरंभ होकर थाना चौक, पुराना बस स्टैंड ,दुर्गा मंडप, छठ तालाब, गालिब कॉलोनी, भामाशाह नगर, चेक नाका होते बालूमाथ थाना के समीप आकर समाप्त हुई। जागरूकता रैली में शामिल उपस्थित लोगों ने सारे काम छोड़दो सबसे पहले वोट दो, छोड़ो अपना सारा काम चलो करें पहले मतदान, मेरा वोट मेरी ताकत, सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता, समेत कई नारा लगा रहे थे। मोके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने कहा कि आप अपने मनपसंद सरकार चुनने के लिए आप अपना मतदान अवश्य करें। आज लोगों में ऐसी धारणा है कि मेरा एक वोट नहीं देने से कोई फर्क नहीं पड़ता है लेकिन लोकतंत्र में हर एक वोट का महत्व बहुमूल्य है। आज वोट प्रतिशत 50- 60% में ही सिमट जा रही है इसलिए लातेहार पुलिस आप लोगों से अपील करती है कि मतदान के दिन सारा काम छोड़कर वोट अवश्य करें। इस मौके पर एस आई गौतम कुमार, सुरेंद्र कुमार महतो, अमित कुमार रविदास, लातेहार से आये एएसआई मोहम्मद मुजफ्फर, बालूमाथ एएसआई दिवाकर दुबे, पुलिकर्मी जमुना राम, राहुल कुमार, ग्रामीण मन्जो साव, महेंद्र साव, विनोद कुमार, सिटी देवी, मंजू देवी, शांति देवी समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## छह घंटे इंतजार के बाद पीएम उज्जवला योजना के तहत लाभुकों को मिला नि:शुल्क गैस

खबर मन्त्र संवाददाता


वितरण करते अतिथि।

**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के पोखरी कला में संचालित केजीएन इंडियन गैस एजेंसी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में जिला परिषद के सदस्य सन्तोषी शेखर, उप प्रमुख बिरेन्द्र जायसवाल सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप यादव विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, भाजपा उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि ने शामिल थे। जहा प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए दर्जनों से अधिक लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के निशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। लेकिन इससे पूर्व गैस लेने पहुँचे उपभोक्ता आक्रोशित दिखे। इस दौरान एक उपभोक्ता ने बताया कि गैस लेने के लिए 9 बजे सुबह बुलाया गया। बिना खाये पिये हमलोग गैस लेने पहुँचे। परन्तु 6 घण्टे इंतेजार करने के बाद गैस मिला। जो एक तरह से कहे तो एजेंसी की मनमानी को दशार्ता है। ऐसी एजेंसी के लोगो पर कार्रवाई होनी चाहिए। उधर जिला परिषद सदस्य ने कहा कि देश के महिलाओं के सम्मान में प्रधानमंत्री के द्वारा चलाई गई इस योजना का लाभ सम्मानपूर्वक देश की अंतिम महिला तक पहुंचने का लक्ष्य है। जिसमें केंद्र की सरकार पूरी तरह से सफल साबित हो रही है। परन्तु इसका लाभ लेने के लिए घण्टो खड़ा रहना ये सरासर गलत है। हम इसकी कड़ी निंदा करते है।

## प्रभाकर मिश्रा के परिजनों से मिले पूर्व विधायक, बांधा ढांढ़स


परिजनों से मुलाकात करते पूर्व विधायक।

**चंदवा।** चंदवा के प्रसिद्ध समाजसेवी रहे दिवंगत प्रभाकर मिश्र के परिजनों से शनिवार को पूर्व विधायक प्रकाश राम मिलने उनके निवास स्थान पंहुचे। उन्होंने उनके पिता पंडित बालकृष्ण मिश्र समेत शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बांधा और कहा कि इस मुसीबत की घड़ी में वो उनके साथ है। श्री प्रकाश ने कहा कि प्रभाकर का इस अल्पकाल में सभी को छोड़कर चले जाना अपूर्णीय क्षति है। प्रभाकर ने चंदवा समेत पूरे क्षेत्र में समाजसेवा में एक अलग पहचान बनायी थी। पूर्व विधायक के साथ उप-प्रमुख अश्विनी मिश्र, मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, राजकुमार पाठक, बिनय कुमार रिक्की, रविराज व अन्य मौजूद थे।

## शहर में जानवी फैशन नामक प्रतिष्ठान का हुआ शुभारंभ


जानवी फैशन प्रतिष्ठान।

**लातेहार।** शहर के मेन रोड स्थित चश्मा महल के समीप गुरूवार को जानवी फैशन नामक प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ। प्रतिष्ठान के संचालक सुमित कुमार उर्फ छोटू ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के लेडिज व बच्चों का कपड़ा उचित मुल्य पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में होली पर्व एवं ईद को देखते हुए अच्छी क्वालिटी का ब्रांडेड कपड़ा उपलब्ध कराई गई है। जिसमें लोगों को सुविधा अनुसार छूट दी जाएगी। उन्होंने लोगो से अपनी दुकान में एक बार अवश्य आने की अपील किया।

## प्रकृति के महापर्व सरहुल को लेकर हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते लोग।

**बारियातू।** प्रखंड के पड़हा भवन परिसर नचना मे पप्राकृतिक के महापर्व सरहुल त्यौहार मनाने को लेकर बारियातू के पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव के अध्यक्षता मे बैठक किया गया। बैठक मे अध्यक्षता कर रहे प्रमोद ने उपस्थित लोगों को कहा की प्रत्येक वर्ष की भांति शांतिपूर्ण वातावरण के साथ प्राकृतिक का महापर्व सरहुल मनाया जायेगा। वहीं विधिवत सरहुल पूजा को संचालन के लिए 17 मार्च को संचालन कमिटी का भी चयन किया जायेगा। उक्त बैठक मे भाग लेने के लिए प्रखंड क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा की संचालन कमिटी के चुनाव के तय तिथि मे अधिक से अधिक संख्या मे भग लें। मौके पर मुखिया राजीव भगत, जगदीश उरांव, सरहुल उरांव, महाबीर उरांव, धानेश्वर उरांव, राजेश्वर भगत महेंद्र उरांव, जीतू उरांव, भरत उरांव, कौलेश्वर उरांव मौजूद थे।

# भगवान भोलेनाथ की निकली बारात, पुलिस प्रशासन ने बारातियों का किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता


बारातियों का स्वागत करते आईपीएस, एसडीपीओ व जवान।

**बरवाडीह।** शुक्रवार की देर शाम प्रखण्ड मुख्यालय में महाशिवरात्रि को लेकर भगवान भोलेनाथ की बारात प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर से निकाली गई। बारात में जहां महिला पुरुष बाराती गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए प्रखंड मुख्यालय के थाना परिसर में स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ के विवाह समारोह को लेकर पहुंचे। जहां भगवान भोलेनाथ का स्वागत महिलाओं के द्वारा विवाह गीत गाकर और पारंपरिक तरीके से किया गया। वहीं स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी और पुजारी बबलू मिश्रा के नेतृत्व में आए बारातियों का स्वागत प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा, अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी वेंकटेश कुमार, जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, थाना प्रभारी राधेश्याम सिंह, सब इंस्पेक्टर यकीन अंसारी, आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा किया गया। वहीं भगवान भोलेनाथ के विवाह समारोह के बाद मौके पर मौजूद प्रशिक्षु आईपीएस समेत अन्य लोगों के द्वारा बारातियों के बीच भंडारे के महाप्रसाद का वितरण करते हुए बारात में शामिल सभी बारातियों का आभार व्यक्त किया गया। जहां मौके पर सांसद के प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप सिंह यादव, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद, मुखिया कालो देवी, आसिफ इकबाल, निरंजन सिंह, भोला यादव, सुधा दुबे समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे। दूसरी ओर थाना परिसर में विवाह संपन्न होने के बाद बारात पुरानी बस्ती स्थित शिव मंदिर पहुंचा। जहां पारंपरिक तरीके से मंदिर समिति के अध्यक्ष रवि सिंह के नेतृत्व में सभी बारातियों का स्वागत और सम्मान किया गया।

एक नजर में

## विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत आरोग्य दूतों को किया गया सम्मानित


सम्मानित करते सीएस।

**लातेहार।** शनिवार को जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ठ विद्यालय लातेहार के सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रखंडवार उत्कृष्ट कार्य कर रहे विद्यालय के आरोग्य दूतों को सिविल सर्जन लातेहार के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम के मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा आरोग्य दूतो एवं बच्चो का उत्साह वर्धन किया गया। शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य करने के बारे में भी बताया गया। विदित हो कि विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर केटेलिजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से पुरे झारखण्ड के सभी कक्षा 06-12 के विद्यालय में संचालित है। लातेहार जिले के 427 विद्यालय में यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के मौके पर एसआरजी धर्मेंद्र उपाध्याय, एपीओ मनोज मिश्रा, सी3 प्रतिनिधि प्रिंस कुमार ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया कि विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम क्यों इतना महत्वपूर्ण है, और इससे बच्चों पर होने वाले सकारात्मक प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण बातो के बारे में विस्तार से बताया। मंच का संचालन यूनिसेफ प्रतिनिधि संजीत कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीपीएम गौरव कुमार, एपीओ मनोज मिश्रा, आरकेएसके नोडल डॉ. आर के ठाकुर, सभी प्रखण्ड के बीइओ व बीपीओ, सभी डीआरजी, आरोग्यदूत एवं छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

## आदर्श नगर में आयोजित सात दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ पूणार्हुति के साथ संपन्न

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर में आयोजित शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ शनिवार को पूर्णहुती के साथ संपन्न हो गई। यह महायज्ञ 2 मार्च को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई थी। इस महायज्ञ के दौरान यज्ञ के दूसरे दिन यजमान एवं ब्राह्मणों का यज्ञ मंडप प्रवेश तीसरे दिन नवनिर्मित मंदिर में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं का जलाधिवास चौथे दिन प्रतिमाओं का नगर भ्रमण तथा पंचवे दिन प्राण प्रतिष्ठा, छठे दिन वैदिक अनुष्ठान तथा सातवें दिन हवन के बाद पूणार्हुति की गई। इस महायज्ञ के दौरान मुख्य जजमान की भूमिका रति गंजू एवं आदित्य साहू ने पत्नी के साथ निभाई। इस महायज्ञ को लेकर एक सप्ताह तक बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय का माहौल पूरी तरह से भक्ति बना रहा। रासलीला कार्यक्रम वृंदावन के आए कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति की गई जो काफी ही सराहनीय रहा। शनिवार को महायज्ञ के अंतिम दिन हजारों की संख्या में लोगों ने यज्ञशाला मंडप की परिक्रमा की और अपनी मनोकामना को लेकर मंदिर परिसर में स्थापित प्रतिमा का पूजा अर्चना भी किया। इस महायज्ञ में आयोजन समिति के अध्यक्ष राम दर्शन तिवारी के साथ-साथ निर्मल कुमार सिंहा, देवेंद्र कुमार सिंहा, गजेंद्र कुमार चौबे, विनोद बिहारी गुप्ता, जगनारायण पाठक, शंभू प्रसाद, संतोष यादव, रामजी सिंह, रति गंझू, धनुषधारी गंझू, प्रदीप गंझू, लालजीत गंझू, शैलेश सिंह, सम्भू प्रसाद सिन्हा, अवधेश भगत, संजय प्रसाद, ललन सिंह, लवकेश सिंह, विकाश गर्ग, बिजय कुमार, जितेंद्र सिन्हा, चंद्रभूषण मिश्र, रबिन्द्र प्रसाद, घनश्याम गंझू, अशोक साव, अजित ओझा, रौशन कुमार, अनिल कुमार, चंदन कुमार, विनोद साहू, शशि भूषण गुप्ता, अखिलेश पांडे समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया


अभियान चलाते लोग।

**बारियातू।** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावार के नेतृत्व में बारियातु मुख्यालय क्षेत्र मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से थाना प्रभारी राजा दिलावार ने क्षेत्र के बजारटांड़ और फुलसु मोड़ मे सभा कर क्षेत्रवासियों कों बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की गई। उन्होंने मतदान को महत्व को बताते हुए कहा कि हमारे देश मे लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था है स्वतंत्रता के बाद सविधान ने हमे वोट के माध्यम से सही सरकार चुनने का अधिकार मिला है। यदि हम वोट करने से कोई भी गलत करेंगे तो कोई भी जीत सकता है और अच्छा प्रत्याशी हार सकता है। जो देश व हमारे लिए सही काम नहीं करेगा। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पुलिस पदाधिकारी पुलिस कर्मियों व गणमान्य लोगों के द्वारा मुख्यालय क्षेत्र मे रोड मार्च भी किया गया। मौके पर एएसआई नीरज दुबे, विससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, एएसआई जितेंद्र कुमार, रितेश तिग्गा, निर्मल कुमार, राजकिशोर प्रसाद, संतोष कुमार पाठक, धर्मेश प्रसाद लिम्बु, छोटु पंडित, नीरज कुमार दुबे, बालेश्वर गंझू सहित कई पुलिस कर्मि गणमान्य लोग शामिल रहे।

## सीडीपीओ के स्थानांतरण व पर्यवेक्षिका की सेवानिवृति पर विदाई सम्मान सामारोह का हुआ आयोजन

- अपने कर्तव्य के प्रति सजग होकर समाज के विकास में निभाए भागीदारी : बीडीओ


संबोधित करती बीडीओ रेशमा रेखा मिंज।

**बरवाडीह।** प्रखण्ड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनिता कुमारी के स्थानांतरण और महिला प्रयवेक्षिका टूनी कुमारी के सेवनिवृति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं और कर्मियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रधान सहायक सतीश कुमार उरांव ने किया। जहां कर्मियों और सेविकाओं ने सीडीपीओ और पर्यवेक्षिका का स्वागत शॉल, बुके और उपहार भेंटकर किया। इस दौरान प्रभारी सीडीपीओ अनिता ने अपना प्रभार विधिवत रूप से बीडीओ रेशमा रेखा मिंज को सौंपा। मौके पर जेएमएम वरिष्ट नेता शशि भूषण तिवारी, महिला पर्यवेक्षिका लीला राम, बृजनिया कश्यप, लीलावती देवी, रिंकू देवी, चांदतारा, रजिया खातून, अनिता देवी, सरिता देवी, गायत्री देवी, कालरा तिग्गा, मधुमिता उरांव, एलिजाबेथ तिग्गा, नीलू लकड़ा, किरण देवी, देवन्ति देवी समेत सुपरवाइजर और सेविकाएं मौजूद थी।

## टोरी व चेटर में ट्रेन से कटकर एक किशोर समेत दो की मौत

**चंदवा।** सीआईसी सेक्शन बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी व चेतर में ट्रेन से कटकर एक नाबालिग किशोर समेत दो लोगो की मौत हो गयी। पहली घटना टोरी जंक्शन स्थित प्लेंटफॉर्म नम्बर 2 पर घटी जहां मालगाड़ी के नीचे से पार करने के प्रयास में एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया। टोरी रेलवे के अधिकारियों व स्थानीय लोगो के द्वारा अनान-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोशल मीडिया पर तस्वीर प्रसारित होने के बाद शनिवार की दोपहर मृतक का पहचान थाना टोली चंदवा निवासी अरुण कुमार साहू पिता महाराज साहू (मूल निवासी सेरक चंदवा) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार अरुण साहू का साप्ताहिक शुक्रवारीय हाट गया था वहीं से वह वापस लौट रहा था, इसी दौरान उक्त हादसा हुआ।

# अदालत और सरकार में फंसे उपभोक्ता आयोग

– डॉ. अजय खेमरिया



**देश** में उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष की नियुक्तियों को लेकर इन दिनों सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई जारी है। पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अध्यक्ष के रूप में चयनित होने के लिए लिखित परीक्षा के प्रावधान को जजों की गरिमा के विरुद्ध माना। उन्होंने सरकार से इस पर जबाब मांगा है। रोचक तथ्य यह है कि लिखित परीक्षा के आदेश खुद सुप्रीम कोर्ट ने ही पिछले साल दिए थे। अब हाईकोर्ट और जिला जजों को जब सामान्य लोगों के साथ परीक्षा में बैठना पड़ा तो सुप्रीम कोर्ट को न्यायिक गरिमा का ख्याल आ गया। वस्तुतः देश में उपभोक्ता अदालतें (आयोग) 2019 के नए एक्ट के अनुरूप खुद को खड़ा नही कर पाया है।आम लोगों में अभी भी आयोगों को लेकर जागरूकता का अभाव है। शीर्ष अदालतें कानून के जमीनी प्रवर्तन के स्थान पर अनावश्यक रूप से आयोगों के गठन औ? नियुक्तियों में हस्तक्षेप कर सरकारों को इस मामले में हीला-हवाली का मौका उपलब्ध करा रही हैं। बेहतर होगा नियुक्तियों का कार्यक्षेत्र सरकारों पर ही छोड़कर अदालतें कानून के समयबद्ध एवं त्वरित प्रवर्तन पर निगाहें रखें।

देश में उपभोक्ता अदालतें (आयोग) सरकार एवं न्यायपालिका के मध्य फंस गई हैं। हाल ही में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों में रिटायर्ड न्यायाधीशों को अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से पूर्व आयोजित होने वाली लिखित एवं मौखिक परीक्षा को उपभोक्ता कानून की भावना के विरुद्ध माना। समझा जा रहा है कि जल्द ही सरकार इस परीक्षा के प्रावधान को खत्म कर देगी। अलबत्ता पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने ही ऐसी परीक्षा के आदेश दिए थे। जिसके तहत सभी स्तर के आयोगों में नियुक्ति के लिए दो लिखित परीक्षा एवं हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता वाले बोर्ड के जरिये साक्षात्कार अनिवार्य कर दिया गया था। कई राज्यों में इसी आदेश के अनुरूप नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही है। अब उच्चतम न्यायालय को यह लगने लगा कि हाईकोर्ट औ? जिला जज के पद पर काम करने वाले लोग रिटायरमेंट के बाद परीक्षा दें, यह न्यायाधीश की गरिमा के विरुद्ध है।

सच्चाई यह है कि इन उपभोक्ता अदालतों में शत प्रतिशत अध्यक्ष न्यायिक सेवा के रिटायर अधिकारी ही रहते हैं। देश में इस समय 35 राज्य आयोग एवं 649 जिला आयोग स्थापित हैं, जिन्हें 2019 के उपभोक्ता संरक्षण कानून के बाद काफी सशक्त बनाया गया है। इन आयोगों में सामाजिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सदस्य रखे जाने का प्रावधान है। शीर्ष अदालतों द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर पिछले साल संशोधन संस्थित किये गए थे, इसका नतीजा यह हुआ कि आयोगों में चयन प्रक्रिया बुरी तरह उलझ कर रह गईं। संसद के बजट सत्र में सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 35 राज्य आयोगों में केवल 13 पूर्णकालिक अध्यक्ष ही कार्यरत हैं। राज्यों में सदस्यों के कुल स्वीकृत 160 सदस्यों में से महज 83 ही पदस्थ हैं। इसी तरह 649 जिला आयोग अध्यक्ष में केवल 83 अध्यक्ष एवं 1324 जिला सदस्य में 251 ही कार्यरत हैं। यानी अधिकतर स्तर पर आयोग खाली पड़े हैं।

असल में राज्य सरकारें तो पहले से ही इन अदालतों के सुचारू गठन और परिचालन में रुचि नहीं रखती हैं, ऐसे में चयन प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर शीर्ष अदालत ने सरकारों के लिए हीलाहवाली का मौका उपलब्ध करा दिया। बेहतर होता अदालत समयबद्ध नियुक्तियों औ? उपभोक्ता मामलों के त्वरित निराकरण की निगरानी पर काम करतीं। इस मामले में अदालत के रुख पर इसलिये भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि परीक्षा से मुक्त नियुक्तियों की छूट केवल न्यायिक अधिकारियों को देने की बात हो रही है, जबकि हर स्तर के आयोग में समाजसेवा, वित्त,प्रबन्धन, शिक्षा क्षेत्र में 10 साल का अनुभव रखने वाले लोग सदस्य बनाये जाते हैं। शीर्ष अदालत ने इन सदस्यों के कायार्नुभव को कोई अधिमान्यता नहीं दी, जबकि मूल कानून में ऐसे अनुभवी सदस्यों को कार्य निष्पादन रिकार्ड के आधार पर पुनरनियुक्ति की पात्रता थी।

सवाल यह कि अच्छे और अनुभवी या प्रतिभाशाली लोग चार साल के कार्यकाल के लिए इन आयोगों में क्यों आयेंगे? बेहतर होगा अदालत औ? सरकार इस दिशा में भी काम करें। जमीनी तथ्य यह है कि देश में अभी भी असंगठित क्षेत्र का कारोबार आम उपभोक्ताओं के लिए शोषण का जरिया बना हुआ है। दुनिया के सबसे बड़े बाजार और कारोबार के बाबजूद भारत में आम आदमी उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सचेत नही हैं। 2023 में 5लाख 43हजार 592 मामले विभिन्न आयोगों में लंबित रहे हैं। 2022 में यह आंकड़ा 5 लाख 54 हजार एवं 2021 में 5 लाख 60 हजार था। जाहिर है नए कानून के लागू होने के बावजूद उपभोक्ता आयोग उपभोक्ताओं के लिए त्वरित न्याय देने में सक्षम नही हो पाए हैं।

ध्यान रखना होगा कि भारत में अनुचित व्यापार, मिथ्या प्रचार, सेवा में कमी जैसे मामलों में प्रति एक सौ में से बमुश्किल एक ग्राहक भी उपभोक्ता अदालतों में शिकायत नहीं करते हैं। सरकार ने नेशनल कन्जयूमर हेल्पलाइन जारी की इस पर 2022 -23 में 10लाख शिकायत दर्ज हुई, लेकिन 80 फीसदी मामलों में उपभोक्ता निराकरण से सन्तुष्ट नहीं हुए। उपभोक्ता जागरूकता के लिए सरकार ने उपभोक्ता कल्याण निधि बनाई है लेकिन अभी तक केवल 05 विश्वविद्यालय एवं 08 शैक्षणिक संस्थानों को ही इस मद से राशि मिल सकी। जागरूकता स्तर का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बिहार जैसे राज्य में 2023 में मात्र 4168 मामले अदालतों में पेश किए गए। 2021 में तो यह आंकड़ा 2710 ही था। उत्तर प्रदेश में 2023 में 18972,2022 में 20409 और 2021 में महज 14983 ही रहा । राजधानी दिल्ली और मुंबई-महाराष्ट्र के भी कमोबेश ऐसे ही आंकड़े हैं जो सरकार ने राज्यसभा में प्रस्तुत किये हैं।

दिलचस्प आंकड़ा यह भी है कि देश में औसत डेढ़ लाख केस ही सालाना विभिन्न आयोगों में आ पाते हैं। उसमें भी 5 लाख से अधिक मामलों का बैकलॉग बना हुआ है। बेहतर हो शीर्ष अदालत सरकार के चयन मापदण्डों पर बार-बार हस्तक्षेप के स्थान पर उपभोक्ताओं के मध्य जागरूकता के साथ कानून में विहित समय सीमा में प्रकरणों का निस्तारण पर अपना एक निगरानी तन्त्र सक्रिय करें। क्योंकि उपभोक्ता अदालतों के गठन का उद्देश्य मूलतः सिविल मामलों की दुरूह प्रक्रिया से नागरिकों को निजात दिलाना था, इसीलिये 1986 का कानून बनाकर उपभोक्ता फोरम बनाये गए थे और आज के परिवेश में नया 2019 का कानून लागू किया गया है।

नया कानून बदलते बाजार खासकर ई कॉमर्स कम्पनियों के जाल में उपभोक्ताओं को बेहतरीन सुरक्षा कवच भी है। बेशक अमेरिका , इंग्लैण्ड,चीन की तुलना में ई कामर्स कम्पनियों की भागीदारी कुल खुदरा कारोबार में अभी 6.5 फीसदी ही है लेकिन यह अगले पांच साल में 166 फीसद की दर से बढ़ रही है। 2028 तक ई कामर्स कारोबार अमेरिका औ? चीन को पछाड़कर 160 बिलियन अमेरिकी डॉलर औ? 2030 में इसके 350 बिलियन डालर होने का अनुमान है। देश मे ई कॉमर्स कैसे उपभोक्ताओं के शोषण का जरिया बन सकता है इसकी मिसाल यह है कि पिछले साल कुल शिकायत में से 57 फीसद मामले इन्हीं ई कॉमर्स कम्पनियों के थे। 2019 में यही आंकड़ा महज 08 फीसद ही था। अकेले फ्लिपकार्ट के विरुद ही 67 फीसदी मामले थे।

हालिया रिपोर्ट कहती है कि ई कॉमर्स मामलों में 19 फीसद रिफंड,16.4 त्रुटिपूर्ण माल/सेवा,12.2 गलत उत्पाद डिलीवरी,11.6 सेवा में कमी और 9.7फीसदी तो उत्पादों की डिलीवरी ही न करने की हैं। इन आंकड़ों से समझा जा सकता है कि अगर देश में उपभोक्ता आयोगों की संरचना को मैदानी स्तर तक सशक्त नही बनाया गया तो न केवल परम्परागत अनुचित व्यापार संव्यवहार बल्कि ई कॉमर्स कम्पनियों की मनमानी औ? शोषण का शिकार भारत का बहुसंख्यक समाज बनने जा रहा है।

सरकार को भी चाहिए कि केवल ह्लजागो ग्राहक जागोह्व के सरकारी प्रचार से हटकर देश मे उपभोक्ताओं के मध्य वास्तविक जागरूकता के प्रयास सामाजिक भागीदारी के साथ शुरू करे। जब आयोग सशक्त होंगे तो उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय प्रदान कर सकेंगे, कमजोर और संसाधनविहीन आयोग उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 के उद्देश्यों के साथ न्याय नहीं कर सकते हैं। शीर्ष अदालतों को भी इस व्यापक क्षेत्र में अपनी परिणामोन्मुखी भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है न कि ऐसे आदेश जारी करने जिनसे सरकारों के सामने दुविधा के साथ अधिकार क्षेत्र का सवाल खड़ा हो।

न्यायधीशों को ही छूट क्यों?

सवाल यह है कि सुप्रीम कोर्ट को क्यों लगता है कि हाईकोर्ट औ? जिला कोर्ट के जज अगर परीक्षा देंगे तो यह गरिमा के विरुद्ध है। अगर जजों की गरिमा इससे प्रभावित होती है तो सदस्यों के रूप में चयनित सामाजिक कार्यकर्ता भी अपने प्रामाणिक अनुभव से इन आयोगों में आते हैं। सदस्यों को केवल दो कार्यकाल के लिए पात्रता है, जबकि हर बार उन्हें परीक्षा देनी होगी ।

वहीं न्यायाधीश 67 साल तक अध्यक्ष रह सकते हैं। योग्यता और गरिमा का सवाल न्यायपीठ पर लागू होना चाहिए न कि केवल जजों पर। बेहतर होगा तीन स्तरों वाली यह परीक्षा या तो सभी को तय हो या किसी के लिए नहीं। इससे आयोगों की साख बढ़ेगी।

## क्या होता है सफेद फॉस्फोरस बम जो प्रतिबंधित है

**सफेद** फॉस्फोरस-रबर को मिलाकर इसे तैयार किया जाता है। दिखने में ये फॉस्फोरस मोम जैसा कैमिकल जो हल्का पीला होता है। इसका उपयोग सेना द्वारा विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद के रूप में आग लगाने वाले एजेंट के रूप में किया जाता है ऑक्सीजन के संपर्क में आने पर ये आग पकड़ लेता है। सफेद फास्फोरस जमीन पर तेजी से जलने वाली और तेजी से फैलने वाली आग को भड़का सकता है, और कई रिपोर्टों में दावा किया गया है कि एक बार आग लगने के बाद इसे बुझाना बेहद मुश्किल है। सफेद फॉस्फोरस बम को पानी से नहीं बुझाया जा सकता है। बम जहां गिरता है वहां आक्सीजन खत्म होने लगती है। धुएं से नहीं लोग दम घुटने की वजह से मरने लग जाते हैं। इस पदार्थ का उपयोग दुनिया भर में सेनाओं द्वारा स्मोक एजेंट के रूप में भी किया जाता है क्योंकि यह परेशान करने वाले सफेद धुएं के बादल पैदा करता है। सफेद फॉस्फोरस 1300 डिग्री सेल्सियस तक जल सकता है। इसकी इंटेनसिटी इतनी रहती है कि ये आग से ज्यादा जलन और जख्म देता है। इसमें हड्डियों तक को गलाने की ताकत है। साथ ही ये मल्टी ऑर्गेन फेल्योर का कारण बन सकता है।



सफेद फास्फोरस का प्रसार कैसे किया जा सकता है?

सफेद फॉस्फोरस हथियार गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। उनके संपर्क में आने से जलने की चोटें और वाष्प साँस लेना होता है। इसे साँस लेने, निगलने या त्वचा के संपर्क के माध्यम से शरीर में अवशोषित किया जा सकता है। यह त्वचा और कपड़ों सहित कई सतहों पर चिपक जाता है। इसे धुएं के रूप में घर के अंदर की हवा में छोड़ा जा सकता है और संपर्क में आने पर जल निकायों को दूषित कर सकता है, जो लाखों लोगों मनुष्यों और जानवरों को प्रभावित करेगा। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की एक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि सफेद फास्फोरस का उपयोग भोजन को दूषित करने के लिए नहीं किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि यदि सफेद फास्फोरस को धुएं के रूप में छोड़ा जाता है, तो यह कृषि उत्पादों को दूषित नहीं कर सकता है। हालाँकि, सफेद फास्फोरस के कण जो हवा के साथ प्रतिक्रिया नहीं करते हैं, कृषि उत्पादों को दूषित कर सकते हैं। ऐसे में आइए आपको बताते हैं कि सफेद फास्फोरस बम होता क्या है, क्या इजरायल ने सच में गाजा पर इसका प्रयोग किया है, इसको लेकर अंतरराष्ट्रीय कानून क्या कहते हैं, क्या इससे पहले भी किसी युद्ध में सफेद फास्फोरस बम का प्रयोग किया गया है?

क्या सफेद फॉस्फोरस बम प्रतिबंधित हैं?

सफेद फास्फोरस प्राकृतिक रूप से नहीं पाया जाता है क्योंकि यह फॉस्फेट चट्टानों का उपयोग करके निर्मित किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुसार, घनी आबादी वाले नागरिक क्षेत्रों में सफेद फास्फोरस के गोले का उपयोग निषिद्ध है। हालाँकि, कानून सैनिकों की सुरक्षा के लिए खुले स्थानों में इसके उपयोग की अनुमति देता है।सफेद फास्फोरस हथियारों पर प्रतिबंध नहीं है, लेकिन नागरिक क्षेत्रों में उनका उपयोग युद्ध अपराध माना जाता है। 1980 में जिनेवा कन्वेंशन में इसे प्रतिबंधित किया गया है। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा है कि सीरिया, अफगानिस्तान और गाजा जैसे देशों और क्षेत्रों में युद्ध क्षेत्रों में सफेद फास्फोरस के उपयोग से नागरिक मौतों का दस्तावेजीकरण किया गया है।

क्या इजराइल ने पहले भी ऐसे बमों का इस्तेमाल किया है?

ह्यूमन राइट्स वॉच की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इजराइल ने गाजा में 27 दिसंबर, 2008 से 18 जनवरी, 2009 तक चले 'ऑपरेशन कास्ट लीड' नामक अपने 22-दिवसीय सैन्य अभियान में बड़े पैमाने पर सफेद फास्फोरस हथियारों का इस्तेमाल किया था। रिपोर्ट ने स्पष्ट किया कि गाजा में अधिकांश नागरिकों की मौत सफेद फास्फोरस हथियारों से नहीं हुई, क्योंकि लोग मिसाइलों, बमों, भारी तोपखाने, टैंक के गोले और छोटे हथियारों की आग से मारे गए। हालाँकि, यह तर्क दिया गया कि घनी आबादी वाले इलाकों में उनका उपयोग अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन है।

## जीवन लीलती शिक्षा को खारिज करने का वक्त



रंधीर कुमार कौशिक

इन दिनों मुझे अत्यंत व्याकुलता का सामना कर पड़ रहा है। क्या हम छात्रों द्वारा आत्महत्याएं को एक आम बात समझकर रफा-दफा कर रहे हैं या फिर यह मानने लगे कि शिक्षा प्राप्ति एवं इससे संलग्न सफलता की दौड़ में यह तो रहता है। कुछ कमजोर और भावनात्मक रूप से नाजुक युवा हताशा में अपनी जान दे देते हैं? विश्वास कीजिए, मैं अक्सर मध्य-वर्गीय अभिभावकों और यहां तक कि अध्यापकों से इस विषय में बात करने का प्रयास करता हूं कि इस किस्म की पढ़ाई, शिक्षा की असल आत्मा को मार रही है और इससे सामाजिक विक्षिप्तता का सामान्यीकरण हो रहा है। मैं उन्हें राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के आंकड़ों के जरिये समझाने की कोशिश करता हूं कि वर्ष 2021 में 13089 छात्रों ने खुदकशी की (औसतन 35 से अधिक प्रतिदिन)। फिर भी वे मानने को राजी नहीं। यह रवैया वर्तमान में पर्यावरण पर बन आए संकट की अलफ सच्चाई से मुंह मोड़ने जैसा है।

आईआईटी संस्थानों के दिए आकंड़े के मुताबिक 2018-23 के बीच 33 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की है और एनआईटी और आईआईएम में यह गिनती 61 है। इतना होने पर भी हमने इस विषय पर चुप्पी साधने की ठान रखी है या इसको एक अन्य भ्रंश की तरह लेते हैं। माल बनाने वाली फैक्टरियों सरीखे कोचिंग केंद्रों के लिए कुख्यात राजस्थान का शहर, कोटा जहां ह्यसफलता का स्वप्न बेचा जाता है, उससे हमारा नाता दिनों-दिन बढ़ रहा है, भले ही इस साल जनवरी से अगस्त माह के बीच भी, हर महीने खुदकुशी का औसत तीन रहा है।

बेशक, मुझे जीवन को नकारात्मक बनाने वाली इस अंधी दौड़ के पीछे ढांचागत और सामाजिक कारणों का बखूबी भान है यानी, अत्यधिक जनसंख्या वाले मुल्क में नौकरियों की भारी कमी, नौकरी मिलने की संभावना में कला संकाय से हुई पढ़ाई को दोयम मानना और इसके नतीजे में इंजीनियरिंग, मेडिकल साइंस, बिजनेस मैनेजमेंट और अन्य तकनीकी कोर्सों के लिए बनी आसक्ति। संस्कृति और शिक्षा पर नव-उदारवाद की चोट से जीवन-आकांक्षा का बाजारीकरण और सबसे ऊपर, अत्यंत-प्रतिस्पर्धात्मकता या सामाजिक डार्विनवाद को स्वीकार्यता अर्थात अन्यायी सामाजिक व्यवस्था में श्रेष्ठता या श्रेष्ठम ही जीने लायक के सिद्धांत को मान्यता देकर जीवन का अंग बना डालना। इस पर चुप्पी साधकर हम व्यवस्था का ऐसा सामान्यीकरण होना गवारा नहीं कर सकते।

बतौर एक अध्यापक, मैं महसूस करता हूं कि हमें इस ढंग की शिक्षा व्यवस्था का आलोचक और नई संभावनाओं को तलाशने वाला बनना चाहिए। शिक्षा बचाओ आंदोलन किए बिना जड़ पकड़ चुकी व्यवस्था को बदला नहीं जा सकता। बेशक, हर छात्र आत्महत्या से नहीं मरा होगा, लेकिन फिर यह भी उतना ही सच है कि लगभग प्रत्येक युवा विद्यार्थी, जो इस शिक्षा प्रणाली का हिस्सा है, वह ऐसे माहौल में बड़ा हो रहा है जो मानसिक तनावों, अवसाद और विफलता के डर में बढ़ोतरी के लिए मुफीद है। वर्तमान व्यवस्था वह है, जिसे अर्थपूर्ण जीवन, प्रेम और सहयोग, नैतिकता, जीवनकाल के उतार-चढ़ावों का निश्चयपूर्ण सामना करने और शांत बने रहने की काबिलियत को सिखाने में जरा रुचि नहीं रखनी है। न ही ऐसी मानसिकता बनाने में, जो बच्चे को जीवन की सरलता में असली खजाना खोजने लायक बनाए, मसलन, नन्हे से पीले फूल पर अठखेलियां करती तितली के नजारे का आनन्द लेना, बुजुर्ग दादी मां के लिए चाय बनाना, खुशियों के पल उनसे साझा करना या फिर सर्दी की रात में रजाई में बैठकर कोई नॉवेल पढ़ना। इसके बरक्स मौजूदा शिक्षा प्रणाली तमाम पवित्र आकांक्षाओं और सपनों को मार रही है, यह युवा मानस को वह घोड़ा बना रही है, जो निरर्थक दौड़ में भागता रहे।

स्कूल से लेकर उद्योग सरीखे बने कोचिंग केंद्रों तक, हमने अपनी शिक्षा का मतलब मानकीकृत परीक्षाओं में उत्तीर्ण करने वाली रणनीति बना दिया है। महान किताबें पढ़ने का आनंद, नूतन विचारों की खोज, विचार-विमर्श, विज्ञान-प्रयोगों से सीखना, साहित्य और कला आधारित पढ़ाई की जगह प्रवेश और मुख्य परीक्षाओं और इनकी तैयारी को अधिक महत्व देने से असली सिखलाई प्रभावित हुई है। आज अगर कुछ महत्वपूर्ण है तो दक्षता व सरपट गति, ताकि ओएमआर शीट पर सही उत्तर के खाने पर तेजी से निशान लगाने की काबिलियत बने।

कोई हैरानी नहीं कि एससीक्यू-केंद्रित परीक्षाएं उत्तीर्ण करना सिखाने वाली पुस्तकें युवा शिक्षार्थी की सोच में समाई हुई है। जिस किस्म की बुद्धिमत्ता को भाव दिया जा रहा है, वह पूर्णतया मशीनी है, जिसमें कोई सृजनशील कल्पना या दर्शन के प्रति जिज्ञासा नहीं है। आप कोचिंग केंद्र के किसी रणनीतिकार से यह अपेक्षा नहीं कर सकते कि वह बच्चे को सूर्यास्त का नजारा, कविता पढ़ने का आनंद या प्रेरक फिल्म की सराहना करना सिखाएगा। वह प्रशिक्षक तो केवल आपके बच्चे को और तेज दौड़ना, दूसरों को पछाड़ना, भौतिकी या गणित को केवल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने का औजार बनाना, आईआईटी-जेईई और नीट जैसी परीक्षा में प्राप्त स्थान से अपनी काबिलियत आंकने वाली मानसिकता ही बना सकता है। इस किस्म की शिक्षा पद्धति शिक्षार्थी को केवल सांस्कृतिक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक रूप से गरीब बनाती है। यह उसके चित्त को जीवन के उतार-चढ़ावों या अस्तित्व संबंधी गहरी खोज पर मनन के लिए तैयार नहीं करती।

इसी तरह की मशीनी शिक्षा कार्ल मार्क्स की उस परिभाषा को वैध बनाती है, जिसे वे ह्यवस्तु आसक्ति कहा करते थे। जी हां, वह यह मानकर चलती है कि हमारे बच्चों को इस तरह तैयार किया जाए मानो वे कारखाने से निकली एक वस्तु या दाम की चिंदी लगी चीज हो। उच्च शिक्षा में सम्मान का सूचक बना दिए गए आईआईटी और आईआईएम संस्थानों में दाखिला पानाझ्र जो मध्यवर्गीय अभिभावकों के लिए अपने बच्चों के भविष्य का अंतिम मोक्ष-धाम है- इसने युवा मस्तिष्कों को बढ़िया नौकरी और मोटी पगार की मिथकों से सम्मोहित कर रखा है।

यदि हमारे बच्चे अपने आप में एक विलक्षण और आत्मनिर्भर व्यक्तित्व बनने की बजाय महज एक निवेश या बिकने की वस्तु बनकर रह जाएं, तो हम एक विक्षिप्त, व्याकुलता-ग्रसित और अत्यंत-तनावयुक्त पीढ़ी बनाने में लगे हैं।

स्व-सहायता पुस्तकों का एक अन्य बाजार बन जाए, लेकिन इससे आत्महत्याओं की बढ़ती प्रवृति पर रोक लगाना असंभव है। जीवन-लील शिक्षा को खारिज करना होगा, नव-जागृति निर्माण और बच्चों को जीवन का अलग नजरिया देना होगाझ्र जो जीवन को सुदृढ़ और सौहार्द से परिपूर्ण करे।

(बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली)

## आर्य के नाम पर ओवैसी का झूठ, निशाने पर आरएसएस

- डॉ. मयंक चतुर्वेदी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर आर्यन थ्योरी का जिक्र करके एक नए विवाद को जन्म दिया है। वैसे तो उनकी जुबानी चालाकियों से सभी परिचित हैं। किंतु इस बार उन्होंने खुले तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आर्यन होने से भारतीय मूल का नहीं होकर विदेशी हो जाने की बात उठाकर प्रश्न खड़े किए हैं । वस्तुतः यही आज सबसे बड़ा विषय है कि जिस आर्यन थ्योरी को वैज्ञानिक भी नकार चुके हैं, उसे आज भी असदुद्दीन ओवैसी हवा दे रहे हैं ।

वस्तुतः वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा के शो में असदुद्दीन ओवैसी ने एक प्रश्न के जवाब में बोला, "मैं चाहता हूं कि मेरा डीएनए करा लीजिए, और नरेंद्र मोदी जी का भी करा लीजिए। आरएसएस के लोगों का करा लीजिए। कौन आर्यन है और कौन इस देश का है, मालूम हो जाएगा आपको।..." उनके यह कहने के साथ ही साफ हो गया कि वे अपने लोगों के बीच और अन्य जो भी उनके संपर्क में आते हैं, उन्हें वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों को आर्य संबोधित कर यह बताने का प्रयास अब भी कर रहे हैं कि वे भारत के मूल निवासी नहीं, बल्कि बाहर से आकर यहां कब्जा करके बैठ गए हैं। आश्चर्य होता है यह जानकर कि लगातार संसद सदस्य रहने और कानून की पढ़ाई करने के बाद भी उन्हें यह बात नहीं पता कि 'आर्यन थ्योरी' पूरी तरह असत्य साबित हो चुकी है। यह कुछ अंग्रेजों की शरारत थी जिसे हवा देने का काम भारत में इतिहास लिखते वक्त वामपंथी शिक्षाविदों ने भी किया।

एतिहासिक तथ्य यह है कि देश में स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे भारतीयों को आपस में लड़ाने के लिए मैक्स मूलर, विलियम हंटर और लॉर्ड टॉमस बैबिंग्टन मैकॉले इन तीन लोगों ने भारत के इतिहास का विकृतिकरण आरंभ किया और यह कहना शुरू किया कि भारतीय इतिहास की शुरूआत सिंधु घाटी की सभ्यता से होती है, जिसमें कि सिंधु घाटी के लोग द्रविड़ थे । आर्यों ने बाहर से आकर सिंधु सभ्यता को नष्ट करके अपना राज्य स्थापित किया। 1500 ईसा पूर्व से 500 ईस्वीं पूर्व के बीच के काल को अंग्रेजों ने आर्यों का काल घोषित कर दिया था ।

आश्चर्य की बात है कि जिस इतिहास और शोध के दावों के आधार पर अंग्रेज इस "आर्यन इन्वेजन थ्योरी" को गढ़ रहे थे, उसका कोई मूल तथ्य कभी प्रस्तुत नहीं कर पाए। इनमें से किसी ने कहा कि आर्य मध्य एशिया के रहने वाले थे, कोई इन्हें साइबेरिया, मंगोलिया, ट्रांस कोकेशिया या स्कैंडेनेविया का मूल निवासी बता रहा था। आर्य बाहर से यानी कहां से आए ? उसका कोई सटीक उत्तर कभी किसी के पास नहीं रहा।

हां, हम भारतीयों के लिए जरूर यह गर्व करने की बात है कि जिस व्यवस्थित सिन्धु सभ्यता की बात की जाती है, वह भी आज दुनिया में सबसे प्राचीनतम सिद्ध हो चुकी है। आईआईटी खड़गपुर और भारतीय पुरातत्व विभाग के वैज्ञानिकों ने सिन्धु घाटी सभ्यता की प्राचीनता को लेकर विस्तार से बहुत कुछ बताया है। उनके शोध के निष्कर्ष हैं कि अंग्रेजों के अनुसार 2600 ईसा पूर्व की यह नगर सभ्यता नहीं या कुछ इतिहासकारों के अनुसार पांच हजार पांच सौ साल पुरानी यह नहीं है, बल्कि आठ हजार साल पुरानी सभ्यता है। यह सिन्धु सभ्यता मिस्र और मेसोपोटामिया की सभ्यता से भी पहले की है। जहां टाउन-प्लानिंग थी, भोजन की बड़ी-बड़ी रसोई थीं, बैठक के स्थान थे, कपड़े थे, चांदी और तांबे का उपयोग था। लोग शतरंज का खेल भी जानते थे और वे लोहे का उपयोग भी करते थे। यहां से प्राप्त मुहरों को सर्वोत्तम कलाकृतियों का दर्जा प्राप्त है, यानि इस सभ्यता में लोग कला पारखी भी थे।

नए शोध यह भी कहते हैं कि आर्य आक्रमण भारतीय इतिहास के किसी कालखण्ड में घटित नहीं हुआ और ना ही आर्य तथा द्रविड़ नामक दो पृथक मानव नस्लों का अस्तित्व ही कभी धरती पर रहा है। डीएनए गुणसूत्र पर आधारित शोध जिसे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. कीवीसील्ड के निर्देशन में फिनलैण्ड के तारतू विश्वविद्यालय, एस्टोनिया में भारतीयों के डीएनए गुणसूत्र पर आधारित है, जो यह सिद्ध करता है कि सारे भारतवासी गुणसूत्रों के आधार पर एक ही पूर्वजों की संतानें हैं। आर्य और द्रविड़ का कोई भेद गुणसूत्रों के आधार पर नहीं मिलता है और तो और जो अनुवांशिक गुणसूत्र भारतवासियों में पाए जाते हैं, वे डीएनए गुणसूत्र दुनिया के किसी अन्य देश में नहीं पाए गए।

शोध में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल की जनसंख्या में विद्यमान लगभग सभी जातियों, उपजातियों, जनजातियों के लगभग 13000 नमूनों का परीक्षण किया गया था। जिसका परिणाम यही कह रहा है कि भारतीय उपमहाद्वीप में चाहे वह किसी भी धर्म को मानते हों, 99 प्रतिशत समान पूर्वजों की संतानें हैं। शोध में पाया गया है कि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आन्ध्रप्रदेश, की समस्त जातियों के डीएनए गुणसूत्र तथा उत्तर भारतीय जातियों के डीएनए का उत्पत्ति-आधार गुणसूत्र एक समान हैं।अमेरिका में हार्वर्ड के विशेषज्ञों और भारत के विश्लेषकों ने भारत की प्राचीन जनसंख्या के जीनों के अध्ययन के बाद पाया कि सभी भारतीयों के बीच एक अनुवांशिक संबंध है। इससे यह भी सिद्ध होता है कि भारत में आर्य और द्रविड़ विवाद व्यर्थ है। उत्तर और दक्षिण भारतीय एक ही पूर्वजों की संतानें हैं।

कहना होगा कि दो शताब्दियां गुजर गईं इस झूठ को समझाने में कि आर्य जैसा कोई शब्द कभी विदेशियों के लिए रहा ही नहीं, जोकि भारत में बाहर से आकर कभी बसे हों। भाषा विज्ञान में आर्य का अर्थ उत्तम, पूज्य, मान्य, प्रतिष्ठित, धर्म एवं नियमों के प्रति निष्ठावान या श्रेष्ठ है। प्राचीन भारत में जो भी श्रेष्ठीजन थे, उन्हें आदर सूचक शब्द अर्थात आर्य कहकर संबोधित किया जाता था। आज यह बात पूरी तरह से सिद्ध भी हो चुकी है कि "आर्यन इन्वेजन थ्योरी" असत्य है। फिर भी आज जिस तरह की भाषा असदुद्दीन ओवैसी बोल रहे हैं, उससे साफ जाहिर होता है कि वह कितने बड़े जूठे हैं और अपनी बात सिद्ध करने के लिए वे किस हद तक जा सकते हैं । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं इससे जुड़े लोगों को आर्यन थ्योरी के नाम पर बार-बार भारत के बाहर का बता कर वह देश की आम जनता को गुमराह करने का जो प्रयास कर रहे हैं, यह देश हित में नहीं है। वास्तव में इस तरह का कृत्य भारत में नस्लीय उन्माद पैदा करने का प्रयास है। जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

# भारत ने बैजबॉल को 4-1 से रौंदा, धर्मशाला टेस्ट पारी और 64 रन से जीता







## अश्विन ने 100वें टेस्ट में बनाए 5 बड़े रिकॉर्ड

धर्मशाला टेस्ट की दूसरी पारी में 5 विकेट लेते ही भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भारत के लिए सबसे ज्यादा बार एक पारी में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड बना दिया। अश्विन ने इस लिस्ट में अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया जोकि 35 बार एक पारी में 5 विकेट ले चुके हैं। इसी टेस्ट सीरीज में 500 विकेट पूरे करने वाले अश्विन ने धर्मशाला टेस्ट में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने मैच के दौरान कई रिकॉर्ड बनाए।इस लिस्ट में

### 100वें टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ मैच-रिटर्न

- 9/128 - रविचंद्रन अश्विन (भारत) बनाम इंग्लैंड, धर्मशाला, 2024
- 9/141 - मुथैया मुरलीधरन (श्रीलंका) बनाम बैन, चैटोग्राम, 2006
- 8/231 - शेन वार्न (ऑस्ट्रेलिया) बनाम दक्षिण अफ्रीका, केप टाउन, 2002
- 7/151 - कपिल देव (भारत) बनाम पाकिस्तान, कराची, 1989
- 7/176 - अनिल कुंबले (भारत) बनाम श्रीलंका, अहमदाबाद, 200

### भारत के लिए एक पारी में सबसे ज्यादा 5 विकेट

- 36 रविचंद्रन अश्विन
- 35 अनिल कुंबले
- 25 हरभजन सिंह
- 23 कपिल देव
- 16 बी चंद्रशेखर

### एक पारी में सबसे ज्यादा 5 विकेट

- 67 मुथैय्या मुरलीधरन (श्रीलंका)
- 37 शेन वॉर्न (ऑस्ट्रेलिया)
- 36 रविचंद्रन अश्विन (भारत)
- 36 रिचर्ड हेडली (न्यूजीलैंड),
- 35 अनिल कुंबले (भारत)
- 34 रंगना हैराथ (श्रीलंका)

### किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक टेस्ट विकेट

- 114 - रविचंद्रन अश्विन बनाम ऑस्ट्रेलिया
- 114 - रविचंद्रन अश्विन बनाम इंग्लैंड
- 111 - अनिल कुंबले बनाम ऑस्ट्रेलिया
- 99 - कपिल देव बनाम पाकिस्तान
- 95 - भागवत चन्द्रशेखर बनाम इंग्लैंड
- 95 - हरभजन सिंह बनाम ऑस्ट्रेलिया

### अश्विन के विभिन्न देशों के खिलाफ विकेट

- 5 बनाम अफगानिस्तान
- 114 बनाम ऑस्ट्रेलिया
- 23 बनाम बांग्लादेश
- 114 बनाम इंगलैंड
- 66 बनाम न्यूजीलैंड
- 57 बनाम साऊथ अफ्रीका
- 62 बनाम श्रीलंका
- 75 बनाम विंडीज

अश्विन के पास इसी साल ही शेन वॉर्न का रिकॉर्ड तोड़ने को मौका है। लिस्ट में टॉप पर 67 बार 5 विकेट हॉल के साथ मुरलीधरन पर टॉप पर हैं लेकिन अश्विन निश्चित तौर पर आने वाले कुछ सालों में दूसरी स्थान पर मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आएंगे।

## प्लेयर ऑफ द सीरीज बने जायसवाल, बोले- मैंने टेस्ट सीरीज का पूरा मजा लिया

**धर्मशाला।** प्लेयर आफ द सीरिज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मिली अप्रतिम सफलता का श्रेय पारी की शुरूआत करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाने की अपनी रणनीति को दिया। जायसवाल ने श्रृंखला में दो शतक और तीन अर्धशतक समेत 712 रन बनाए। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ गेंदबाजों पर दबाव बनाने के बारे में सोच रहा था। यही रणनीति थी और इस पर अडिग रहना था। एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले सुनील गावस्कर के बाद दूसरे भारतीय बने जायसवाल ने कहा कि वह अपने पैर जमीन पर रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने टेस्ट सीरीज का पूरा मजा लिया। मैं एक समय पर एक मैच के बारे में ही सोच रहा हूं। मैं यही सोचता हूं कि टीम के लिए कैसे योगदान दे सकता हूं और कैसे जीत तक ले जा सकता हूं। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उसे लंबा सफर




तय करना है और उसकी उपलब्धि देखकर अच्छा लग रहा है। उसके जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बना सकता है। आगे काफी चुनौतियां होंगी लेकिन उसे चुनौतियां पसंद है।

प्लेयर आफ द मैच बने कुलदीप यादव ने कहा कि वह अपने स्पैल में अच्छी लैंग्थ पर फोकस कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि मेरा फोकस अच्छी लैंग्थ पर है और इस प्रारूप में यह स्पिनरों के लिए काफी जरूरी है। मैं इस बारे में ज्यादा नहीं सोचता कि बल्लेबाज क्या करने की कोशिश कर रहा है। कुलदीप ने रांची में बेन स्टोक्स के विकेट को और यहां जाक क्रॉली के विकेट को अपना पसंदीदा बताया। उन्होंने कहा कि रांची में गेंदबाजी करके मजा आया। विकेट धीमा था और स्टोक्स का विकेट लेना अच्छा रहा। यहां क्रॉली का विकेट खूबसूरत गेंद पर लिया।

**एजेंसी**

**धर्मशाला।** पांच मैचों की टेस्ट सीरिज का आखिरी मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड पर बड़ी जीत दर्ज की है। भारतीय टीम ने पारी और 64 रनों से धर्मशाला टेस्ट को तीसरे दिन ही अपने नाम कर लिया है। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 195 रनों पर ही सिमट गई। इस टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए सीरिज को 4-1 से अपने नाम कर लिया है। इंग्लैंड की दूसरी पारी में बलेबाजी पूरी तरह फ्लॉप रही। एक मात्र बल्लेबाज जो रूट ने सबसे अधिक 84 रन बनाकर इंग्लैंड को कुछ हद तक 195 के स्कोर तक पंहुचाने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि अन्य बल्लेबाज कुछ खास नही कर पाए और जल्दी जल्दी पैवेलियन लौटते रहे। इंग्लैंड की ओर से 100वां टेस्ट खेलने वाले जॉनी बेयरस्टो ने 39 रनों की पारी खेली। इसके अलावा टॉम हार्टली 20 और ओली पोप ने 19 और शोएब बशीर ने 13 रनों का योगदान दिया। गौरतलब है कि इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था।इंग्लैंड की पहली पारी महज 218 रनों पर ही सिमट गई थी। जबाव में भारत ने कप्तान रोहित शर्मा ने 103 और शुभमन गिल 110 रनों की बदौलत भारत ने 477 रन बनाए जिसके चलते टीम इंडिया ने इंग्लैड पर 259 रनों की लीड बनाई। लेकिन दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरी इंगलैंड टीम की बल्लेबाजी काफी खराब रही और आखिर में पूरी टीम 195 रनों पर आलआउट हो गई। भारत की ओर से आज रविचंद्रन अश्विन ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लिए जबकि कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह को दो-दो तथा रविंद्र जडेजा को एक विकेट मिला।

### टेस्ट में सभी टीमों के हार-जीत के आंकड़े

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | ड्रॉ |
|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 866 | 413 | 232 | 2 | 218 |
| इंग्लैंड | 1071 | 392 | 324 | 0 | 355 |
| वेस्ट इंडीज | 575 | 183 | 210 | 1 | 181 |
| भारत | 579 | 178 | 178 | 1 | 222 |
| द. अफ्रीका | 464 | 178 | 161 | 0 | 125 |
| पाकिस्तान | 456 | 148 | 142 | 0 | 166 |
| न्यूजीलैंड | 470 | 115 | 184 | 0 | 170 |
| श्रीलंका | 314 | 101 | 121 | 0 | 92 |
| बांग्लादेश | 140 | 19 | 103 | 0 | 18 |

## रोहित ने वो कर दिखाया जो धोनी-कोहली नहीं कर सके, 112 साल बाद भारत के नाम अद्भुत रिकॉर्ड

**धर्मशाला।** भारतीय टीम को हैदराबाद में हार मिली थी। इंग्लैंड ने उसे 28 रनों से हराया तो भारत में हाहाकार मच गया। सोशल मीडिया पर फैंस कप्तान रोहित शर्मा को ट्रोल कर रहे थे तो कुछ क्रिकेट एक्सपर्ट कह रहे थे कि वह टेस्ट कप्तानी समझते ही नहीं हैं। कुछ ने तो यहां तक कहा कि बिना विराट कोहली के रोहित शर्मा यह सीरीज हार जाएंगे। दिख भी कुछ ऐसा ही रहा था। बैजबॉल ने पहले मेच में भारत को हैरान किया था। उसके पास पूरी स्ट्रेंथ थी तो दूसरी ओर भारत के पास नए-नए खिलाड़ी। उसने सीरीज में 5 खिलाड़ियों को डेब्यू कराया और बावजूद इसके भारत ने इंग्लैंड को लगातार 4 मैच जीते हुए 4-1 से हरा दिया। 112 सालों में ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी टीम ने पहला मैच गंवाने के बाद बचे सभी मैच जीतकर सीरीज 4-1 से अपने नाम कर ली।

### भारतीय इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 1897-98 और 1901-02 में इंग्लैंड के खिलाफ, जबकि इंग्लैंड ने 1911-12 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह कारनामा किया था। अब भारत ने हैदराबाद में हार के बाद विशाखापत्तनम, राजकोट, रांची और फिर धर्मशाला में लगातार 4 मैच जीतते हुए सीरीज 4-1 से अपने नाम की। मैच की बात करें तो ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (77 रन पर पांच विकेट ) की घातक गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन दूसरे सत्र में पारी और 64 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज को 4-1 से अपने नाम कर लिया।

## नुवान तुषारा की हैट्रिक, श्रीलंका ने बांग्लदेश से जीती टी20 सीरीज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने सिलहट के मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ खेला गया दूसरा मुकाबला 28 रन से गंवा दिया है। श्रीलंका ने पहले खेलते हुए कुसल मेंडिस के 86 रनों की बदौलत 174 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी बांग्लादेश को शुरूआत में ही नुवान तुषारा ने झटके दे दिए। उन्होंने हैट्रिक ली और बांग्लादेश को 146 पर सिमेट दिया। यह नुवान का बैस्ट प्रदर्शन था। उन्होंने अपने कोटे के 4 ओवर में 20 रन देकर पांच विकेट चटकाई। इस तरह श्रीलंका ने तीन टी20 मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। टी20 सीरीज जीतने के बाद श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा ने कहा कि मैंने पहले दो गेम ड्रेसिंग रूम से देखे, हमने तीनों गेम में बहुत अच्छा खेला। दिन के खेल



में मैंने अपने कौशल पर भरोसा करता किया और खुद का समर्थन किया। हमारा गेंदबाजी आक्रमण अच्छा रहा। विश्व कप से पहले यह हमारी आखिरी सीरीज है और हम इससे काफी आत्मविश्वास ले सकते हैं। प्लेयर ऑफ द सीरीज बने कुसल मेंडिस ने कहा कि शुरूआत में विकेट दो गति वाला था, कुछ गेंदें आ रही थीं और कुछ नहीं। छह ओवर के बाद गेंद अच्छी तरह से बल्ले पर आने लगी। हमपर कोई दबाव नहीं था, मैंने अपना खेल खेला, अपना समय लिया और बाउंड्री लगाई। बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने पूरी सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया। मैं सीरीज जीत से बहुत खुश हूं।बांग्लादेश के कप्तान नजमुल शान्तो ने कहा कि उन्होंने शानदार बल्लेबाजी की थी लेकिन हमने अच्छी वापसी कर उन्हें 174 रन पर रोक लिया। हमारी बल्लेबाजी ठीक नहीं रही। इसका श्रेय नुवान को जाता है, उन्होंने शानदार गेंदबाजी की। हमने तीनों मैचों में अच्छी क्रिकेट खेली, रिशद के लिए खुश हूं। हम इस श्रृंखला से काफी आत्मविश्वास ले सकते हैं लेकिन वनडे एक अलग प्रारूप है, हम इसका इंतजार कर रहे हैं।

## चेन्नई सुपर किंग्स पर बड़ी मुसीबत, माथिशा पाथिराना हुर चोटिल

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के आगामी सत्र शुरू होने में बस दो हफ्ते का समय बचा है और गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज माथिशा पाथिराना के बायें पैर में 'ग्रेड एक हैमस्ट्रिंग' खिंचाव से जूझ रहे हैं। श्रीलंका के इस गेंदबाज को छह मार्च को सिलहट में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान यह चोट लगी जिससे वह अपना स्पैल भी पूरा नहीं कर सके और मैदान से बाहर चले गए। श्रीलंका क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि माथिशा पाथिराना तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे क्योंकि इस खिलाड़ी के बायें पैर में 'ग्रेड एक हैमस्ट्रिंग' चोट लगी है। आइपीएल का आगामी चरण 22 मार्च से शुरू होगा जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स का सामना पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से होगा। आइपीएल सूत्र ने कहा कि ग्रेड एक हैमस्ट्रिंग से पूरी तरह उबरने में करीब दो हफ्ते लगते हैं।

## बीसीसीआइ ने की टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना की घोषणा

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड पर भारत की शानदार श्रृंखला जीत के बाद, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) के सचिव जय शाह ने शनिवार को भारतीय पुरुष टीम के लिए 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' की घोषणा की। योजना के तहत खेल के सबसे लंबे प्रारूप में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को सामान्य मैच फीस के अलावा अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि मिलेगी। शाह ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर यह घोषणा की कि प्रोत्साहन योजना खिलाड़ियों के लिए 15 लाख रुपये की मौजूदा मैच फीस के अलावा 'अतिरिक्त इनाम संरचना' के रूप में काम करेगा। यह कदम उन खिलाड़ियों को 'वित्तीय विकास' और 'स्थिरता' प्रदान करेगा जो खेल के सबसे सम्मानित प्रारूप में उत्सुकता से भाग लेते हैं। शाह ने ट्वीट किया, मुझे वरिष्ठ पुरुषों के लिए 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' की शुरूआत की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिसका उद्देश्य हमारे सम्मानित एथलीटों को वित्तीय विकास और स्थिरता प्रदान करना है। 2022-23 सीजन से शुरू होकर, 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' शुरू होगी टेस्ट मैचों के लिए मौजूदा मैच फीस के ऊपर एक अतिरिक्त इनाम संरचना के रूप में कार्य करेगी, जो कि 15 लाख रुपये निर्धारित है। यह मानते हुए कि एक सीजन में कम से कम नौ टेस्ट मैच हैं, 50 प्रतिशत से कम या चार से कम मैच खेलने वाले खिलाड़ी इस योजना के पात्र नहीं होंगे।

## झारखंड वॉलीबॉल टीम सीआईएसएफ को अखिल भारतीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता बने

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी, रांची।** मैक्लुस्कीगंज स्थित गुलमोहर गेस्ट हाउस, पूर्व बॉलीबाल कोचिंग सेंटरद्ध में भारतीय वॉलीबॉल महासंघ के तत्वावधान में झारखंड बॉलीबाल संघ के द्वारा गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल मैच खेल कर फेडरेशन कप हेतु क्वालीफाई करने वाली झारखंड वॉलीबॉल टीम तथा एकमात्र युनिट सीआईएसएफ के द्वारा अखिल भारतीय पुलिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने पर समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के मुख्यतिथि समादेष्टा हरेंद्र नारायण विशिष्ट अतिथि झारखंड बॉलीबाल के सचिव शेखर बोस, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील सहाय, वरीय उपाध्यक्ष किरण थाम्प किंसन, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष उत्तम राज, संजय कुमार, संजय कुमार ठाकुर, अजय झा उपस्थित थे। इस दौरान अतिथियों के द्वारा



बॉलीबाल खिलाडियों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समादेष्टा हरेंद्र नारायण अपने यूनिट के खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे अपने खिलाड़ियों का भरपूर सम्मान करते है उन्होंने वादा किया कि यह टीम और मेहनत करे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में नई ऊंचाई प्राप्त करें इसके लिए वे हर संभव मदद के लिए तैयार है। समारोह में शेखर बोस ने भी संबोधित करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया। यह समारोह गत वर्ष गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने लीग मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनी। वही केरल के तेजतर्रार सशक्त टीम को फ्री क्वार्टर फाइनल में पराजित कर क्वार्टर फाइनल खेलने की हेतु पात्रता हासिल किया। उसके बाद 26 फरवरी से 3 मार्च तक नागपुर में खेले गए अखिल भारतीय पुलिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 30 वर्षों के इंतजार को खत्म करते हुए सीआईएसएफ की वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस खेल में सीआईएसफ सहित पूरा झारखंड का भी नाम ऊंचा हुआ। उपविजेता टीम के प्रशिक्षक अमरजीत सिंह खरे एवं विश्वजीत नंदी ने पूरा पूरा सहयोग रहा।

## ऑस्ट्रेलिया को 256 रन पर सिमेटकर न्यूजीलैंड ने की मजबूत शुरुआत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** क्राइस्टचर्च के मैदान पर न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलियाई टीमों के बीच खेला जा रहा दूसरा टेस्ट रोमांचक स्थिति में पहुंच गया है। न्यूजीलैंड पहली पारी में 162 रन ही बना पाई थी। जिसके बाद मैट हैनरी ने सात विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को भी 256 तक रोक दिया। अब मैच के दूसरे दिन स्टंप तक न्यूजीलैंड ने दो विकेट के नुकसान पर 134 रन बना लिए हैं। न्यूजीलैंड के लिए टॉम लैथम और केन विलियमसन अर्धशतकीय पारियां खेलने में सफल रहे। उनके पास अभी 40 रन की लीड है।

**न्यूजीलैंड दूसरी पारी**

पहली पारी में पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में मजबूत शुरूआत की। हालांकि न्यूजीलैंड ने जल्द ही विल यंग का विकेट गंवा दिया लेकिन टॉम लैथम और केन विलियमसन ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर स्कोर 100 पार करवा दिया। टॉम लैथम ने जहां 154 गेंदों पर सात चौकों की मदद से नाबाद 65 रन बनाए तो वहीं, विलियमसन ने 107 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 51 रन बनाए। क्रीज पर अभी रचिन रवींद्र 11 रन बनाकर मौजूद हैं।

**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी : 124-4 (36 ओवर)**

ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत भी सधी हुई रही। ओपनर स्टीव स्मिथ 11 तो उसमान ख्वाजा 16 रन बनाकर आऊट हो गए। मार्नेस लाबुछेन ने एक छोर संभाला लेकिन कैमरून ग्रीन 25 तो ट्रेविस हेड 21 रन बनाकर आऊट हो गए। नाथन लियोन ने 20, मिशेल मार्च ने 0, एलेक्स कैरी ने 14, स्टार्क ने 54 गेंदों पर 28 तो कप्तान पैट कमिंस ने 23 रन बनाकर स्कोर 256 तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हैनरी ने 23 ओवरों में 67 रन देकर 7 विकेट हासिल कीं।

**न्यूजीलैंड पहली पारी : 162-10 (45.2 ओवर)**

न्यूजीलैंड को टॉम लैथम और विल यंग ने सधी हुई शुरूआत दी थी। लैथम ने 69 गेंदों पर जहां 38 रन बनाए तो विल यंग 14 रन बनाकर आऊट हो गए। केन विलियमसन 17, रचिन रवींद्र 4 तो डेरिल मिशेल 4 रन बनाकर आऊट हो गए। टॉम ब्लंडल 22 रन बनाए लेकिन ग्लेन फिलिप्स 2 तो कुग्गेलिन 0 पर ही आऊट हो गए। इसके बाद मैट हैनरी ने 28 गेंदों पर 29 तो कप्तान टिम साऊदी ने 20 गेंदों पर 26 रन बनाकर स्कोर 162 तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी करते हुए माइकल स्टार्क ने 12 ओवरों में 59 रन देकर 3 विकेट लिए।

## हॉकी महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का उद्घाटन मैच में छत्तीसगढ़ और मप्र के बीच

**पुणे।** पुणे में 13 मार्च में शुरू होने वाली 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024 में गत चैंपियंस हॉकी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच उदघाटन मुकाबला खेला जायेगा। मध्य प्रदेश इस चैंपियनशिप में पिछले सीजन के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी,तो कई उभरते खिलाड़ियों को अनुभवी भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलना का मौका मिलेगा। जहां वरिष्ठ खिलाड़ी अपने खेल के समय का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहेंगे, वहीं युवा खिलाड़ी अपने खेल के समय का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहेंगे। इस टूनार्मेंट में अच्छे प्रदर्शन के जरिए राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की कोशिश करेंगे।

## विश्व ओलंपिक बॉक्सिंग क्वालिफिकेशन टूनार्मेंट से मोहम्मद हुसामुद्दीन बाहर

**बस्टो असिंजियो।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता भारत के मोहम्मद हुसामुद्दीन शनिवार को इटली के बस्टो असिंज़ियो में अपना राउंड ऑफ 32 का मैच हारने के बाद पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए पहले वर्ल्ड बॉक्सिंग क्वालिफिकेशन टूनार्मेंट से बाहर हो गए। पुरुषों के 57 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करते हुए, भारतीय मुक्केबाज मौजूदा कॉमनवेल्थ गेम्स के चैंपियन आयरलैंड के 22 वर्षीय जूड गैलाघेर से 4–0 से हार गए।

## ब्रिस्टल ओपन स्क्वैश के सेफा में पहुंची उर्वशी

**ब्रिस्टल।** भारत की उर्वशी जोशी अपने पहले प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन फाइनल से अब एक कदम दूर हैं, उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट इंग्लैंड ब्रिस्टल ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 28 वर्षीय उर्वशी ने शुक्रवार देर रात यूएसडी 3000 पीएसए चैलेंजर इवेंट के क्वार्टर फाइनल में उच्च रैंकिंग वाली ऑस्ट्रेलिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त एरिन क्लासेन को 9–11, 11–8, 11–7, 11–7 से हराया। विश्व की 153वें नंबर की खिलाड़ी और 2023 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की सेमीफाइनलिस्ट, उर्वशी अंतिम–चार चरण में आयरलैंड की उच्च रैंकिंग वाली ब्रेन फिलन से भिड़ेंगी। इस बीच, विश्व रैंकिंग में 139वें स्थान पर मौजूद ब्रिएन ने क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कोलेट सुल्ताना (माल्टा) को 3–0 से हराया।

## ईस्ट बंगाल का मुकाबला मोहन बागान से

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग (आइएसएल) मैच में रविवार को मोहन बागान सुपर जाइंट और ईस्ट बंगाल एफसी का मुकाबला होगा। फरवरी में शीर्ष स्तर पर आखिरी बार भिड़ने के बाद से दोनों टीमों के लिए बहुत कुछ बदल गया है। रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड उस समय जबरदस्त फॉर्म में थी, कलिंगा सुपर कप में जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई थी। इसके विपरीत, मेरिनर्स को उस समय लीग में लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा था।

## हरमीनप्रीत के तूफान में उड़ा गुजरात, मुबंई सात विकेट से जीता



**नयी दिल्ली।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (95 नाबाद) की तूफानी पारी की बदौलत मुबंई इंडियंस महिला ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में शनिवार को गुजरात जायंट्स महिला को एक रोमांचक मुकाबले में सात विकेट से हरा दिया। गुजरात जांयट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये सात विकेट पर 190 रन बनाये जिसके जवाब में मुबंई ने विजय लक्ष्य एक गेंद शेष रहते तीन विकेट के नुकसान पर पूरा कर लिया।

स्पीड न्यूज

## आरएस मोर कॉलेज में अप्रेन्टिसशिप मेला कल

**धनबाद।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय के तत्वावधान में आगामी 11 मार्च को गोविंदपुर, आरएस मोर कॉलेज में अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा। मेला में आईटीआई, डिप्लोमा , इंजीनियरिंग, सोर्ट टर्म कोर्स के अलावा पांचवीं पास से स्नातक पास छात्र छात्राएं भाग ले सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार मेला में अपने साथ शैक्षणिक व तकनीकी प्रमाण पत्र, मोबाइल नं,आधार कार्ड , ईमेल आईडी एवं फोटोग्राफ लेकर आयेंगे। मेला सुबह 10 बजे शुरू होगा। छात्रों को अप्रेन्टिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत कर अलग अलग संस्थानों में अप्रेन्टिसशिप कराया जायेगा।

## पेट्रोल की जगह डीजल भरने पर कार में लगी आग



**पूर्वी टुंडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर पंचायत के धधकीटाड गांव के पास शंकरडीह से निरसा जाने वाले मुख्य मार्ग पर शनिवार दिन को एक कार में आग लग गई। घटना के संबंध में थाना प्रभारी मदन चौधरी से पूछने पर उन्होंने बताया कि वाहन में पेट्रोल की जगह डीजल ईंधन डालने की वजह से यह घटना घटी है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर छानबीन कर रही है। हालांकि कार मौके पर ही जलकर खाक हो गई।

## जली झोपड़ी का मुआयना करने पहुंचे कांग्रेस नेता

**सिंदरी।** विगत 29 फरवरी को हर्ल सिंदरी के उद्घाटन से एक रात पहले सुरेश मोदक की दो झोपड़ी जलकर खाक हो गई थी। उनको सांत्वना, सहायता और मदद के लिए भाजपा नेताओं, विधायक पत्नी सहित वाम दलों ने लगातार अपना हाथ बढ़ाया। लगभग 9 दिनों के बाद कांग्रेस के नेता भी मदद के लिए जली झोपड़ी देखने पहुंचे। नेताओं ने उन्हें आर्थिक मदद करते हुए जिला प्रशासन से घर की मरम्मत व आर्थिक मदद की गुहार लगाई। कांग्रेस नेताओं में झारखंड प्रदेश प्रवक्ता शमशेर आलम, झरिया प्रखंड कॉंग्रेस अध्यक्ष इम्तियाज अली, प्रखंड कॉंग्रेस उपाध्यक्ष अमन साव, कॉंग्रेस नेत्री मधु फिलिप्स, राजद नेता सुरेश राउत मौजूद थे।

## मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 14 से 20 मार्च तक

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर आगामी 14 मार्च से 20 मार्च तक पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान पदाधिकारी 1, 2 और 3 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतदान पदाधिकारियों को एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज एवं गुरु नानक महाविद्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए 8 मास्टर ट्रेनर की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पदाधिकारी की सहायता के लिए तीनों सेंटर पर हेल्प डेस्क उपलब्ध रहेगा।

# लोक अदालत में 1.10 अरब रुपये की रिकार्ड रिकवरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नालसा के निर्देश पर शनिवार को लोक अदालत में कुल एक अरब 10 करोड़ 31 लाख 53 हजार 405 रुपये की रिकवरी की गई है। जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला एवं मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी आरती माला ने बताया कि बताया कि बैंक लोन रिकवरी के 416, मोटरयान दुर्घटना के 34, बिजली एक्ट से संबंधित 474 ,एन आई एक्ट से संबंधित 220, दीवानी मुकदमों से संबंधित 62 ,आपराधिक मुकदमे 389 एवं अन्य विभिन्न तरह के 80 हजार 753 विवादों का निपटारा किया गया। उन्होंने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। अदालत का उद्घाटन करते हुए धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने कहा कि नेशनल लोक अदालत संविधान की परिकल्पना को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है। हमारा संविधान हर किसी को सामाजिक, आर्थिक एवं सस्ता सुलभ न्याय की गारंटी देता है। नेशनल लोक अदालत संविधान के परिकल्पना को पूरी करने के दिशा में एक कदम है, नवम्बर 2013 से पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हर तीन माह मे किया जा रहा है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी के हित के लिये लगाई जाती हैं। बिना प्रशासनिक सहयोग के हम समाज तक न्याय नहीं पहुंचा सकते। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट का चक्कर लगाने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है।



मुकदमा का निपटारा करती मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला व अन्य।

### 85 हजार 803 विवादों का निपटारा

मुकदमो के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 15 बेंच का गठन किया गया था, जिसमें द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया। जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला एवं मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी आरती माला ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में शुरू के केवल दो घंटे मे ही 19 हजार 960 विवादों का निपटारा कर दिया गया था। इसके बाद निष्पादन की गति और तेज हुई। शाम 4 बजे तक 85 हजार 803 विवादों का निपटारा कर दिया गया।

### लोक अदालत में मौजूद थे न्यायाधीश

न्यायिक पदाधिकारियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी, हसन, अतिरिक्त कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश एसएन मिश्रा,लेबर जज प्रेमलता त्रिपाठी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, आरके मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, सिविल जज राकेश रोशन, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रगेश निगम, प्रतिमा उरांव, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट ऑफिसर फागुनी राम, दिनेश सिंह, कंज्यूमर फोरम की सदस्य शिप्रा समेत डालसा के पैनल अधिवक्ता जया कुमारी, संदीप कुमार, पंचानन सिंह, रंजन कुमार सिंह, चरणजीत प्रमाणिक, अभिजीत कुमार साधु, नीरज कुमार सिंह, तारकनाथ चौबे, अरविंद कुमार सिंह, जमशेद काजी, महेंद्र गोप समेत बैंक के पदाधिकारी, सीनियर मैनेजर नीरज प्रकाश, अभिषेक कुमार, गौतम, रविकांत, प्रणव कुमार मिश्रा इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# तेतुलमुडी कोल डंप गोलीबारी की जांच करेगी एसआईटी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिजुआ।** मैन्युअल लोडिंग की मांग को लेकर बीसीसीएल के कोल डंप पर झड़प के दूसरे दिन शनिवार को स्थिति सामान्य बनी हुई है। हालांकि धरना स्थल पर पंडाल में तोड़फोड़ का दृश्य भी ज्यों का त्यों बना हुआ है। पंडाल के सारे सामान बिखरे पड़े हैं। दो सीआईएसएफ के जवान ड्यूटी पर तैनात थे। समझौता होने तक कांटा घर का काम बंद कर दिया गया है। वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस प्रशासन ने हुडदंगियों को चिन्हित कर मामला दर्ज किया है। घटना के दूसरे दिन डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर दीपक कुमार निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और बताया कि एसआईटी का गठन कर जांच कराई जा रही है । उपद्रव में शामिल प्रभावशाली लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। वीडियो फुटेज देखा जा रहा है। स्थानीय स्तर पर जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी। यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन एटक के मजदूरों ने पूछे जाने पर बताया कि धरना स्थल पर पुनः बैठने के लिए गए थे। लेकिन पुलिस ने बताया कि विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए वे यहां मौजूद हैं और जब तक वार्ता नहीं हो जाती है, डंप बंद रहेगा। बताते चलें कि मैनुअल लोडिंग सहित चार सूत्री मांगों को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) ने विगत 7 मार्च को मोदीडीह कोलियरी के तेतुलमुड़ी कोल डंप में अनिश्चितकालीन चक्का जाम शुरू किया था। हालांकि दूसरे दिन कांग्रेस और झामुमो के विरोध करने पर संघर्ष तेज हो गया। धरनास्थल गोलियों और बम के धमाके से गूंज उठा। इस घटना के बाद सिजुआ क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। रात्रि में स्थानीय पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की है। पुलिस की गहन जांच में तो कई दबंग लोगों के नाम सामने आ सकते हैं।



घटनास्थल का जायजा लेते डीएसपी व अन्य पुलिसकर्मी।

### पुलिस से हुई है चुक

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सीआईएसएफ और पुलिस से भी चुक हुई है। डंप में मजदुर पत्थर की छटाई करते हैं, उन्हें मजदूरी दी जाती है फिर अचानक गोली और बम चलने लगते हैं। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर इन घटनाओं के पीछे कौन प्रभावशाली लोग या नेता भूमिका निभा रहे हैं।

### मैथन में दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

**मैथन।** बैडमिंटन क्लब मैथन द्वारा डीवीसी श्रम कल्याण केन्द्र में शनिवार को दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन एमपीएल के सीएसआर हेड मृत्युंजय राय एवं मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने कहा कि यदि खेल भावना से खेला जाये, तो यह खेल बहुत ही रोचक होता है। कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। खेलकूद के माध्यम से मन- मस्तिष्क व शरीर स्वस्थ होता है, जिससे स्मरण शक्ति मजबूत होती है। अतिथियों ने कहा कि बच्चें चाहे तो खेल के क्षेत्र में भी अच्छा नाम रोशन कर सकते हैं। इसके लिए नियमित अभ्यास व कठिन परिश्रम करने की आवश्यकता होगी। खेल के माध्यम से देश ही नहीं विदेशों में भी अपना नाम ऊंचा कर सकते हैं।

## जमसं ने 16 मार्च से टासरा प्रोजेक्ट बंद का किया ऐलान

**सिंदरी।** जनता मजदूर संघ (कुंती गुट) सेल चासनाला के टासरा प्रोजेक्ट को 16 मार्च से अनिश्चितकालीन बंद करने का एलान किया है। संघ ने इस आशय का पत्र सेल टासरा महाप्रबंधक को शनिवार को सौंपा। संघ के टासरा शाखा अध्यक्ष बिरजू सिंह ने आश्वासन के अनुसार कार्य नहीं किए जाने बंद की चेतावनी दी है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि सेल कंपनी द्वेष की भावना से ओतप्रोत है। ग्रामीण रैयतों को झूठे केस में फंसाया जा रहा है। ग्रामीणों और सेल प्रबंधन के बीच 5 मार्च के समझौते का जिक्र करते हुए कहा गया है कि प्रबंधन किसी को मुआवजा व विस्थापित किए बिना अपना उल्लू सीधा करना चाहता है। उन्होंने 13 सूत्री मांगों पर प्रबंधन द्वारा समय पर सकारात्मक पहल नहीं करने पर 16 मार्च से अनिश्चितकालीन बंदी की घोषणा की है। बताते चलें कि विगत 21 फरवरी को सेल के एमडीओ केटीएमपीएल के दो वाहनों को कोल डिस्पैच से रोकने का केस किया था।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध धरना में शामिल हुए डीएन सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** पंचायत समिति सदस्यों द्वारा बाघमारा प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना के छठे दिन शनिवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह शामिल हुए । पंचायत समिति सदस्यों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाघमारा प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध अनिश्चितकालीन धरना को जदयू पार्टी समर्थन करती है। श्री सिंह ने कहा कि एक समय बाघमारा प्रखंड को गांधी प्रखंड के नाम से जाना जाता था। आज बाघमारा प्रखंड को भ्रष्टाचार के लिए जाना जाता है। गरीबों का कोई भी काम नहीं हो रहा है। लोग परेशान है और अधिकारी लुट खसोट में लगे हुए हैं। इस लड़ाई में आपके साथ हैं। इस अवसर पर जदयू बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप, बाघमारा प्रखंड उप प्रमुख रंजीत सिंह, जदयू जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, संजय दे, कल्पना देवी, राजू रजक, महेंद्र चौहान, बिरेन कुम्हार,अजित महतो, किशुन महतो,इंदल सिंह, लाल बाबू महतो, धनेश्वर रवानी,प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे।



# 12 दिनों बाद भी चिटाही के लोगों को नहीं मिला न्याय

### समर्थन के नाम पर राजनीतिक दल सेंक रहे हैं रोटी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** खुशी की दुकानों में बिकता है गम, अमीरों की शाम, गरीबों के नाम .... मो अजिज द्वारा गाया यह गाना आज के राजनीतिज्ञों पर सटीक बैठता है। जनता की खुशी देने के नाम पर ये लोग पहले वोट मांगते हैं, लेकिन सत्ता मिलते ही जनता का पैसा लूटने में लग जाते हैं। पिछले 12 दिनों से रणधीर वर्मा चौक पर धरना पर बैठे चिटाही के ग्रामीणों की भी यही कहानी है। ग्रामीणों ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो पर जमीन हड़पने और परेशान करने का अरोप लगाया है। इधर हर दिन किसी न किसी दल के नेता पहुंचते हैं, आश्वासन देते और चले जाते हैं. शनिवार को भी झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधि पहुंचे, बड़ी बड़ी बाते कहीं, एक घंटा गुजारा और चले गये। तत्काल समाधान किसी ने नहीं किया।



### पदाधिकारी भी बचते हैं कार्रवाई करने से

पार्टी की केंद्रीय सदस्य नीलम मिश्रा ने कहा कि बाघमारा विधायक ने चिटाही में मंदिर निर्माण के नाम पर गरीबों का जमीन हड़पने का काम किया है। कई परिवार विधायक के डर से मुंह नहीं खोल रहे हैं। कुछ परिवार हिम्मत जुटाकर धरने पर बैठा है। लेकिन इन्हें न्याय नहीं मिल रहा है। विधायक के प्रभाव के कारण पदाधिकारी भी कार्रवाई करने से बचते हैं। झामुमो इनकी लड़ाई में साथ है।

### जिला अध्यक्ष ने न्याय दिलाने का दिया भरोसा

झामुमो के जिला अध्यक्ष लख्खी सोरेन ने कहा कि अन्याय जहां, झारखंड मुक्ति मोर्चा वहां। आदिवासी, दलित या अन्य किसी भी गरीब गुरबा पर हमलोग अन्याय नहीं होंने देंगे। 10 मार्च को मुख्यमंत्री परबेंदिया पुल का उदघाटन करने आ रहे हैं, उनके समक्ष इन गरीबों की बात हमलोग रखेंगे और जल्द से जल्द उन्हें न्याय दिलाने का काम करेंगे. इसके अलावा हमलोग एलआरडीसी के बात कर जमीन की जांच कर दूध का दूध पानी का पानी करने की मांग करेंगे।

# धनबाद में बंद घर, दुकान और मंदिरों को निशाना बना रहे चोर

### पुलिस नाकाम, आम लोग और व्यवसायियों के बीच दहशत

राममूर्ति पाठक

**धनबाद।** धनबाद में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम रही है। इधर आम जनता में भय और दहशत फैली हुई है। पुलिस का दावा है कि वह लोगों को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए तत्पर है। परंतु सच्चाई यह है कि पुलिस ढंग से मुहल्लों में पेट्रोलिंग भी नहीं कर रही है। हालत यह है कि चोर-उचक्के आए दिन लोगों की गाढ़ी कमाई लूटने में कामयाब हो रहे हैं। दुकान, स्टोर, कोलियरी के गोदाम व अन्य स्थानों पर चोरी की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। बाइक और हाइवा चोरी के मामले भी बढ़ रहे हैं। कई ऐसी घटनाएं भी होती हैं, जो पुलिस तक नहीं पहुंचती हैं। लगातार हो रही चोरी से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।



### वाहन चोरों की भी पौ बारह

ताजा मामला बरवाअड्डा का है, जहां गुरुवार की देर रात एक बाइक पर सवार दो अपराधी कल्याणपुर स्थित जीटी रोड के किनारे चन्द्रदीप रवानी के घर के बाहर खड़े 407 वाहन (संख्या जेएच 10 बीएल 9679) को लेकर फरार हो गए। वाहन के चालक चन्द्रदीप रवानी ने बताया कि सुबह जब वह सो कर उठे तो देखा कि वाहन गायब है. घर की बगल में पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी कैमरे देखन से पता चला कि गुरुवार देर रात बाइक पर सवार दो अपराधी आये. एक बाइक से उतर कर वाहन कीू तरफ गया और कुछ ही पल में वाहन ले कर कर राजगंज की ओर भाग निकला। उन्होंने बताया कि चोरी की सूचना वाहन मालिक भेलाटांड निवासी संजीव परासर को दे दी है। वाहन मालिक ने बरवाअड्डा थाना में वाहन चोरी की लिखित शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस कार्रवाई के नाम पर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### पांच लाख के गहनों पर किया हाथ साफ

धनबाद में चोरी की घटनाएं सबसे अधिक बंद घरों दुकान और मंदिरों में होती हैं। विगत बुधवार की रात सरायढेला के राधा स्वामी मार्केट स्थित एक ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर करीब पांच लाख के गहने चोर चुरा ले गए। दुकान मालिक शंभू अग्रवाल ने सरायढेला थाने में शिकायत की। इधर लोयाबाद थाना क्षेत्र में हजारों रुपये मूल्य के सामान की चोरी हो गई। बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय पंडुकी में चोरों ने पांच मार्च की रात ताला तोड़कर सिलेंडर की चोरी कर ली। सवाल उठता है कि बंद घरों या दुकानों की जानकारी चोरों को कैसे मिल जाती है। सभी को पता है कि चोरी की घटनाओं में लोकल लिंक होता है। पहले दुकान या घरों की रेकी की जाती है फिर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता है। यह पुलिस प्रशासन की कमजोरी को भी दर्शाता है।

एक नजर में

## बोकारो श्यामा माई मंदिर में महाशिवरात्रि



**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 2 स्थित श्यामा माई मंदिर में शिवशक्ति बोल बम समिति ने की ओर से शिवरात्रि के अवसर सिमरिया से लाए गए गंगोट में गंगाजल मिश्रित कर असंख्य पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया। उसके बाद विधिपूर्वक उन सभी की एक साथ मंदिर के यज्ञ मंडप में यज्ञाचार्य पं योगेंद्र मिश्र के निर्देशन में पूजा अर्चना संपन्न की गई। अनुष्ठान के सफल आयोजन में मैथिली कला मंच काली पूजा ट्रस्ट के महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर पं चंचल झा पं बाल शेखर झा पं गौरी शंकर झा पं गोविंद झा पं हरिश्चन्द्र झा गोविंद कुमार झा गंगेश कुमार पाठक मिहिर मोहन ठाकुर सुशील कुमार झा शंकर मिश्र अरुण ठाकुर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बीएसएल में बायोमेट्रिक हाजिरी का ददई दुबे ने किया विरोध

**बोकारो।** बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन (इंटक) के कार्यालय में कार्यकारिणी की सम्पन्न बैठक में मुख्य रूप से एनजेसीएस के नेताओं की घोर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में चर्चा हुई कि एक तरफ 2014 के एमओयू में एनजेसीएस के नेता बायोमेट्रिक हाजिरी के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करते हैं वहीं दूसरी ओर यहां मजदूरों के बीच विधवा विलाप कर सेलकर्मियों को दिग्भ्रमित करने का काम भी करते हैं। महामंत्री चंद्रशेखर उर्फ ददई दूबे ने कहा कि बायोमेट्रिक हाजिरी लागू करने के पहले सेल के कर्मचारियों की लंबित मांगों की पूर्ति करना चाहिए। इसके लिए उन्हें जहां तक जाना होगा पीछे नहीं हटेंगे। पहले मजदूरों की लंबित मांगों पर फैसला होना चाहिए। इसके बाद बायोमेट्रिक पर फैसला हो। इस तरह का एकतरफा फैसला मजदूर-विरोधी है। जब तक इस्पात मजदूरों का वेज रिवीजन 39 महीने का एरिया सहित सम्मानजनक वेतन समझौता नहीं हो जाता तब तक बायोमेट्रिक अटेंडेंस किसी भी हालत में मंजूर नहीं होगा। बैठक में अध्यक्ष कमल दुबे डॉ इंद्रदेव पासवान दीनानाथ पाण्डेय गोपाल ठाकुर जगदीश पाण्डेय शिवनाथ महतो आरके मिश्रा रघुनाथ महतो संजय कुमार ठाकुर संतोष कुमार राय संतोष कुमार सिंह मेराज उद्दीन अंसारी सरफराज चिश्ती वीरेन्द्र कुमार कुमार शानू. शराफत अंसारी अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।

## बोकारो स्टील के ईडी ने महिलाओं की भागीदारी के बिना विकास को अकल्पनीय बताया



**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट के एचआरडी में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संयंत्र की महिला कर्मियों ने भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएल के ईडी संकार्य बीके तिवारी महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष अनीता तिवारी ईडी सीआर महापात्रा एस रंगानी व राजन प्रसाद एसआरयू पीके रथ सीएमओ एवं प्रभारी डॉ बीबी करुणामय सीजीएम एवं अन्य वरीय अधिकारी महिला समिति की उपाध्यक्ष एवं सदस्य तथा बोकारो स्टील की महिला कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बीएसएल की महिला कर्मियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की प्रगति एवं भागीदारी के बिना विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। मौके पर बीएसएल की कुल 30 महिला कर्मियों को उनके उल्लेखनीय योगदान तथा दीर्घकालिक सेवा में किये गए उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत महिला प्रशिक्षुओं महिला समिति की टीम बीजीएच की महिला चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य महिला कर्मियों द्वारा समूह नृत्य की प्रस्तुति इत्यादि ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन जन सम्पर्क विभाग के रवि सिन्हा ने किया तथा अंत में जीएम नीता बा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## साइलेंट सोल्जर का मिला खिताब ब्लड मैन सलूजा को

**बोकारो।** विश्व रिकॉर्ड धारक ब्लड मैन हरबंस सिंह सलूजा द्वारा झारखंड समेत पूरे देश में रक्तदान के क्षेत्र में किये जा रहे सेवा कार्यों को देखते हुए इन्हें सोनवर्षा राज सहरसा बिहार में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। चेंज फार श्योर सोनवर्षा राज संस्था द्वारा दिनांक 10 मार्च 2024 को आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में श्री सलूजा को *साइलेंट सोल्जर अवार्ड से नावाजा जाएगा। चेंज फॉर श्योर के संस्थापक ने कहा कि हम साइलेंट सोल्जर अवार्ड के लिये आपके नाम की घोषणा करते हैं चेंज फॉर श्योर आपको समाज की बेहतरी के लिये काम करने वाले सिपाही के तौर पर दिनांक 10 मार्च 2024 को होने वाले विशाल रक्तकदान शिविर और साइलेंट सोल्जर अवार्ड के लिये नामित कर गौरवान्वित महसुस कर रहा है।

## मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन से डीसी ने पार्टियों को कराया अवगत

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में मतदान केंद्र के भवन परिवर्तन को लेकर आज शनिवार को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने समाहरणालय के सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। बैठक में राजनीतिक दलों को बताया गया कि धनबाद विधानसभा क्षेत्र में बंद एवं जर्जर अवस्था के कारण मतदान केंद्र संख्या 345 समुदायिक भवन गोधर को महाप्रबंधक कार्यालय, कुसुंडा एरिया 6, 347 बंगला प्राथमिक विद्यालय बसेरिया पूर्वी भाग को उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसेरिया नंबर 2 कमरा नंबर 1, 348 बंगला प्राथमिक विद्यालय बसेरिया पश्चिमी भाग को उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसेरिया नंबर 2 कमरा नंबर 2, 389 मध्य विद्यालय कुस्तौर नीचे भवन (पश्चिम भाग) को मध्य विद्यालय कुस्तौर ऊपर भवन (पूर्वी भाग) में स्थानांतरित किया गया है। साथ ही मतदान केंद्र संख्या 172 को पर्यटन भवन कार्यालय धनबाद थाना के सामने से जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह 39 निरसा विधानसभा क्षेत्र के 21, 40 धनबाद विधानसभा क्षेत्र के 17, 42 टुंडी विधानसभा क्षेत्र के 36 तथा 43 बाघमारा विधानसभा के 12 पूर्ववत भवन के नाम में किए गए परिवर्तन से सभी को अवगत कराया गया।

स्पीड न्यूज

## भाजमो झारखंड प्रदेश का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन कल, रविवार, 10 मार्च को सिदगोड़ा बिरसा मुंडा टाउनहॉल परिसर में होने जा रहा है। मोर्चा के जमशेदपुर महानगर जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने बताया कि सम्मेलन का प्रथम सत्र सुबह 11.15 से 12.15 तक चलेगा।

## गम्हरिया पहुंचीं सांसद गीता कोड़ा, स्वागत



**गम्हरिया।** छोटा गम्हरिया दुर्गा पूजा मैदान पहुंचीं सांसद गीता कोड़ा को स्थानीय मिथिलावासियों ने सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति पूंजीडूंगरी के सचिव अनिल झा के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपा गया। जिससे मिथिलावासियों ने टाटानगर रेलवे स्टेशन से बिहार के दरभंगा होते हुए जयनगर तक एक ट्रेन प्रारम्भ कराने की मांग की। मौके पर प्रमोद झा, नवल चौधरी, रुद्र कांत मिश्रा, प्रवीण चौधरी, पंडित बद्री नारायण झा, सच्चिदानंद मिश्र, विवेक झा, विनोद झा मौजूद थे।

## रामकृष्णा फोर्जिंग में सुरक्षा सप्ताह संपन्न



**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिले के बालीगुमा स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड, प्लांट-5 में 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह धूमधाम से मना। मौके पर मुख्य अतिथि जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो उपस्थित थे। उन्होंने सुरक्षा के प्रति लोगों से जागरूक रहने की अपील की और शुन्य दुर्घटना के लक्ष्य को हमेशा प्राप्त करने का सुझाव दिया।

## सुधा डेयरी में कई महिलाएं सम्मानित



**गम्हरिया।** जमशेदपुर सुधा डेयरी परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन नारी सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि चांडिल सीडीपीओ आमा सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल रांची की शिक्षिका सुनिता सिंह, आदित्यपुर उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वन्दना ठाकुर एवं पटना उच्च न्यायालय की अधिवक्ता विनिता सिंह उपस्थित थी। मुख्य अतिथि ने जमशेदपुर डेयरी में कार्यरत महिला कर्मियों से कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही है। उन्होंने बेटी- बचाओं बेटी पढ़ाओ, विधवा विवाह, विधवा पेंशन आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में करीब 90 महिलाओं ने भाग लिया।

## डॉ प्रदीप वर्मा को उम्मीदवार बनाना सही निर्णय : डॉ जटाशंकर

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर डॉक्टर प्रदीप वर्मा को राज्यसभा के लिए उम्मीदवार बनाए जाने पर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व तथा प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह तथा संगठन महामंत्री बल संतोष को बहुत-बहुत बधाई दी। साथ ही साथ झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह तथा झारखंड प्रदेश भाजपा के प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई के प्रति भी विशेष आभार व्यक्त किया। श्री पांडे ने कहा कि डॉक्टर प्रदीप वर्मा को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाने से कार्यकर्ताओं का सम्मान हुआ है। भाजपा में ही एक सदस्य भी बहुत ही अच्छा कर सकता है।

# को-ऑपरेटिव और एलबीएसएम कॉलेज पोलिंग पार्टी के लिए बनेगा डिस्पैच सेंटर

- डीसी की अध्यक्षता में हुई लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक
- एसएसपी, डीडीसी समेत अन्य सभी कोषांगों के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी रहे मौजूद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गयी। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त श्री मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीसी रोहित सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार समेत दोनों अनुमंडल के एसडीओ, सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी बैठक में मौजूद रहे।

बैठक में क्रिटिकल बूथों को चिन्हित किये जाने, क्लस्टर से क्रिटिकल बूथों की दूरी, व्यय संवेदनशील पॉकेट, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का जांच रिपोर्ट समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का वायलेशन एवं शैडो एरिया से संबंधित भी जानकारी ली गयी।

**दो स्थानों पर होगा डिस्पैच सेंटर, एक ही सेंटर में होगी रिसिविंग :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदान केंद्रों में पानी, बिजली, पहुंच पथ, फर्नीचर, रैंप, शौचालय जैसे प्राथमिक सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। सभी बूथों के रूट मैपिंग, पोलिंग पार्टी के ठहरने की व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, दिव्यांग, बुजुर्ग आदि वोटर्स के लिए सुविधा से संबंधित अद्यतन तैयारियों की भी समीक्षा की गयी। इस दौरान बैठक में लॉ एंड ऑर्डर से संबंधित तैयारियों के विषय में भी चर्चा की गयी, एसएमएफ को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारियों के जांच रिपोर्ट के अलावा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने अपने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहां की प्राथमिक सुविधाओं की जांच करने का निर्देश दिया गया।



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी अनन्य मित्तल। साथ में एसएसपी किशोर कौशल व अन्य पदाधिकारी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कम से कम क्लस्टर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कारकों को देखते हुए ही क्लस्टर का निर्माण किया जाए। क्लस्टर तभी बनाए जाएंगे जब मतदान केंद्रों में रुकने की सुविधा संभव न हो या उक्त क्षेत्र सुरक्षा के दृष्टिकोण से अनुकूल स्थिति में नहीं हो। क्लस्टर सिर्फ वैसे स्थानों पर बनेगा जिसके आगे पोलिंग पार्टी या वाहन नहीं जा सकेंगे। रूट प्लान में आवश्यकतानुसार छोटे और बड़े वाहनों से संबंधित विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी एवं जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र का डिस्पैच सेंटर कॉपरेटिव कॉलेज तथा पोटका, घाटशिला एवं बहरागोड़ा के पोलिंग पार्टी का डिस्पैच सेंटर एलबीएसएम कॉलेज करनडीह होगा। सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए कॉपरेटिव कॉलेज को रिसिविंग सेंटर बनाया गया है। मतदान के दिन क्रिटिकल बूथों पर लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। एसएसपी किशोर कौशल ने सभी संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी को क्रिटिकल बूथ रिपोर्ट की पुनः समीक्षा का निर्देश दिया। साथ ही इसकी भी समीक्षा का निर्देश दिया गया कि कहां-कहां क्लस्टर की जरूरत है। आकस्मिक स्थिति में उपयोग के लिए हेलिपैड हेतु स्थल चिन्हित कर क्लस्टर से टैग किया जाने, सभी बूथ एवं क्लस्टर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से टैग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी प्रकार से शराब, नगदी, उपहार, ड्रग्स आदि का उपयोग होता है तो कड़ी निगरानी रखें, सभी अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेकनाका पर भी विशेष निगरानी रखे जाने की आवश्यकता है।

# बोड़ाम : मेला देख लौट रहे युवकों की बाइक रेलिंग से टकरायी, 3 की मौत

- शुक्रवार की रात करीब सवा 10 बजे पुल के नीचे जा घुसी बाइक घटनास्थल पर ही दो की मौत

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पटमदा।** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत मुदीडीह पुल की रेलिंग में टकराकर एक तेज रफ्तार बाइक शुक्रवार की रात करीब सवा 10 बजे पुल के नीचे जा घुसी। इस दौरान घटनास्थल पर ही दो युवकों की मौत हो गई थी जबकि देर रात अस्पताल ले जाते वक्त तीसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। घटना की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि मुचीडीह डूंगरी स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर आयोजित मेला से एक ही बाइक पर तीन युवक मुदीडीह लौट रहे थे कि रास्ते में अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा घुसा।



बाइक मुदीडीह निवासी करीब 19 वर्षीय युवक समीर कोड़ा मुदी की थी। तीनों युवक पेशे से मजदूर थे। अन्य दो मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम जिले के नरसिंहगढ़ निवासी वासुदेव मुदी (18 वर्ष) एवं बांदोवान थाना क्षेत्र अंतर्गत सुपुडीह निवासी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक बंगाल निवासी दोनों युवकों का मुदीडीह में दीदी घर है और आपस में तीनों दोस्त थे। महाशिवरात्रि के मौके पर तीनों शिवलिंग पर जल चढ़ाने एवं मेला घूमने के लिए मुचीडीह पहुंचे थे। मृतक समीर दो भाइयों में छोटा था। उसके पिता और बड़े भाई दूसरे राज्य में मजदूरी करते हैं जबकि वह जमशेदपुर में मजदूरी करता था। घर पर उसकी मां अकेली ही रहती थी। जवान बेटे की मौत से मां सदमे में हैं।

बताते हैं कि रात को घटना के वक्त चुनीडीह निवासी एक किसान अपने खेतों में मोटर पंप से सिंचाई के बाद पाइप को समेट रहे थे। उसी दौरान यह घटना होने पर उन्होंने घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर गांव में जाकर लोगों को सूचना दी और ग्रामीणों ने तीनों की पहचान करने के पश्चात पुलिस को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शी किसान के अनुसार तीनों नशे की हालत में थे इसलिए तेज रफ्तार के कारण टर्निंग प्वाइंट पर चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया था।

## आजादनगर : इलेक्ट्रिशियन को गोली मारी

**जमशेदपुर।** यहां आजाद नगर थाना अंतर्गत मुर्दा मैदान में शनिवार की शाम अपराधियों ने निर्माण अधीन भवन में काम कर रहे मोहम्मद शाहिद पर फायरिंग कर दी। गोली शाहिद के सिर में लगी है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना को एग्जाम देने के बाद अपराधी बाइक से फरार हो गये हैं। घटना के बाद शाहिद के सहयोगियों ने उसे एमजीएम स्टार अस्पताल पहुंचाया जहां उसे टीएमएच रेफर कर दिया गया। बिल्डिंग में हसन को वायरिंग का काम मिला था। शाहिद बेसमेंट पर एमसीवी गिराने गया था तभी किसी ने उसे गोली मार दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पति की आज्ञा के बिना कोई ऐसा काम नहीं करें जिससे घर में कभी क्लेश हो: सर्वज्ञानंद महाराज

- साकची रामलीला मैदान में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा साकची स्थित श्री रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शनिवार की सुबह कलश यात्रा के साथ श्री गणेश हुआ। विधिविधान से पूजन अर्चना कर कलश यात्रा स्वर्णरेखा नदी हाथी घोड़ा मंदिर से बैंड-बाजे के निकली, जो साकची के विभिन्न मार्ग से होते हुए कथा स्थल पहुँचकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में 121 महिलाओं समेत अन्य श्रद्धालु भी शामिल थे। भागवत की पूजा अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गयी।



कथा के प्रथम दिन शनिवार को व्यास पीठ से गोकुलधाम मथुरा से पधारे कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज ने कपिल भगवान चरित्र, कपिल गीता एवं ध्रुव चरित्र का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भागवत कथा जब और जिसे भी मिलती है, किसी कारण से नहीं अपितु प्रभु करुणा के फलस्वरूप ही मिलती है।

## आज से सोनारी में 5वां छत्तीसगढ़ी महासम्मेलन

- सांसद विद्युत वरण महतो कार्यक्रम में होंगे शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी युवा मंच द्वारा रविवार 10 मार्च को सोनारी स्थित क्रिश्चियन मैदान एयरपोर्ट के सामने 5 वां छत्तीसगढ़ी महा सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी संगठन के अध्यक्ष प्यारे लाल साहू ने सोनारी स्थित संगठन कार्यालय में एक प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ से कलाकारों के 40 सदस्यीय टीम शहर पहुंच चुकी है। जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायिका ओमेश्वरी साहू, लक्ष्मी नांदरे, बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दिन 12 बजे से होगी। अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ी समाज के विकास व आगे बढ़ाना है। इसके अलावे समाज के लोगों को उनके अधिकार दिलाना है। उपाध्यक्ष चेतन साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ी समाज को पूर्व के बिहार राज्य से वर्तमान के झारखंड राज्य में रहते 100 वर्ष पूरे हो चुके हैं, इसलिए संगठन ने कार्यक्रम किया। उन्होंने शहर में रहने वाले समाज के सभी लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा।



विवरणिका प्रदर्शित करते मंच के पदाधिकारीगण।

## आदिवासियों का बाहा बोंगा 15 से

- पुरुष साल के फूलों को कानों पर और महिलाएं अपनी जुड़ों पर लगाकर मनायेंगी बाहा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** संथाल आदिवासियों के लिए फाल्गुन महिना खास हैं। इस महिने बाहा बोंगा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। शहर से सटे आदिवासी बहुल इलाकों में इस बार बाहा महोत्सव की शुरुआत फाल्गुन माह के पांचवें दिन यानि 15 मार्च से शुरू होगी और पूर्णिमा तक चलेगी। पहले दिन उम नाड़का से इस महोत्सव की शुरूआत होती है, दुसरे दिन बाहा बोंगा और तीसरे दिन बाहा सेंदरा के रूप में मनाया जाता है। अलग अलग इलाकों व गांव के लोग अपनी सुविधानुसार बाहा बोंगा की तिथि घोषित करते हैं।



बाहा पर्व के अवसर पर एक आदिवासी युवती।

सारजमदा निदिरटोला के नायके बाबा यानि पुजारी पलटन हेम्ब्रम ने कहा कि इस पर्व में महिला एवं पुरुष पारंपरिक परिधान में जाहेरथान आकर माथा टेकते हैं और मारांग बुरु जाहेर आयो का आशीर्वाद लेते हैं। फिर प्रसाद के रूप में खिचड़ी (सोड़े) का ग्रहण किया जाता है। पुरुष साल के फूलों को कानों पर लगाते हैं और महिलाएं इस फूल को अपनी जुड़ों पर सजाती हैं। बाहा सेंदरा के साथ साथ एक दूसरे पर सादे पानी डालकर होली खेली जाती है । रंगों की होली आदिवासी समाज में पूर्णतः वर्जित है। सारजमदा के राजेश मार्डी ने बताया कि विश्व में संथाल समुदाय के बोंगाओं में सबसे पवित्र बाहा बोंगा को माना जाता है। यह बोंगा महोत्सव भारत के अलावा नेपाल, बांग्लादेश व म्यांमार, भूटान तथा अमेरिका में भी बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

## जमशेदपुर-आदित्यपुर में सीएनजी प्रति किग्रा 2.50 रुपये हुआ सस्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गेल (इंडिया) लिमिटेड और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी गेल गैस लिमिटेड ने भारत में कई प्रमुख स्थानों पर संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) की कीमतों में पर्याप्त कटौती की घोषणा की है, जहां वे संचालित होते हैं। कीमत में कटौती का उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए सीएनजी को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है, जिससे स्वच्छ ईंधन विकल्पों को व्यापक रूप से अपनाने और टिकाऊ परिवहन प्रथाओं को बढ़ावा दिया जा सके। गेल और गेल गैस सीएनजी आउटलेट्स पर सीएनजी की कीमत में 2 रुपये की कमी की गई है। 2.50 प्रति किग्रा। वाराणसी, पटना, रांची, जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम), भुवनेश्वर (कोर्धा) और कटक में सीएनजी की कीमतें संशोधित होकर क्रमशः 81.17 रुपये, 84.54 रुपये, 87.15 रुपये, 87.08 रुपये, 87.26 रुपये और 87.60 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं। गेल गैस अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में सीएनजी की कीमतें हैं: मेरठ - 79 रुपये, सोनीपत - 80.4 रुपये, देवास और फिरोजाबाद - वृन्दावन - भरतपुर - 89.50 रुपये, बेंगलुरु - 81.50 रुपये, देहरादून और रायसेन - सीहोर - शाजापुर - 88.50 रुपये होगा।

# महिला संसद में छात्राओं ने जोरदार ढंग से उठाया महिला आरक्षण का मुद्दा, 40 वोट से बिल पारित

- नेचर संस्था एवं मिशन ब्लू फाऊंडेशन ने पहली बार किया महिला संसद सत्र का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में आयोजित दो दिवसीय महिला संसद सत्र का शुभारंभ आज तुलसी भवन में सुबह 10:00 बजे हुआ। सदन का उद्घाटन जमशेदपुर पूर्वी के विधायक श्रीमान सरयू राय जी, श्रीमान कुणाल सारंगी , सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सम्राट कृष्णा, वरिष्ठ पत्रकार व संपादक संजय मिश्रा, तुलसी भवन के सचिव प्रसेनजीत तिवारी, बागबेड़ा किताडीह की जिला पार्षद एवं नेचर संस्था की संरक्षक डॉक्टर कविता परमार, घाटशिला जिला पार्षद कर्ण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।



सत्र का उद्घाटन करते विधायक सरयू राय। साथ में डा कविता परमार, मंजू सिंह, प्रसेनजीत तिवारी व अन्य।

डॉ कविता परमार ने बताया कि सदन में आज महिला आरक्षण बिल का प्रारूप पेश किया गया जिस पर कई विशिष्ट अतिथियों संजय मिश्रा, राकेश्वर पांडेय, अजय सिंह, मंजू सिंह ने बतौर अध्यक्ष सदन को संचालन करते हुए परिचर्चा कराई। मुख्यमंत्री के रूप में चयनित श्रीमती नेहा सिंह ने बिल प्रस्तुत करने के लिए श्रीमती अन्नपूर्णा कुमारी, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री को नामित किया। बिल पर हुई चर्चा कई चरणों में हुई एवं पुनः अंतिम चरण में विधायक सरयू राय ने बिल को ध्वनि मत से पारित कराया। सदन में मतदान के लिए प्रेरित करने संबंधी भी एक विशेष सत्र रखा गया जिसमें चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए विशेष वीडियो मैसेज एवं संगीत को सदन के अंदर चलाया गया।

एक नजर में

## मानव संसाधन विभाग के अपर सचिव सुनील वर्णवाल ने एनआइटी का किया दौरा



**जमशेदपुर।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय में शिक्षा के अपर सचिव सुनील कुमार बर्नवाल एवम डीसी (सराइकेला) रवि शंकर शुक्ल ने 9 मार्च 2024 को एनआइटी जमशेदपुर का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान, श्री बरनवाल ने संस्थान की आधारभूत सुविधाओ की समीक्षा की और संस्थान के निदेशक डॉ गौतम सूत्रधार, रजिस्ट्रार डॉ (कर्नल) निशीथ कुमार राय (रि.), सभी डीन, विभागाध्यक्ष और छात्रों के साथ बातचीत की। मौके पर, सुनील बर्नवाल ने संस्थान के कर्मचारियों और स्टाफ को संबोधित किया और संस्थान की वर्तमान आधारभूत सुविधाओं की सराहना की।

## प्रगति में महिलाओं का योगदान सराहनीय : काले



**जमशेदपुर।** नमन कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर 'मातृशक्ति को नमन' कार्यक्रम बहुत ही भव्य एवं गरिमामय तरीके से आयोजित किया गया जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से कई संस्थाओं की सैकड़ों महिलाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित रही। इसका मुख्य उद्देश्य बेहतर समाज की प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभा रही समस्त मातृशक्ति को उनके अद्भुत आत्म बल, दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्प को नमन करने की जो जिंदगी के हर विपरीत से विपरीत परिस्थिति में भी निडर और निर्भीक रह हर चुनौतियों का सामना कर बेहतर समाज के प्रगति में अपनी अहम भूमिका अदा करती है। मौके पर नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा आपका अद्भुत आत्म बल, दृढ़ इच्छा शक्ति और संकल्प को मैं हृदय की अनंत गहराइयों से नमन करता हूं। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह, बिमला प्रधान, जिला परिषद सदस्य देवयानी मूर्मू, जिला पार्षद कुसुम पुर्ती, क्रिडा भारती के राजीव कुमार, भागवत आचार्य कथावाचिका लता सिन्हा, महिला पतंजलि महामंत्री करूधरा सिंह, कायस्थ समाज महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू सिन्हा, भाजपा नेत्री राजपति देवी, वात्सल्य परिवार प्रमुख प्रीति श्रीवास्तव, भाजपा नेत्री ममता कपूर, समाजसेविका ब्यूटी तिवारी आदि उपस्थित रहीं।

## हरहरगुटटू में 60 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था रामचंद्र दुबे स्मृति सेवा संस्थान ने प्रेम कुंज हरहरगुट्टू में रक्तदान शिविर मनाया। इस दौरान अतिथियों ने रामचंद्र दुबे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर कुल 60 लोगों ने रक्तदान दिये। मौके पर सांसद विद्युत वरण महतो, पोटका विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व कमिश्नर विजय सिंह, पूर्वी सिंहभूम जिप उपाध्यक्ष पंकज सिंहा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह, पूर्व जिप सदस्य किशोर यादव, वरीय भाजपा नेता हरेंद्र सिंह को सॉल एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि इस रक्तदान से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। इसलिए रक्तदान बहुत जरूरी है। मौके पर पोटका विधायक संजीव सरदार, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, पूर्व कमिश्नर विजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य किशोर यादव, वरीय भाजपा नेता हरेंद्र सिंह ने जनहित से संबंधित कार्यक्रम में अपना भरपूर सहयोग की घोषणा की।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 12,681 मामले सुलझे



**जमशेदपुर।** व्यवहार न्यायालय जमशेदपुर की लोक अदालत हॉल में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने शनिवार को नेशनल लोक अदालत लगायी, जिसमें कुल 12681 पेंडिंग केसों का निष्पादन हुआ। वहीं इसमें 44 करोड़, 59 लाख 53 हजार, सात सौ अठारह रुपये की राजस्व प्राप्ति भी हुई। इसके पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन वहां मौजूद अतिथियों द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा, विशिष्ट अतिथियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अमितेश लाल, स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल, जिला बार संघ एडहॉक कमेटी के मेम्बर सह वरीय अधिवक्ता जय प्रकाश जी तथा डालसा के सचिव नितीश निलेश सांगा व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। प्रधान जिला जज अनिल मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय मे लोक अदालत का बहुत बड़ा महत्व है। लोक अदालत के माध्यम से आप पैसा और समय दोनों बचा सकते हैं । साथ ही यहां मामले का त्वरित समाधान भी होता है। मौके पर स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा कि लोक अदालत में समझौता से मामले निष्पादित किये जाते हैं। अधिक मामले का समाधान के लिए कुल 14 बेंचों का गठन किया गया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नीतीश निलेश सांगा ने बताया कि सुलह योग्य सभी प्रकृति के मामलों का नेशनल लोक अदालत में निपटारा किया गया।

## टाटा-बक्सर ट्रेन शुरू होने से भोजपुरिया बेयार गदगद



**जमशेदपुर।** टाटा से बक्सर तक सीधी ट्रेन चालू कराने में सांसद विद्युत वरण महतो के सराहनीय व सार्थक पहल किये जाने की खुशी में भोजपुरिया बेयार ने सांसद विद्युत वरण महतो का स्वागत किया। भोजपुरिया बेयार के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश कुमार के नेतृत्व में सांसद विद्युतवरण महतो को फूलों का माला एवं केसरिया अंग वस्त्र भेंटकर इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। उधर सांसद से ट्रेन के परिचलन पर जहां खुशी जाहिर की गयी।

## स्पीड न्यूज

### थाना प्रभारी से मिला प्रतिनिधिमंडल



**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना क्षेत्र में नव नियुक्त थाना प्रभारी सुजीत कुमार से टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के जिप सदस्य प्रत्यासी रहे उप विजेता लालमोहन कुमार महतो समाज सेवी सुनील कुमार साव,सचिन कुमार,मुकेश कुमार यादव, गौतम ठाकुर, एस .पांडेय ने सामूहिक रूप से नवनियुक्त थाना प्रभारी से शनिवार को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर औपचारिक मुलाकात किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि मैं पुलिस प्रशासन और आम जनता के बीच अच्छा संबंध बनाने का प्रयास करूंगा। थाना प्रभारी ने जिप सदस्य प्रत्याशी रहे उप विजेता को कहा कि क्षेत्र वासियो को प्रशासनिक सहायता नियमानुसार जब भी पड़े जरूरत पड़े तो वे बिना संदेह मुलाकात करे। उनकी समस्याओं को समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

### मंडपा में ग्राम सभा का आयोजन



**टाटीझरिया ।** धर्मपुर पंचायत के मंडपा में स्थानीय मुखिया कांति देवी के अध्यक्षता में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के मनरेगा ,पेंशन,पशुधन योजना,आम बागवानी ,शौचालय, पनसोखा,कूप मरम्मती, गढ़वाल निर्माण सहित विभिन्न कार्यों को सुचारू ढंग से लाभुको के बीच मुहैय्या कराने को लेकर बुधवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद ने किया। रोजगार सेवक ने ग्रामीणों से कहा कि यह योजना कार्य राज्य सरकार के निर्देश और टाटीझरिया प्रखंड कार्यालय के बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज के आदेशानुसार ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है । जो योग्य लाभार्थी है वे ग्राम सभा में स्वेक्षा पूर्वक योजनाओ को अंकित करवाए ताकि समयानुसार योजना कार्य को सफल बनाया जा सके। ग्राम सभा में वार्ड सदस्य लोकनाथ गोप ,हेवंती देवी,जल सहिया कंचन देवी ,प्रेमलता देवी सुनीता देवी,पार्वती देवी, बबलू कुमार,डीलों प्रजापति,महावीर प्रजापति, सुमित्रा देवी,सचिन कुमार कई लोग मौजूद थे।

### पवन पब्लिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता



**विष्णुगढ़।** नवादा स्थित पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल मे वर्ग प्रथम से वर्ग चतुर्थ तक के विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। छोटे-छोटे बच्चों ने चित्रकला के प्रति रुझान एवं लगन काबिले तारीफ रही। विद्यालय के शिक्षकों का यह प्रयास छोटे-छोटे बच्चों में उनकी प्रतिभा को धरातल पर लाने का एक प्रयास किया है चित्रकला का विषय सामाजिक घटनाएं, स्वच्छ भारत अभियान और मानव पाचन तंत्र जैसे अनेक ज्वलंत मुद्दों पर केंद्रित था। बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र को देखकर ऐसा लग रहा था कि वह मूल भाषा में भाव को स्पष्ट कर रहे हैं। इस कार्य को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक निशांत कुमार,प्रकाश कुमार,मधु कुमारी,ममता कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### प्लस टू शिक्षक बने मनोज कुमार



**बड़कागांव।** नापो खुर्द ग्राम निवासी भुवनेश्वर राम व बसंती देवी के पुत्र मनोज कुमार राम के प्लस टू उच्च विद्यालय शिक्षक परीक्षा में सफलता हासिल करने पर परिवार एवं जनप्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर की। मनोज की जॉयनिंग लोहरदगा जिले में हुई है । इस दौरान लोगों ने मनोज को मिठाई खिलाकर बधाई दी। जिसमेंमुखिया गणेश साव, पंसस गणेश साहू ,सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, उपमुखिया प्रतिनिधि हीरालाल साव, समाजसेवी गणेश प्रसाद गुप्ता, दिनेश प्रसाद,रामचरण राम ,मोहन राम, संजय राम सहित अन्य शामिल है।

### चरही में मना महिला दिवस



**चरही।** चुरचू प्रखंड के ग्राम तसनालों में प्लान इंडिया महिला समूह व प्रशासनिक विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीडीसी प्रेरणा दीक्षित थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में चुरचू बीडीओ ललित राम, चिकित्सा प्रभारी अशोक राम,मुखिया संघ के अध्यक्ष देवकी महतो, पूर्व प्रमुख चौलेश्वर महतो,चुरचू थाना प्रभारी समेत सीडीपीओ रेखा रानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। समूह की महिलाओं और बच्चियों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर महिलाओं के विकास के बढ़ते कदम का संदेश दिए। प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने अपने संबोधन में कहा कि महिला अब अबला नहीं,बल्कि पुरुषों से हमेशा आगे रही है। मंचासीन अन्य अतिथियों ने भी अपनी अपनी विचार रखे। मौके पर डीएसडब्लूओ, चूरचू पूनम बेसरा, वीरेंद्र कुमार राणा, अलका कुमारी,काफी संख्या में बच्चे,बच्चियां, महिला पुरुष उपस्थित थे। समूह की महिलाओं को जो रोजगार दिया गया, उसको स्टॉल के माध्यम से निरीक्षण किया गया। कई बच्चियों को साइकिल का भी वितरण किया गया।

# मनीष जायसवाल ने किया 30 गांवों का तुफानी दौरा, कहा
# तीसरी बार बनायें मोदी सरकार





खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बीजेपी लोकसभा प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को कटकमसांडी, कटकमदाग और पदमा प्रखंड क्षेत्र के 16 पंचायतों के करीब 30 गांवों का दौरा किया। साथ हीं बीजेपी और अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग और कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में करीब 14 करोड़ की विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। इसके बाद कटकमदाग प्रखंड के 6 पंचायतों के एक दर्जन गांवों का सघन दौरा किया। करीब 82 लाख की विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। प्रखंड क्षेत्र के कुंडीलबागी, ढेंगुरा, दामोडीह, रेवाली, मसरातु, पसई, बानादाग, कटकमदाग, सुल्ताना और पकरार में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाके में करीब 13 करोड़ की विकास योजनाओं का सौगात दिया। उसके बाद बरही विधानसभा क्षेत्र स्थित पदमा प्रखंड के ग्राम कुटीपिसी और नावाडीह में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से समर्थन मांगा।

इस दौरान उन्होने लोगों से कहा कि हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में आपका बेटा/भाई बनकर करीब 10 वर्षों तक सेवा में कोई कमी नहीं की। हजारीबाग लोकसभा चुनाव में कमल खिलाएं और तीसरी बार मोदी सरकार बनाकर मुझे भी संसद में आपकी आवाज उठाने का मौका दें। मौके पर सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### जायसवाल को ऐतिहासिक मतों से जिताएंः जयंत सिन्हा

हजारीबाग। मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में ताबड़तोड़ दौर शुरू कर दिया है। 8 मार्च को भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने जन्मदिन कार्यकर्ताओं के साथ मनाने और लोकसभा क्षेत्र के सभी 34 मंडलों के कार्यकर्ताओं के बीच भाजपा झंडा वितरण करने के पश्चात रात को डेमोटांड़ स्थित ऋषभ वाटिका पंहुचकर हजारीबाग के वर्तमान भाजपा सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा ने भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को टिकट मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री सिन्हा ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हुई कि भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल हमसे मिलने आए हैं। हजारीबाग क्षेत्र की जनता एक बार फिर बड़े मार्जिन से कमल खिलाएं और मनीष जायसवाल को ऐतिहासिक मतों से जिताएं। मनीष जायसवाल ने सांसद जयंत सिन्हा का आभार जताया और चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की ।

# विधायक जेपी पटेल ने किया कई योजनाओं का शिलान्यास



**विष्णुगढ़।** भाजपा प्रदेश सचेतक सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने प्रखण्ड मुख्यालय में बतौर मुख्यातिथि शामिल होकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए लाभुकों के बीच आंगनबाड़ी किट,अबुआ आवास तथा वृद्ध महिला-पुरष के बीच 25 पेंशन का वितरण किया। कल्याण विभाग के द्वारा मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ के कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं के बीच 127 साइकिलो का वितरण भी इनके द्वाराकर कमलों द्वारा किया गया। तथा विष्णुगढ़ के दो स्थानों जिसमे टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय में डीएमएफटी मद 92,00,000 रुपये की लागत से छात्रावास की मरम्मती के कार्य का शिलान्यास तथा भेलवारा के ग्राम बिसुईया में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में किचेन सह स्टोर के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। मौके पर श्री पटेल ने कहा कि आम चुनाव होने जा रहे है और आचारसंहिता जल्द लगने वाली है। विकास के कार्य मे बाधा ना हो इस वजह से निरन्तर शिलान्यास के कार्य किये जा रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार,कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल,शीतल ,उषा किरण, कंडीर,मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,महादेव मंडल,गुरु प्रसाद साव,संतोष कुमार महतो,राजेश सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।

### डेढ़ एकड़ में लगे पोस्ते की खेती नष्ट

**बड़कागांव।** प्रखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर अति सुदूर ग्रामीण क्षेत्र पंदनवाटांड़ में सहायक वन संरक्षक ए के परमार के नेतृत्व में बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, डाडी कला थाना प्रभारी पिंटू कुमार व सशस्त्र पुलिस बल, हजारीबाग व बड़कागांव बनकर्मियों के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर लगभग डेढ़ एकड़ वन भूमि में लगे पोस्ता की खेती को नष्ट करने का कार्य किया गया। शनिवार को 40 डिसमिल यानी 10 कट्ठा में लगी पोस्ट की खेती को नष्ट कर दिया गया। वही एक दिन पूर्व हीं पोस्ता की खेती करने वालों ने लगभग एक एकड़ की पोस्ते की खेती को स्वयं नष्ट कर दिया था। मामले को लेकर श्री परमार ने बताया के पोस्ते की खेती करने वालों आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है।अफीम की अवैध खेती करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### मालगाड़ी के चपेट में आने से महिला की मौत

**कटकमसांडी।** मालगाड़ी के चपेट में आने से उलांज गांव के एक महिला की मौत हो गई। मृतिका की पहचान उलांज गांव निवासी खेमलाल यादव की पत्नी खोवा देवी (उम्र 60 वर्ष) के रूप मे की गई। घटना गांव के समीप रेलवे ओवर ब्रिज पर हुई। वह ब्रिज के ऊपर चढ़ी अपनी बकरी को लेने गई थी। इसी बीच अचानक मोड़ से ट्रेन आ गई। पटरी पर अचानक आए ट्रेन को देख जबतक कुछ समझ पाती। वह ट्रेन के चपेट में आ गई। घटना के खबर सुनकर गांव के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच शव को गांव लाया। महिला के असामयिक मौत पर गांव में शोक की लहर है।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवादददाता



**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों के नाम में परिवर्तन तथा मतदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन को लेकर हुए कार्यों एवं वर्तमान में किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के साथ मतदान केंद्रों के नाम को परिवर्तित तथा मतदान केंद्रों के भवन को परिवर्तित करने संबंधित मामलों में चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए। साथ ही बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चुनाव के स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आयोजन तथा इस दौरान आदर्श आचार संहिता के विभिन्न प्रावधानों आदि की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी।

### सेवटा में फंदे से झूलते महिला की शव बरामद



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के सेवटा में फंदे से झूलती महिला का शव शनिवार को कुजू पुलिस ने बरामद किया है। शव का पहचान गांव के ही सीमा गुप्ता (36 वर्ष ) पति विशाल कुमार गुप्ता के रूप में की गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। सूचना पाकर कुजू पुलिस घटनास्थल पहुंची तो मृतका एस्बेस्टस सीट के पाइप में लगे सीलिंग फैन के सहारे फंदे से झूल हुई थी। मायके वाले ससुराल वालों के पर प्रताड़ित करने और हत्या करने के आरोप लगा रहे थे। मायके वाले बताते हैं कि सीमा की यह दूसरी विवाह थी, जो वर्ष 2021 में विशाल के साथ हुआ था। जिनसे एक दस महीने का पुत्री भी है। लेकिन शादी के बाद से लड़ाई हो रहा था। भाई बबन गुप्ता द्वारा हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए ओपी में आवेदन दिया गया है।

# शिव मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकली शिव बारात

▸▸ भूत-प्रेत का वेशभूषा धारण कर भक्त शामिल हुए बारात में

खबर मन्त्र संवादददाता




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर शुक्रवार को भुरकुंडा हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में विशेष पूजा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर लोगो ने सुबह से शिवालय में पूजा-अर्चना किया। पूजा-अर्चना के दौरान लोगो ने भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती से अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के दौरान मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं के बीच खीर प्रसाद का वितरण किया। तत्पश्चात रात्रि में गाजे-बाजे और भगवा झंडे के साथ धुमधाम से भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात में श्रद्धालु भगवान शिव, नंदी, भूत प्रेत, राक्षस सहित अन्य का वेशभूषा धारण किये हुये थे। बारात हॉस्पीटल कॉलोनी शिव मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकलकर भुरकुंडा बाजार, सौंदा डी सहित विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए पुनः वापस मंदिर परिसर पहुंचा। इस दौरान श्रद्धालु शिव भक्त नाचते-झुमते नजर आयें। बारात में हर हर महादेव, जय भोलेनाथ सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। वहीं बारात में निकाली गई भगवान शिव की झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा। शिव बारात में बरका-सयाल जीएम अजय कुमार सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, पूर्व प्रखंड उपप्रमुख रामाशंकर पांडेय उर्फ नूनू पांडेय, डॅ. एचके सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, मुखिया अजय पासवान, दीपक भुईयां, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, रेणुका देवी, डॉ केसी दास, सरोजकांत झा, संजय मिश्रा, अनामिका श्रीवास्तव, अंजू ठाकुर, प्राचार्य विजयंत कुमार, विश्वरंजन सिन्हा, शंभू दुबे, काला बाबू, संजय वर्मा सहित दर्जनो लोग शामिल थे। पूजा समिति के लोगों ने बताया कि शनिवार की संध्या भक्ति जागरण का आयोजन होगा। वहीं रविवार को भव्य भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव मंदिर समिति के अध्यक्ष नित्यानंद पाठक, सचिव विक्रम कुमार, अभिषेक सोनी, विजय कुमार, रविन्द्र कुमार, अजित कुमार, रवि कुमार सिंह, शिवा कुमार, विशाल कुमार, दिलीप सिंह, संदीप कुमार, दानिश कुमार, आकाश कुमार, भरत करमाली , सूरज मेहरा सहित अन्य लोग जुटे हैं।

## एक नजर में

### कुजू में प्रदूषण को ले ग्रामीणों का धरना जारी



**कुजू।** एसकेबी प्लांट, मुरपा से बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ प्लांट के मुख्य द्वार पर शनिवार सुबह सात बजे से मुरपा के ग्रामीणों ने दिया धरना। धरना की सूचना पाकर प्रबंधन 11 बजे धरना पर बैठे ग्रामीणों से वार्ता करने पहुँचे। सकारात्मक वार्ता नहीं होने के कारण विफल रहा और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक प्रबंधन हम लोगों को बढ़ते प्रदूषण से मुक्ति नहीं दिलाएगा, तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। जरूरत पड़ने पर भूख हड़ताल पर बैठने को भी विवश होंगे। जिसकी जिम्मेवारी प्लांट प्रबंधन की होगी। धरना प्रदर्शन के कारण फैक्ट्री के दर्जनों से अधिक कर्मी सुबह से ही बाहर खड़े। धरना में पूर्व जिला पार्षद नरेश महतो, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, मो गुलजार, उप मुखिया कुमारी नीलम, पंसस रेखा देवी, तेजनाथ महतो, बादल महतो, फिरंगी महतो समेत दर्जनों की संख्या धरना प्रदर्शन में ग्रामीण शामिल है।

### कुरसे में रेलवे अंडरब्रिज को लेकर बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कुरसे गांव में रेलवे अंडरब्रिज बनवाने की मांग को लेकर शनिवार को कुरसे में आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया रामदास बेदिया और संचालन पंसस कार्तिक मुंडा ने किया। बैठक में सभा के माध्यम से सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। मौके पर ग्रामीणों ने कुरसे गांव में अंडरब्रिज नहीं तो वोट नही के नारे भी लगाये। ग्रामीणों ने नराजगी जताते हुए कहा की पिछले 10 वर्षो से कुरसे सहित आसपास के दर्जनों गांव के सैकड़ों ग्रामीण अंडरब्रिज पास की मांग को लेकर हजारीबाग सांसद, बड़कागांव विधायक, रेलवे विभाग के डीआरएम, रेलवे मंत्री सहित सरकार को लिखित रूप से अपनी समस्या से अवगत कराया है। बावजूद इसके अब तक कुरसे डबल रेलवे लाइन में अंडरब्रिज का निर्माण नहीं हो पाया है। अंडरब्रिज का निर्माण नहीं होने के कारण कुरसे सहित आपपास के दर्जनों गांव के सैकड़ों ग्रामीण, स्कूली बच्चे, किसानों सहित आमजनो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुनः एक स्वर में ग्रामीणों ने कहा कि कुरसे में अंडरब्रिज नहीं बना तो सरकार के वादा खिलाफी के विरूद्ध हमसभी चुनाव में वोट का बहिष्कार करेंगे। बैठक में अजय तुरी, राजकपूर सिंह, हरिचरण करमाली, वीरेंद्र यादव, पंकज सिंह, सचिन साहू, राजकुमार साहू, परमवीर सिंह, राणा सिंह, दिनेश सिंह, विक्रम सिंह, दीपक प्रजापति, मीना देवी, यशोदा देवी, शांति देवी, प्रतिमा देवी, मनोहर करमाली, सबिता देवी, मंजू देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### पीड़िता ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार

**भदानीनगर (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के लादी गांव निवासी शांति देवी ने रामगढ़ एसपी को पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई है। सौंपे गये पत्र में कहा गया है कि पिछले 14 फरवरी की रात अपने पति बासुदेव राम और बाल-बच्चों के साथ घर में थी। रात्रि के करीब आठ बजे अभय कुमार और विकास कुमार दोनो पिता बालदेव राम मेरे घर आकर मेरे पति और मुझे घसीटते हुए मारपीट करने लगें। इस दौरान हमलोगो ने काफी शोर मचाया लेकिन आसपास से कोई भी व्यक्ति नहीं आया। मारपीट करते हुए दोनो ने हमलोगो को जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट की घटना के दुसरे दिन हमलोग भदानीनगर ओपी पहुंचकर मामला दर्ज कराया। लेकिन अभी तक पुलिस ने काई कारवाई नहीं किया है। जिससे हमारे परिवार के लोग काफी डरे और सहमे हुए हैं। हमारे परिवार को दोनो से काफी खतरा है। पत्र में पीड़िता ने एसपी से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने की मांग की है।

## पेज एक का शेष

### माफिया तत्वों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे : शाह

**सोनिया और लालू पिछड़ों का भला नहीं कर सकतेः** पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने कांग्रेस और राजद पर पिछड़ा-अतिपिछड़ा विरोधी होने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को प्रधानमंत्री और लालू प्रसाद यादव का अपने पुत्र को मुख्यमंत्री बनाना है। ऐसे में ये गरीबों का भला कैसे कर सकते हैं। जो अपने बेटे-बेटियों को पीएम और सीएम बनाना चाहते हैं वे गरीबों के बेटे-बेटियों का भला कर सकते हैं क्या। पिछड़ा-अति पिछड़ा, दलित और गरीब का कोई भला कर सकता है तो वह केवल और केवल पीएम मोदी और भाजपा है। अमित शाह ने कहा किपीएम मोदी ने पिछड़ों व अतिपिछड़ों के लिए काफी काम किये। अमित शाह ने कहा कि मंडल कमिशन की रिपोर्ट को इंदिरा गांधी ने दबा दिया। राजीव गांधी ने ओबीसी कमिशन का विरोध दिया। राजद आज उसी कांग्रेस के साथ है। पिछड़ा वर्ग को आरक्षण नरेंद्र मोदी और भाजपा की सरकार ने दिया। अमित शाह ने कहा कि पिछड़ा व अतिपिछड़ा का अपमान करने वाली कांग्रेस के साथ बैठी राजद व लालू यादव आपका भला नहीं कर सकती।

**मिशन बिहार पर अमित शाह :** गृह मंत्री अमित शाह मिशन बिहार को लेकर लगातार सक्रिय रहे हैं। पिछले डेढ़ साल के अंदर उन्होंने करीब 9 बार बिहार का दौरा किया है। सीमांचल, मिथिलांचल व चंपारण समेत अन्य क्षेत्रों में उन्होंने रैली को संबोधित किया है। वहीं बिहार में सियासी उलटफेर के बाद पहली बार अमित शाह शनिवार को बिहार आये।

### प्राथमिक स्कूलों में जनजातीय भाषा में पढ़ाई शीघ्र

**फ्लाईओवर के निर्माण की समीक्षाः** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने राजधानी रांची में बन रहे कांटाटोली फ्लाईओवर के कार्य प्रगति को लेकर शनिवार को जुडको के अधिकारियों तथा कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने जुडको अधिकारियों को से कहा कि इस फ्लाईओवर के निर्माण में पहले ही काफी विलंब हो चुका है। ऐसे में और विलंब नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए सभी जरूरी कदम उठायें। सीएम ने कहा कि अधिकारी कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट हर सप्ताह दें, ताकि उसकी समीक्षा विस्तृत समीक्षा हो सके। इसके चालू होने से ट्रैफिक जाम से निजात मिल सकेगी। वहीं सीएम को जुडको अधिकारियों ने बताया कि कांटाटोली फ्लाईओवर वर्ष अगस्त तक इसका निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। सीएम ने 6 मार्च को कांटाटोली और सिरमटोली फ्लावर के चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। बैठक में मुख्यमंत्री के सचिव सह प्रबंध निदेशक जुडको अरवा राजकमल के साथ जुडको के अधिकारी और निर्माण कार्य कर रही कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### देश के विकास में बाधा है टीएमसी, माकपा और कांग्रेस : मोदी

**गरीबों की जमीन हड़पी :**पीएम मोदी ने कहा, ये पहाड़ी क्षेत्र है। यहां पानी और लकड़ी का प्रबंध करने में हमारी बहनों को इतनी मुसीबत झेलनी पड़ती थीं, ये समस्याएं सबको दिखती थीं, लेकिन पहले विपक्ष ने आपकी नहीं सुनी और फिर तृणमूल ने भी आपको नजरअंदाज कर दिया। ये तो गरीबों की जमीन हड़पने में जुटे थे। पीएम ने कहा, सैंकड़ों सालों के इंतजार के बाद अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाया गया है. ऐसे अनेक मुद्दे थे जिनके हल की किसी ने कल्पना भी नहीं की थी लेकिन मोदी ने ऐसे हर मुद्दे को हल किया है।

## स्पीड न्यूज

### अरुणाचल के पूर्व सीएम नबाम तुकी ने कांग्रेस अध्यक्ष से दिया इस्तीफा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने आगामी आम चुनाव से पहले यहां की प्रदेश कांग्रेस (एपीसीसी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। एपीसीसी के एक नेता ने शनिवार को बताया कि हाल ही में पार्टी के तीन विधायकों के भाजपा में चले जाने के कुछ दिनों बाद श्री तुकी ने भी एआईसीसी को अपना इस्तीफा भेज दिया। एपीसीसी महासचिव ग्यामर ताना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे दिया है, कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

### काशी में मोदी का शंखध्वनि व पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत

**वाराणसी।** वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनाए जाने के बाद शनिवार शाम शहर में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का शाही अंदाज में विजेता नायक की तरह शंखध्वनि और पुष्पवर्षा के बीच भव्य स्वागत किया गया। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री का काफिला प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए निकला तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजाकर गगनभेदी मोदी-मोदी, नारेबाजी के बीच गुलाब की पंखुड़ियों की बौछार की।

### पाक के राष्ट्रपति बने जरदारी, जीता चुनाव



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार आसिफ अली जरदारी ने शनिवार को पाकिस्तान के राष्ट्रपति चुनाव में भारी बढ़त के साथ जीत हासिल की। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने शनिवार शाम इसकी घोषणा की। आयोग ने कहा कि श्री जरदारी ने संसद और चार प्रांतीय विधानसभाओं सहित सभी निर्वाचक मंडलों से 411 वोट लेकर चुनाव जीता।

### अब इंडोनेशिया में भी चलेगा रुपया

**नयी दिल्ली।** भारत से इंडोनेशिया घूमने जाने वाले पर्यटकों को अब पेमेंट करना आसान हो जाएगा। वहां अब करेंसी बदलने का झंझट नहीं रहेगा। भारतीय पर्यटक वहां रुपए में भी भुगतान कर सकेंगे। आरबीआई ने इंडोनेशिया के केंद्रीय बैंक के साथ गुरुवार को एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए है। इंडोशिया में एक भारतीय रुपये की कीमत 188.11 इंडोनेशियाई रुपया है, यानी अगर आपके पास भारतीय करेंसी के 100 रुपए हैं तो यह इंडोनेशियाई रुपिया के लगभग 18,811 के बराबर है।

### अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी बसपा : मायावती

**नयी दिल्ली ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने लोकसभा चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन करने की अटकलों को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि बसपा अपने दम पर अकेले चुनाव लड़ेगी। सुश्री मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा कि बसपा के संबंध में गठबंधन को लेकर गलतफहमी और गलत जानकारियां फैलाई जा रही है। उन्होंने आम जनता से इस संबंध में सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि पार्टी का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल है।

### एलएसी पर और 10 हजार सैनिक तैनात

**नयी दिल्ली।** भारत ने चीन के साथ अपनी विवादित सीमा को मजबूत करने के लिए 10 हजार अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया है। यह जवान वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन सीमा के 532 किमी. हिस्से की रक्षा करेंगे। सेना और रक्षा मंत्रालय ने सीमा पर 10 हजार सैनिकों की संख्या बढ़ाने के फैसले को लागू किया।



## काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्रधानमंत्री ने की हाथी की सवारी


**काजीरंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में करीब दो घंटे बिताए। इस दौरान उन्होंने प्रद्युम्न नामक हाथी की सवारी भी की। इस दौरान वे महावत राजू ग्वाला और वन विभाग के जिप्सी चालक इब्सा सिंग के साथ बातचीत कर उद्यान और जानवरों के बारे में रोचक जानकारियां ली। प्रधानमंत्री ने कैमरे से जानवरों के फोटो भी खींचे।**

# फिर संकट में सुक्खू सरकार

## हिमाचल प्रदेश के 11 विधायक पंचकूला से उत्तराखंड पहुंचे

एजेंसी

- **राास चुनाव में क्रॉसबोटिंग पर स्पीकर ने छह विधायकों की सदस्यता की थी रद्द**
- **भाजपा कर सकती है फ्लोर टेस्ट की मांग, मामला सुप्रीम कोर्ट में है**



**ऋषिकेश ।** हिमाचल में पिछले दिनों राज्यसभा चुनाव के दौरान 6 कांग्रेस सहित तीन निर्दलीय विधायकों का कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी मनु सिंघवी के विरुद्ध क्रॉस वोटिंग किए जाने के बाद विधानसभा स्पीकर का कांग्रेस के छह विधायकों की सदस्यता रद्द किए जाने के चलते सुक्खू सरकार पर छाये खतरे के बादल उनकी सरकार का पीछा नहीं छोड़ पा रहे हैं। शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस के इन छह और तीन निर्दलीय विधायकों सहित कुल 11 विधायकों को चंडीगढ़ प्लेन उत्तराखंड के देहरादून के जौलीगग्रांट एयरपोर्ट लाया गया, जहां लेकर एक बस ऋषिकेश बदरीनाथ मार्ग पर स्थित ताज होटल पहुंची। उनकी सुरक्षा को लेकर उत्तराखंड सरकार ने चाक चौबंद व्यवस्था कर रखी है। इसे लेकर उत्तराखंड से हिमाचल तक चर्चाओं का बाजार गर्म है। उल्लेखनीय की इससे पूर्व सभी बागी विधायकों को हिमाचल से चंडीगढ़ शिफ्ट किया गया था, जहां से अब इन विधायकों को उत्तराखंड की भाजपा सरकार के क्षेत्र में शिफ्ट कर दिया गया है। इन सभी विधयकों को पहले चंडीगढ़ से एक चार्टर्ड प्लेन के माध्यम से देहरादून के जौलीग्रांट हवाई अड्डे लाया गया था। इसके बाद उन्हें वहां से आज बस से ताज होटल पहुंचाया गया है। इनमें सुधीर शर्मा ,राजेंद्र राणा, इंद्रदत्त, लखनपाल, देवेंद्र कुमार भुट्ट ,रविंद्र ठाकुर और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। उनके साथ तीन निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, केएल ठाकुर, आशीष शर्मा और भाजपा के दो विधायक विक्रम ठाकुर और त्रिलोक जम्वाल भी बताए गए हैं। हिमाचल सरकार के स्पीकर ने छह विधायकों को क्रॉस वोटिंग के आरोप में अयोग्य घोषित कर सदस्यता रद्द किए जाने के बाद इन विधायकों ने सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे पर न्याय के लिए दस्तक दी है। उन्हें बहुत राहत की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि भाजपा हिमाचल में फ्लोर टेस्ट की मांग भी कर सकती है। इसके चलते इन विधायकों की सुरक्षा बढ़ाई गई है।

### लालू के करीबी सुभाष यादव के ठिकानों से मिले दो करोड़ नकद

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी एवं बिहार के बड़े बालू कारोबारी सुभाष यादव के 8 ठिकानों पर ईडी ने शनिवार को एक साथ छापेमारी की। दानापुर के नारियल घाट स्थित उसका घर के अलावा दानापुर में ही नासरीगंज, शाहपुर, यदुवंशी नगर, मनेर में हल्दी छपरा तथा पटना के गोल रोड, बोरिंग कैनाल रोड स्थित उनका कार्यालय समेत अन्य स्थान शामिल हैं। दानापुर में मौजूद उनके दो घरों से अब तक दो करोड़ रुपये कैश के अलावा पटना, रांची समेत अन्य स्थानों पर जमीन-जायदाद से संबंधित बड़ी संख्या में कागजात तथा अनेक माध्यमों में निवेश से जुड़े काफी संख्या में दस्तावेज बरामद किए जा चुके हैं। सुभाष और उनके करीबी रिश्तेदार अशोक यादव से अधिकारियों ने कई पहलुओं पर घंटों पूछताछ की। कंपनी ब्रॉडसॉन्स ने बिहार के विभिन्न बालू घाटों पर अवैध खनन और बिना चालान या गलत चालान पर 250 करोड़ से अधिक का राजस्व चोरी कर ली थी।

प्रधानमंत्री ने असम के जोरहाट में 17,500 करोड़ की योजनाओं का दिया सौगात, कहा

# विकसित भारत के लिए पूर्वोत्तर का विकास जरूरी

एजेंसी

**जोरहाट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के के लिए पूर्वोत्तर का विकास जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी पूरे पूर्वोत्तर को अपना परिवार मानते हैं। इसीलिए हम उन परियोजनाओं पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो वर्षों से लंबित पड़ी हैं। प्रधानमंत्री शनिवार को असम के जोरहाट में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से असम में विकास की गति और भी तेज होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास और विरासत डबल इंजन सरकार का मंत्र रहा है। उन्होंने कहा कि विरासत के संरक्षण

**विकास और विरासत डबल इंजन सरकार का मंत्र : मोदी**

के साथ ही असम की डबल इंजन सरकार यहां के विकास के लिए भी उतनी ही तेजी से काम कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और ऊर्जा के क्षेत्र में असम ने अभूतपूर्व तेज गति दिखाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में सरकार पूर्वोत्तर को नजरअंदाज करती थी। उन्होंने कहा कि उन परियोजनाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जो वर्षों से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी को गाली देने वाली कांग्रेस और उसके दोस्तों ने आजकल कहना शुरू किया है कि मोदी का परिवार नहीं है। उनकी गाली के जवाब में पूरा देश खड़ा हो गया है, पूरा देश कह रहा है - मैं हूं मोदी का परिवार। देश का ये प्यार मोदी को इसलिए मिलता है क्योंकि मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को सिर्फ अपना परिवार ही नहीं माना बल्कि उनकी दिनरात सेवा भी कर रहा है। काजीरंगा नेशनल पार्क की यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि काजीरंगा अपनी तरह का अनूठा नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व है। 70 प्रतिशत एक सींग वाले गैंडे काजीरंगा में हैं। उन्होंने दलदली हिरण, बाघ, हाथी और जंगली भैंसे जैसे वन्यजीवों के बारे में भी बात की। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के असंवेदनशील और अनियोजित संरक्षण के कारण काजीरंगा नेशनल पार्क में अवैध शिकार हुआ। 2013 में एक ही वर्ष में 27 गैंडों के शिकार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके चलते गैंडा लुप्तप्राय हो गया। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करने का आह्वान किया।

### टीएमसी को भतीजा और कांग्रेस को बेटा-बेटी की चिंता

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और तृणमूल पर हमला बोला। मोदी ने परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि तृणमूल वालों को भतीजे की चिंता है जबकि कांग्रेस वालों को अपने शाही परिवार के बेटे-बेटी को आगे बढ़ाना है। मोदी ने एक बार फिर संदेशखाली मामले पर ममता सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में गरीब, दलित और आदिवासी बहनों के साथ तृणमूल के नेताओं ने क्या-क्या किया है, इसकी चर्चा आज पूरे देश में हो रही है।

### मप्र में कांग्रेस को झटका सुरेश पचौरी समेत कई पूर्व विधायक भाजपा में शामिल



**भोपाल।** लोकसभा चुनाव से पहले मध्यप्रदेश में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी समेत कई पूर्व विधायक भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश कार्यालय में शनिवार सुबह आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, धार से पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी, इंदौर-1 के पूर्व विधायक संजय शुक्ला, देपालपुर के पूर्व विधायक विशाल पटेल, पिपरिया से पूर्व विधायक अर्जुन पलिया सहित अन्य कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हो गए। शिवराज सिंह चौहान एवं डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का परिवार बढ़ रहा है। कांग्रेस के सुरेश पचौरी जैसे नेता के अनुभवों का लाभ भाजपा को मिलेगा।


## आंध्र प्रदेश में भाजपा का टीडीपी और जेएसपी के साथ गठबंधन

**एनडीए का बढ़ा कुनबा**

**जेएसपी 24 विधानसभा और तीन लोकसभा सीटों पर लड़ सकती है चुनाव और भाजपा को पांच लोस और छह विस सीटें मिलेंगी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी, तेलुगु देशम पार्टी ( टीडीपी) और जन सेना पार्टी (जेएसपी) लोकसभा का आगामी चुनाव मिलकर लड़ेंगी। आंध्र प्रदेश में आगामी चुनाव के लिए तीनों दलों के बीच सीट-बंटवारे पर समझौता अंतिम दौर में है। शुक्रवार देर रात टीडीपी अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जेएसपी प्रमुख पवन कल्याण ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की और भाजपा के साथ गठबंधन पर निर्णायक बातचीत की। भाजपा की ओर से शनिवार को जारी बयान में कहा गया है कि जेपी नड्डा, चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एकसाथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी पिछले 10 सालों से देश के विकास और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। भाजपा और टीडीपी का रिश्ता बहुत पुराना है। 1996 में टीडीपी एनडीए में शामिल हो गई और अटल जी की सरकार के साथ सफलतापूर्वक काम किया। साल 2014 में टीडीपी और भाजपा ने एक साथ विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ा था। जेएसपी ने आंध्र में 2014 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में समर्थन दिया था। एक-दो दिन में सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक भाजपा सीट बंटवारे पर नायडू के प्रस्ताव पर सहमत हो गई है। नायडू ने सहयोगियों को राज्य विधानसभा की 30 सीटें और 8 लोकसभा सीटों की पेशकश की जिसमें जेएसपी 24 विधानसभा और 3 लोकसभा सीटों पर लड़ सकती है और भाजपा को 5 लोकसभा और 6 विधानसभा सीटें मिलेंगी। हालांकि भाजपा 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है।

## कार्तिक आर्यन ने शुरू की 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अपनी आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग शुरू की। आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। भूल भुलैया के तीसरे पार्ट भूल भुलैया 3 में भी कार्तिक आर्यन की मुख्य भूमिका है। आर्यन ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने घर में एक मंदिर के सामने प्रार्थना करते हुए फिल्म की शुभ शुरूआत के लिए आशीर्वाद मांगते हुए अपनी एक फोटो शेयर की। कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन भगवान के आगे हाथ जोड़कर खड़े हुए हैं। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है।

### विप चुनाव : भाजपा ने जारी की बिहार और उप्र के प्रत्याशियों सूची

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने शनिवार को उत्तर प्रदेश और बिहार में होने वाले विधान परिषद चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने बिहार एवं उत्तर प्रदेश में होने वाले विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों को स्वीकृति प्रदान की। शनिवार को पार्टी की ओर से जारी सूची में उत्तर प्रदेश से विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह, अशोक कटारिया, मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र सिंह, रामतीरथ सिंघल और संतोष सिंह शामिल है। बिहार में मंगल पांडे, अनामिका सिंह और डॉ. लाल मोहन गुप्ता को विधान परिषद का उम्मीदवार बनाया गया है। परिषद की खाली हो रही 11 सीटों में से 4 सीटें भाजपा के पास हैं।

## नागपुर में होगा संघ के सरकार्यवाह का चुनाव

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक इस वर्ष 15,16 व 17 मार्च को नागपुर के 'स्मृति भवन' परिसर रेशिमबाग में होगी। बैठक में इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह का चुनाव होगा। साथ ही आरएसएस के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों पर मुहर भी लगेगी। उल्लेखनीय है कि संघ के सरकार्यवाह का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है।

वर्तमान सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का एक कार्यकाल पूरा हो चुका है। उन्हें एक कार्यकाल और मिलने की पूरी उम्मीद है। सरकार्यवाह के निर्वाचन के बाद संघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा बैठक में की जायेगी। संघ सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधि सभा की बैठक में प्रान्त प्रचारकों व क्षेत्र प्रचारकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव भी होता है। इस बार लोकसभा चुनाव सन्निकट है ऐसे में प्रान्त व क्षेत्र स्तर पर बदलाव की संभावनाएं कम है। वहीं संघ के कुछ प्रचारकों को विविध संगठनों में भेजा जा सकता है।

**प्रतिनिधि सभा की बैठक 15,16 व 17 मार्च को होगी**

**वर्तमान सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले का कार्यकाल पूरा**



## तीनों सेनाएं स्वदेशी हथियारों से 12 को दिखाएंगी भारत शक्ति

एजेंसी

**मुख्य बातें**

- **पोखरण में करीब 50 मिनट तक भारत निर्मित हथियारों का लाइव होगा प्रदर्शन**
- **अर्जुन टैंक, धनुष होवित्जर, तेजस लड़ाकू विमान और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर मारक क्षमता का करेंगे प्रदर्शन**
- **प्रधानमंत्री मोदी, सीडीएस अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के भी शामिल होने की उम्मीद**

**नयी दिल्ली।** भारत की तीनों सेनाओं के स्वदेशी हथियारों की क्षमता का प्रदर्शन 12 मार्च को राजस्थान के पोखरण में भारत शक्ति के रूप में होगा। तीनों सेनाएं लगभग 50 मिनट तक युद्धाभ्यास करके भारत में निर्मित हथियारों का लाइव प्रदर्शन करेंगी।

इस अभ्यास के दौरान भारत में निर्मित हथियार प्रणालियां, अर्जुन टैंक, धनुष होवित्जर, तेजस लड़ाकू विमान और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। रक्षा क्षेत्र में भारत की ह्यआत्मनिर्भरताह्ल के इस प्रदर्शन को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के भी शामिल होने की उम्मीद है।

पोखरण में तीनों सेनाओं के इस संयुक्त युद्धाभ्यास के बारे में जानकारी देने के लिए आर्मी डिजाइन ब्यूरो (एडीबी) के एडीजी मेजर जनरल सीएस मान ने शनिवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कांफ्रेंस की। उन्होंने बताया कि तीनों सेनाओं ने स्वदेशीकरण से सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसके लिए कई परियोजनाओं पर लगातार काम किया जा रहा है। तीनों सेनाओं की क्षमता बढ़ाने के लिए परिचालन आवश्यकताओं के अनुसार उपकरण खरीदे गए हैं। सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों, गोला-बारूद, उपकरण और प्रणालियों का प्रदर्शन करने के लिए लाइव फायर और युद्धाभ्यास प्रदर्शन से जुड़े इस त्रि-सेवा अभ्यास को भारत शक्ति नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन में स्वदेशी उपकरणों का उपयोग करके आक्रामक अभियानों में तीनों सेनाओं के एकीकृत मल्टी डोमेन संचालन का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें खुफिया निगरानी और टोही ग्रिड की स्थापना, हवाई प्लेटफार्मों का संचालन, लंबी दूरी की गोलीबारी, मशीनीकृत बलों से युद्धाभ्यास और वाहनों में पैदल सेना की आवाजाही भी शामिल होगी।




**मार्कोस और गरुड़ कमांडो घुसपैठ का करेंगे ऑपरेशन**

नौसेना के मार्कोस और वायुसेना के गरुड़ कमांडो घुसपैठ का ऑपरेशन करेंगे, जबकि युद्ध के मैदान की निगरानी दूर से संचालित विमान और ड्रोन के जरिये की जाएगी। मेजर जनरल सीएस मान ने बताया कि इस अभ्यास के दौरान भारत में निर्मित पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, अर्जुन टैंक, धनुष होवित्जर, तेजस लड़ाकू विमान और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर के विभिन्न संस्करण मारक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

### डीएमके व एमएनएम के बीच हुआ समझौता

**नयी दिल्ली।** द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) और मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) के बीच शनिवार को गठबंधन पर चर्चा हुई। कमल हासन की पार्टी एमएनएम को द्रमुक एक राज्यसभा सीट देगी। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक को एमएनएम पार्टी तमिलनाडु और पुडुचेरी में लोकसभा चुनाव के दौरान सहयोग करेगी।

कमल हासन और एमके स्टालिन के बीच शनिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के बाद पत्रकारों से बातचीत में कमल हासन ने कहा कि वे लोक सभा चुनाव नहीं लड़ेगे। एमएनएम ने निर्णय लिया है कि वे द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन के लिए काम करेंगे। गठबंधन के बाद द्रमुक अबतक सीपीआइ और सीपीएम को दो-दो सीटें आवंटित कर चुकी है।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य
जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !